YouTube kanwhizztimes

@kanwhizztimes lucknow


@kanwhizztimes

www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-15 | अंक-232 | बुधवार, 23 सितम्बर 2026 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में देश का पहला एशियाई खेल पदक जीतने वाली सुचिका तरियाल की उपलब्धि उनके समर्पण और जुनून को दर्शाती है। यह भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। **नरेन्द्र मोदी**

जल सुरक्षा से जन सुरक्षा व राष्ट्र सुरक्षा सुनिश्चित होगी : राधाकृष्णन 11

अत्याचार प्रभावितों को समय पर न्याय और सहायता सुनिश्चित करें : धामी 12

संक्षेप

राज्यसभा : 10 सीटों पर 16 अक्टूबर को मतदान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में राज्यसभा की 10 सीटों के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित हो गया है। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार इन सीटों पर 16 अक्टूबर को मतदान होगा और उसी दिन शाम को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। आयोग के कार्यक्रम के मुताबिक 29 सितंबर को चुनाव की अधिसूचना जारी होगी और इसी के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अक्टूबर है। 7 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 9 अक्टूबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 16 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद शाम 5 बजे से मतगणना शुरू होगी। उत्तर प्रदेश की इन 10 सीटों पर मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 25 नवंबर 2026 को समाप्त हो रहा है।

आबकारी सिपाही और फार्मासिस्ट भर्ती की उत्तरकुंजी जारी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने मंगलवार को आबकारी सिपाही और फार्मासिस्ट आयुर्वेदिक भर्ती परीक्षा की अनंतिम उत्तरकुंजी जारी कर दी है। इसे आयोग की वेबसाइट द्धण्ध्यः//पध्यपपद.द्दधप.द्धद्ध पर 28 सितंबर तक देखा जा सकता है। आबकारी सिपाही के 722 और फार्मासिस्ट आयुर्वेदिक के 1002 पद हैं।

समूह 'ग' भर्ती परीक्षा में आधार से अभ्यर्थियों का होगा सत्यापन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने समूह 'ग' तक की भर्ती परीक्षाओं में धांधली रोकने के लिए और पुख्ता इंताज किए हैं। परीक्षा के दौरान धांधली रोकने और मुन्ना भाइयों को पकड़ने के लिए आधार सत्यापन की व्यवस्था अनिवार्य की है। अभी तक आधार सत्यापन की व्यवस्था नहीं थी। आयोग के सचिव हरिकेश चौरसिया ने इस संबंध में मंगलवार को दिशा-निर्देश जारी किया। आयोग के इस निर्देश के मुताबिक भर्ती परीक्षा व्यवस्था को अधिक शुचितापूर्ण व मजबूत करने के लिए भविष्य की परीक्षाओं में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का आधार सत्यापन किया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों से कहा गया है कि वे अपने बायोमैट्रिक डाटा (फिंगर प्रिंट एवं आइरिस) और आधार कार्ड को अपडेट करा लें, जिससे सत्यापन की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की विसंगति से बचा जा सके। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग समूह 'ग' वल्घ' के पदों पर भर्ती करता है। पारदर्शी व्यवस्था के लिए प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) में शामिल होने वालों को आवेदन के लिए पात्र माना जाता है। पीईटी में करीब 30 लाख से 32 लाख अभ्यर्थी शामिल होते हैं। आयोग हजारों पदों पर भर्तियां करता है। आयोग की परीक्षाओं में भी लाखों अभ्यर्थी शामिल होते हैं। इसलिए आयोग ने किसी भी तरह की धांधली से बचने के लिए आधार सत्यापन व्यवस्था लागू की है।

सस्ता होगा मोबाइल रिचार्ज

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने कम आय वाले दूरसंचार उपभोक्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ट्राई ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को कम वैधता वाले केवल वॉइस कॉल और एसएमएस प्लान पेश करने का निर्देश दिया है। इन प्लान में उचित टैरिफ कटौती भी करनी होगी। इस निर्णय से उन उपभोक्ताओं को अधिक किफायती और लचीले रिचार्ज विकल्प मिलेंगे, जिन्हें डेटा सेवाओं की आवश्यकता नहीं है।

ट्राई ने अपने दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (तेरहवां संशोधन) विनियम, 2026 में यह बात कही है। इस कदम से उपभोक्ताओं को अपनी आवश्यकताओं और वित्तीय क्षमता के अनुसार रिचार्ज करने के अधिक विकल्प मिलेंगे। नए ढांचे



- ट्राई का बड़ा फैसला: कंपनियों को बिना डेटा वाले प्लान का देना होगा विकल्प, ग्राहकों को मिल सकेगी किफायती सेवा

के तहत, सेवा प्रदाताओं को 30 दिन और उससे कम की वैधता अवधि वाले केवल वॉइस और एसएमएस एसटीवी (विशेष टैरिफ वाउचर) पेश करने होंगे। इसके साथ ही, वर्तमान में वॉइस, एसएमएस और डेटा के लिए दिए जा रहे एसटीवी की वैधता अवधि के अनुरूप टैरिफ में उचित कमी भी करनी होगी। ट्राई ● शेष पेज 11 पर

यूपी के नए एक्सप्रेसवे पर हाईस्पीड इंटरनेट सुविधाएं भी देगा यूपीडा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो


लखनऊ। प्रदेश में निर्माणाधीन सभी नौ एक्सप्रेसवे और लिंक एक्सप्रेसवे पर हाईस्पीड इंटरनेट कनेक्टिविटी मिलेगी। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज इंडस्ट्रियल डेवलेपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) यात्रियों तथा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित होने वाले औद्योगिक क्षेत्रों को हाईस्पीड इंटरनेट सुविधाएं मुहैया कराएगा। इसके लिए टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। इसमें गंगा, पूर्वांचल, बुंदेलखंड, आगरा-लखनऊ, यमुना एक्सप्रेसवे शामिल नहीं हैं।

इसके तहत एक्सप्रेसवे के किनारे ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क विकसित किया जाएगा। सरकारी एप्लीकेशन, इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (आईटीएस), औद्योगिक कनेक्टिविटी तथा

तैयारी

- यूपीडा ने पीपीपी मॉडल पर डिजिटल कम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए प्रस्ताव मांगे
- 09 एक्सप्रेसवे के साथ मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में भी यह सुविधाएं दी जाएंगी
- यात्रियों के लिए निर्बाध मोबाइल और हाईस्पीड डाटा कनेक्टिविटी को बेहतर करेगा

कॉमर्शियल टेलीकॉम जरूरतों के लिए पीपीपी मॉडल पर यह सुविधा विकसित की जानी है। प्रस्तावित डिजिटल संचार बुनियादी ढांचा एक्सप्रेसवे कॉरिडोर के यात्रियों के लिए निर्बाध मोबाइल और डाटा कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा, जिससे



टेलीकॉम सेवा प्रदाता अपने नेटवर्क कवरेज को मजबूत कर सकेगा। यह सुविधा प्रस्तावित एक्सप्रेसवे और इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग लॉजिस्टिक क्लस्टर्स को मुहैया कराई जाएगी।

इसका फायदा सिर्फ एक्सप्रेसवे से चलने वाले लोगों को ही नहीं, बल्कि औद्योगिक क्षेत्र तथा नेटवर्क के दायरे में आने वाले आसपास के क्षेत्रों को भी उपलब्ध होगा। प्रस्तावित सुविधाएं आईएमएलसी के अलावा रास्ते में पड़ने वाली वेसाइड एमिनिटीज, टोल मैनेजमेंट सिस्टम (टीएमएस), प्रशानिक भवन, एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सेंटर (आईटीएमस), निर्माणाधीन अन्य बिल्डिंग तथा यूपीडा के द्वारा विकसित किए जाने वाले अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर को उपलब्ध होंगी।

इसके तहत एक्सप्रेसवे के किनारे ऑप्टिकल फाइवर नेटवर्क, अंडरग्राउंड डक्ट नेटवर्क, पैसिव टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर, चैंबर तथा एक्सेस प्वाइंट और सहायक संसाधन विकसित किए जांएगे। चयनित संस्था डिजिटल कम्युनिकेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग, फाइनेंस, डेवलेपमेंट, सचालन तथा मेंटीनेंस के लिए जिम्मेदार होगी। डिजिटल नेटवर्क का पूरा काम निजी संस्था करेगी। यूपीडा प्रस्तावित 9 एक्सप्रेसवे तथा लिंक एक्सप्रेसवे के ● शेष पेज 11 पर

नियुक्ति पाने वालों से पैसे मांगने वाले को जेल में सड़ना पड़ेगा : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा कि अब कोई सैफई सिंडिकेट प्रतिभावान छात्रों के हितों पर डकैती डालने का दुस्साहस नहीं कर सकता। इसीलिए उत्तर प्रदेश पुलिस में अच्छा काम करने वाले अधिकारियों को आयोग और बोर्डों की दिशा-दशा सुधारने का दायित्व दिया गया है। पहले युवाओं को उनके अधिकार से वंचित कर दिया जाता था। लेकिन, अब नियुक्ति पाने वाले किसी भी अभ्यर्थी से पैसे की मांग करने वाले को जेल में सड़ना पड़ेगा। आज का कार्यक्रम केवल नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा से जुड़े चारों स्तंभ, सहायक अध्यापक, प्रवक्ता, प्रधानाध्यापक और प्रधानाचार्य को एक साथ जोड़ने वाला विशेष अवसर है। यहां 3,567 लोगों का चयन कर उनके हाथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने का महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है।

मुख्यमंत्री ने हाल में नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले एक नौजवान के इंटरव्यू का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उस युवक की आंखों में आंसू भरे थे और उसने बताया कि 2015-16 में भी उसने इस पद के लिए आवेदन किया था। उससे आठ लाख रुपये की मांग की गई थी। वह खेत बेचकर पैसा लेकर आया, लेकिन तब तक उससे अधिक पैसा देने वाला दूसरा व्यक्ति आ गया और वह नौकरी से वंचित रह गया। आज उसका सपना साकार हुआ है और जिस पद के लिए उसने आवेदन किया था, उसी पद पर उसे नियुक्ति मिल गई है। पूरी प्रक्रिया निरस्त की गई और उस युवा को



- अब कोई सैफई सिंडिकेट प्रतिभावान छात्रों के हितों पर डकैती डालने का दुस्साहस नहीं कर सकता: मुख्यमंत्री
- जिनके कारनामों से प्रदेश थर्राता था और दुनिया शक की निगाहों से देखती थी, वे आज उपदेश देते फिर रहे
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित 3567 अभ्यर्थियों को वितरित किए नियुक्ति पत्र

हम नियुक्ति पत्र देते जाएंगे, वे गिनते जाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज 3,567 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए जा रहे हैं और पिछले एक सप्ताह में वह 5,297 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर चुके हैं। पिछले नौ वर्ष में 9.5 लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। हमने सैफई सिंडिकेट से कहा है कि हम नियुक्ति पत्र देते जाएंगे, वे गिनते जाएं। सीएम ने तंज कसा कि यदि गिनती नहीं आती हो तो शिवपाल जी के सानिध्य में बैठ जाएं, बहुत अच्छी गिनती सीख जाएंगे।

नियुक्ति पत्र प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने कैशलेस चिकित्सा सुविधा सभी शिक्षकों को दी है। यह सुविधा शासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी दी गई है। बेसिक शिक्षा में रसोइयों, शिक्षामित्रों और अन्य संबंधित कर्मियों को भी इसका लाभ दिया गया है, जिससे वे निश्चिंत होकर कार्य कर सकें। किसी भी शिक्षक को ज्वाइनिंग में दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यदि किसी प्रबंधक की कोई जिज्ञासा है तो वह शासन के समक्ष उपलब्ध कराए, लेकिन नियुक्ति पत्र प्राप्त होने के बाद यदि किसी प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक, प्रवक्ता या शिक्षक से किसी ने लेनदेन की बात की तो उसे जेल में सड़ना पड़ेगा। हमें सख्त सख्त कार्रवाई पर मजबूर होना पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ साल में साढ़े नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी गई है। अगले छह महीने के अंदर एक लाख और युवाओं को सरकारी नौकरी देने जा रहे हैं। जब लोग परिणाम पूछते हैं तो मैं कहता हूं कि परिणाम यह है कि जो उत्तर प्रदेश नौ वर्ष पहले बीमारू राज्य कहा जाता था, आज भारत की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बना हुआ है। बॉटम फाइव से टॉप-थ्री में आया है। उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना करने और प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफलता मिली है। यही ● शेष पेज 11 पर

अनंत नाग को दादा साहब फाल्के पुरस्कार

एजेंसी

नई दिल्ली। दिग्गज अभिनेता अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान और उनकी उत्कृष्ट सिनेमाई यात्रा के लिए दादा साहब फाल्के पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। गुजरात के केवड़िया स्थित एकता नगर (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के समक्ष) में मंगलवार को आयोजित 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।

अनंत नाग को यह पुरस्कार उनकी पांच दशकों से अधिक लंबी शानदार सिनेमाई यात्रा के लिए प्रदान किया गया, जिसने कलाकारों की पीढ़ियों को प्रेरित किया है। अभिनेता अनंत नाग ने 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में दादा साहेब फाल्के पुरस्कार को उन कलाकारों और तकनीशियन को समर्पित किया, जिसके साथ उन्होंने काम किया। इस अवसर पर



- पांच दशक के अभिनय सफर पर फाल्के सम्मान की मुहर

उन्होंने अभिनय के अपने शुरुआती सफर से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि वह इस भव्य समारोह की गरिमा को महसूस करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में ऐसे बहुत कम समारोहों में हिस्सा लिया है और यहां उपस्थित होकर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। अनंत नाग ने अपने बचपन को याद करते हुए बताया कि उनके जीवन के शुरुआती 12 वर्ष एक आश्रम और मठ के माहौल में बीते। इसके बाद उन्हें मुंबई भेजा गया, जहां उन्हें अभिनय का अवसर मिला। उन्होंने बताया कि उन्हें 'चैतन्य महाप्रभु' नामक नाटक में अभिनय करने का मौका मिला। इसी नाटक से उनके अभिनय जीवन की शुरुआत हुई। उन्होंने कहा कि उस समय इसे वह अपना करियर नहीं मानते थे क्योंकि किसी को यह अंदाजा नहीं था कि भविष्य में क्या होने वाला है। धीरे-धीरे अभिनय के प्रति उनका जुड़ाव बढ़ता गया और यही उनके लंबे एवं उल्लेखनीय फिल्मी सफर की शुरुआत बनी। अनंत नाग का जन्म 4 सितंबर 1948 को कर्नाटक में हुआ था और उन्होंने 70 के दशक की शुरुआत में अभिनय की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत कन्नड़ फीचर फिल्म ● शेष पेज 11 पर

दूसरी छमाही में धीमी पड़ सकती है आर्थिक वृद्धि: डीबीएस

नई दिल्ली, एजेंसी। सख्त वित्तीय स्थितियों, ऊर्ज़ा की ऊंची कीमतों और प्रतिकूल आधार प्रभाव के कारण चालू वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि की रफ्तार कुछ धीमी पड़ सकती है। डीबीएस बैंक की अर्थशास्त्री राधिका राव ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि महंगाई के बढ़ते दबाव के चलते मौद्रिक नीति का मुख्य ध्यान मूल्य स्थिरता पर बना रह सकता है। डीबीएस बैंक की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक राव ने वृहद आर्थिक परिदृश्य के अपने आकलन में कहा कि मजबूत घरेलू मांग, उपभोग, सार्वजनिक पूंजीगत व्यय और विनिर्माण के दम पर पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ी, जिससे भारत ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत मजबूत स्थिति में की। उन्होंने आगे कहा कि ● शेष पेज 11 पर

18 और आईपीएस अधिकारियों का तबादला

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। पुलिस विभाग में तबादलों का सिलसिला जारी है। 35 आईपीएस अधिकारियों के कार्यक्षेत्र बदले जाने के बाद मंगलवार को 18 और आईपीएस अधिकारियों का तबादला किया गया है। इनमें 12 नवपदोन्नत आईपीएस अधिकारी भी शामिल हैं, जिन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

शासन ने डीजीपी मुख्यालय से संबद्ध एसपी डॉ.सतीश कुमार को सेनानायक पहली वाहिनी एसएसएफ लखनऊ तथा संजीव सुमन को एसपी यूपीएसआईएसएफ लखनऊ के पद पर तैनाती दी है। इसके अलावा समीर सौरभ एसपी सीआईडी से सेनानायक 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, आशुतोष द्विवेदी एसपी एपीटीसी सीतापुर से एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना अयोध्या, आनन्द कुमार (द्वितीय) एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना बरेली से एसपी सीआईडी लखनऊ तथा संजय राय एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना अयोध्या से एसपी ईओडब्ल्यू लखनऊ बनाए गए हैं। वहीं बीते दिनों पदोन्नति पाकर आईपीएस अधिकारी बने शशि शेखर सिंह एएसपी एटीएस से सेनानायक 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर, वंशराज सिंह यादव एएसपी सीआईडी मुख्यालय से सेनानायक 3वीं वाहिनी ● शेष पेज 11 पर

देश से मादक पदार्थों के कारोबार को उखाड़ फेंकने का लक्ष्य : शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि भारत ने 31 दिसंबर 2029 तक देश से मादक पदार्थों के कारोबार को सामूहिक प्रयासों से उखाड़ फेंकने का लक्ष्य तय किया है और इसके लिए सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई करनी होगी।

शाह ने यहां मादक पदार्थ निरोधक कार्यबल (एएनटीएफ) के प्रमुखों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में केवल जब्ती पर ध्यान देने के बजाय पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में लक्ष्य, समयसीमा और जवाबदेही स्पष्ट होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार से निपटने के लिए 'बैठक से मिशन', 'रिपोर्टिंग से परिणाम', 'जब्ती से नेटवर्क के खात्मे' और 'मामले



से दोषसिद्धि' की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने एएनटीएफ को 'एंटी-नार्को मिशन कमांड' के रूप में विकसित करने पर भी जोर दिया। शाह ने कहा कि जिले को मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की मूल इकाई बनाया जाना चाहिए। इसके तहत जिलों को मादक पदार्थों के उत्पादन एवं प्रवेश वाले क्षेत्रों, परिवहन गलियारों और उपभोग वाले क्षेत्रों के तीन समूहों में बांटकर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मादक पदार्थों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए वित्तीय और डिजिटल जांच को भी प्राथमिकता देने की बात कही। गृह मंत्री ने कहा कि विदेश से मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले फरार आरोपितों को पकड़कर भारतीय अदालतों के समक्ष लाया जाएगा तथा विदेशी आरोपितों को निर्वासित करने और उन्हें काली सूची में डालने की दिशा में भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। 'नशामुक्त मित्र' अभियान के तहत देश के 10 लाख स्कूलों, कॉलेजों और अन्य संस्थानों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। अब तक 46,780 'नशामुक्त मित्र' पंजीकृत किए जा चुके हैं। शाह ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार की बदलती चुनौतियों में सिंथेटिक ड्रग्स, रासायनिक अग्रदूतों का दुरुपयोग, डार्कनेट, क्रिप्टो करेंसी, नए संचार माध्यम और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क शामिल हैं। इनसे निपटने के लिए जांच और प्रवर्तन ● शेष पेज 11 पर

लखीमपुर हिंसा मामला : अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को दिए निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने जज की आचरण रिपोर्ट मांगी

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से 2021 के चर्चित लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की सुनवाई कर रहे जज के आचरण पर रिपोर्ट मांगी है। जज पर आरोप है कि उन्होंने कई एनडीपीएस और एससी-एसटी से जुड़े मामलों को अपने पास स्थानांतरित किया और आरोपियों को बरी कर दिया।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायाधीश जॉयमाल्या बागची और न्यायाधीश वी. मोहना की पीठ ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से कहा कि वह आरोपों पर गौर करने और जरूरी सुधारात्मक कार्रवाई करने के बाद अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में पेश करें। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के एक प्रत्यक्षदर्शी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि उनके मुवक्किल के बीमारी के कारण अदालत में पेश नहीं हो पाने के बाद न्यायिक अधिकारी

- जज पर कई एनडीपीएस और एससी-एसटी से जुड़े मामलों को अपने पास स्थानांतरित किया और आरोपियों को बरी कर दिया
- सुनवाई के दौरान ही सरकारी अभियोजन को बदला



ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया। उन्होंने कोर्ट में कहा कि मामले की सुनवाई कर रहे जज ने एनडीपीएस और एससी-एसटी से जुड़े मामलों को अपने पास स्थानांतरित कराया और आरोपियों को जमानत दे दी या उन्हें बरी कर दिया। कानून के तहत वह इन मामलों को अपने पास स्थानांतरित नहीं कर सकते।

प्रशांत भूषण ने दावा किया कि मामले की सुनवाई के बीच में ही सरकारी अभियोजक को भी बदल दिया गया और नए अभियोजक के पास महज चार महीने का अनुभव है। इस पर पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार से कहा कि वह ऐसे वरिष्ठतम सरकारी अभियोजक की तलाश करे, जिसे मामले में सत्र अदालत में मुकदमे की कार्यवाही का पर्याप्त अनुभव हो और दो सप्ताह के भीतर कोर्ट को इसकी जानकारी दे। मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद निर्धारित की है।

धार्मिक वजह से वंदेमातरम न गाना अपराध नहीं

नई दिल्ली। वंदे मातरम गीत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा, 'धार्मिक कारणों से राष्ट्रगीत न गाने वाले व्यक्ति को आपराधिक कार्रवाई का सामना नहीं करना चाहिए।' कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने यह देखने पर सहमति दी कि वंदे मातरम न गाने को दंडनीय अपराध बनाया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने यह तय करने से इनकार किया कि राष्ट्रगीत केवल दो अंतरों तक सीमित रहेगा या छह अंतरों तक होगा। कानून में वंदे मातरम के गायन को रोकने या गायन में जानबूझकर बाधा डालने को दंडनीय बनाया गया है। यह सुनवाई गायक टीएम कृष्णा की याचिका पर हुई। न्यूज एजेंस के मुताबिक, याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अंतिम चार पैरा हिंदू देवताओं के प्रति भक्ति का आह्वान करते हैं। इन पैराग्राफ को गाना अनिवार्य बनाना देश के धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन है।

समस्याओं के निस्तारण में शिथिलता बरतने पर कठोर कार्रवाई होगी : केशव प्रसाद मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सात कालिदास मार्ग स्थित सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' में सुनीं सैकड़ों फरियादियों की समस्याएं
- गंभीर रोगियों को उपचार के लिए त्वरित आर्थिक मदद और जन-सुविधाओं के आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई के आदेश



लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को अपने सरकारी आवास सात कालिदास मार्ग लखनऊ पर जनता दर्शन कार्यक्रम आयोजित कर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। एसजीपीजीआई, लखनऊ में उपचार करा रहे मुकुन्द पाण्डेय तथा जौनपुर के हृदय रोग से पीड़ित विकास तिवारी के उपचार के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। उपमुख्यमंत्री ने ऐसे प्रकरणों में नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए जरूरतमंदों को यथासंभव शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने के अधिकारीयों को निर्देश दिए।

संतकबीर नगर निवासी धर्मेन्द्र कुमार गौड़ द्वारा बारात घर निर्माण कराये जाने, प्रतापगढ़ निवासी इन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा ग्रामीण मार्ग का निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित कलावली, गुड्डी एवं सरिता कुमारी, लखीमपुर खीरी के प्रकरण तथा पीलीभीत निवासी रिंकी एवं शकुन्तला देवी और बाराबंकी निवासी शीला देवी द्वारा आवास एवं शौचालय से संबंधित अनुरोध प्रस्तुत किए गए। चौधरी चरण सिंह इंटर कॉलेज, प्रतापगढ़ के अध्यक्ष महाबली सिंह ने कॉलेज परिसर में हाईमास्ट लाइट लगाए जाने का अनुरोध किया गया।

श्री मौर्य ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर केवल औपचारिकता तक सीमित न रहते हुए तत्काल अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी कौशाम्बी, लखनऊ एवं अमरोहा, पुलिस अधीक्षक उन्नाव, मंडलायुक्त झांसी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से बात कर प्रकरणों में नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जनहित में संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही करने के लिखित एवं मौखिक निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की सेवा, उनकी समस्याओं का समाधान और जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर सहायता उपलब्ध कराना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। जनता दर्शन के माध्यम से शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा है तथा प्राप्त प्रत्येक शिकायत और अनुरोध का नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

नानक नगर क्षेत्र में घंटों रही बिजली गुल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार का दिन नानक नगर और उसके आस पास के क्षेत्र के लिए काफी परेशान करने वाला रहा ये परेशानी किसी की व्यक्तिगत नही थी बल्कि बिजली विभाग ने मंगल को अमंगल साबित कर दिया।दोपहर तकरीबन 12 बजे से बिजली की जो आवाजाही शुरु हुई वो रात 9 बजे तक जारी रही एक मिनट के लिए बिजली का आना और घंटो के लिए गायब रहना उस दिन की खासियत रही नीबू बाग़ पावर हाऊस से जब पता किया गया तो पहले कहा गया कि मेंटेनेन्स के लिए सप्लाई बंद की गई है जो एक घंटे बाद चलू होगी एक घंटे बाद जैसे ही पँखा घूमा वैसे ही फिर बिजली ने अपनी आँखे बंद कर दी आलम ये रहा कि लोगों के इन्वर्टर तक जवाब दे गये अब आप इसी से अंदाजा लगा लीजिये कि बिजली कितनी देर के लिए गई होगी।उसके बाद उपकेंद्र पर फोन करने पर पता चलता है कि फाल्ट कहाँ है इसका पता विभागीय लाइनमेन नही लगा पा रहा इसकारण लाइट नही आ पा रही फिर घड़ी मे 7 बजते ही लाईट आई और ठीक 7 बजकर 15 मिनट पर चली गई यानी दोपहर 12 बजे से गई बिजली सिर्फ 15 मिनट के लिए आई और जानकारी ये मिली की सप्लाई मे फिर कहीं बीच मे फाल्ट हो गया है लड़का भेजा है अब बताइये ऐसे लड़को के भरोसे बिजली सौपना कहाँ तक उचित है जिन्हे फाल्ट का पता ही नही लग पाता जिसका खामियाज़ा स्कूली बच्चों और घर मे रह रहे लोगों को उठाना पड़ा।

प्रतिमा विसर्जन करने गए तीन युवक सई नदी में डूबे

- एनडीआरएफ टीम देर रात तक तीनों युवकों का कर रही तलाश

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के जबरेला पुल सई नदी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन करने गए तीन युवक नदी में डूब गए सूचना पर पहुंची पुलिस नें गोता खोरो की मदद से तीनो शवो को ढूढ़ने का प्रयास किया न मिलने पर एन डी आर एफ टीम को बुलया गस्या शव न मिलने पर परिवार जनों में कोहराम मच गया। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के जबरेला पुल के पास सई नदी में गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन साय 5 बजे करने गए थे जिसमे सिसेंडी निवासी हरि प्रसाद उम्र 40 वर्ष,धीरज उम्र 35 वर्ष व प्रमोद उम्र 22 वर्ष गांव के सैकड़ो लोगों के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए लखनऊ उन्नाव बॉर्डर पर स्थित जबरेला स्थिति सई नदी मे प्रतिमा विसर्जन के दौरान असंतुलित होने से तीनो सई नदी मे डूबनें लगे ही देखते मौके पर अफंरा तफरी मच गई और इसकी सूचना पुलिस को दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोता खोरो की मदद से शव की तलाश शुरू की शव न मिलने पर पुलिस ने एन डी आर एफ की टीम को सूचना दी सूचना पर पहुंची एनडीआरएफ टीम नें तीनों युवकों की तलाश शुरू कर दी है खबर लिखे जाने तक शव बरामद नहीं हुए थे मौके पर एसीपी राजेश कुमार सिंह सिसेंडी चौकी प्रभारी अनूप सिंह प्रभारी राम बाबू सिंह मौजूद रहे घ परिजनों के अनुसार हरिप्रसाद पेंटर का कार्य करते थे घर में पत्नी श्यामावती दो बच्चे निहाल 13 वर्ष वह बेटी निहारिका है वही धीरज भी पेंटर का कार्य करता था जिसके घर में उसकी गर्भवती पत्नी अनीता है वही प्रमोद फर्नीचर का कार्य करते थे और अविवाहित था घर में भाई विनोद मनोज और विनय है।

जनता की समस्याओं का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता : ब्रजेश पाठक


कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि ल्लजनसेवा ही मेरा संकल्प है और प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को अपने आवास पर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों से आत्मीय भेंट की। इस दौरान उन्होंने नागरिकों की समस्याओं, अपेक्षाओं एवं जनहित से जुड़े विभिन्न विषयों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की। श्री पाठक ने नागरिकों द्वारा प्रस्तुत शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का शीघ्र, प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

यूपी में अपराधियों पर और कसेगा शिकंजा, 'स्पेशल 32' संभालेंगे क्राइम सीन मैनेजमेंट

600 की ट्रेनिंग से चुने गए 'स्पेशल अफसर'

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ अब और सख्ती की तैयारी है। अपराध के बाद घटनास्थल पर छूटे साक्ष्यों को सुरक्षित रखने और वैज्ञानिक तरीके से जांच को आगे बढ़ाने के लिए पुलिस के 'स्पेशल 32 अफसर' तैयार किए जा रहे हैं। छह बैच में 100-100 अफसरों को 40 दिन का प्रशिक्षण दिए जाने के बाद चयनित इन 32 अधिकारियों को अब फॉरेंसिक साइंस और क्राइम सीन मैनेजमेंट में मास्टर ट्रेनिंग दी जा रही है। आगे इनकी विशेषज्ञता का इस्तेमाल सभी 75 जिलों में पुलिस की क्राइम सीन मैनेजमेंट क्षमता को मजबूत करने में किया जाएगा।

अब वैज्ञानिक तरीके से घटनास्थल को सुरक्षित कर छोटे से छोटे साक्ष्य की पहचान के जरिए जांच को मजबूत आधार मिलेगा। इसके साथ ही अपराधियों के खिलाफ तेजी से सख्त कार्रवाई की जा सकेगी। इसी सोच के साथ उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट आफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) लखनऊ में 32 अधिकारियों को मास्टर ट्रेनिंग के जरिए विशेष रूप से तैयार कर रहा है। प्रशिक्षण में कृत्रिम घटनास्थल तैयार कर अधिकारियों की व्यावहारिक दक्षता भी परखी जाएगी। छह बैच में 100-100 पुलिस अधिकारियों को पहले ही 40 दिन का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इन अधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित किया। अब इन्हीं प्रशिक्षित अधिकारियों में से चयनित टॉप 32 अफसरों को फॉरेंसिक और क्राइम सीन मैनेजमेंट में विशेषज्ञता के अगले स्तर तक ले जाया जा रहा है। यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने बताया कि यह स्पेशल ट्रेनिंग उन पुलिस अधिकारियों को दी जा रही है, जो प्रशिक्षण के दौरान टॉप पर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार पुलिस अधिकारियों की व्यावहारिक दक्षता को और बेहतर किया जाएगा। इसके लिए कृत्रिम घटनास्थल तैयार कर उनकी क्षमता का परीक्षण भी किया जाएगा। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि आपराधिक जांच में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए क्राइम सीन मैनेजमेंट पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से यूपीएसआईएफएस ने हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग की पहल की है। फॉरेंसिक साइंस और क्राइम सीन मैनेजमेंट की मास्टर ट्रेनिंग में व्यावहारिक अनुभव यानी एक्सपीरिएंशियल लर्निंग पर जोर दिया जा रहा है। विशेषज्ञों के लेक्चर के साथ हैंड्स-ऑन सेशन के जरिए अधिकारियों को विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में घटनास्थल से तलाशी और जब्ती के नियम, क्राइम सीन नोट्स, फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, पहचान और साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया पर फोकस किया जा रहा है। फिंगरप्रिंट और खून के नमूने जैसे साक्ष्यों को वैज्ञानिक तरीके से पहचानने और सुरक्षित रूप से एकत्र करने की बारीकियां भी सिखाई जा रही हैं। इसका उद्देश्य यह है कि घटनास्थल पर मौजूद महत्वपूर्ण साक्ष्य अनदेखे न रह जाएं और उन्हें सही तरीके से संरक्षित कर आगे की विवेचना में इस्तेमाल किया जा सके। इससे जांच को साक्ष्य आधारित मजबूत आधार मिलने की संभावना बढ़ेगी। प्रशिक्षण में दिन और रात के अलग-अलग समय तथा विभिन्न स्थानों पर क्राइम सीन समेत व्यावहारिक जानकारी भी दी जा रही है। इसके अलावा वास्तविक घटनास्थल पर आने वाली चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों को फील्ड वर्क का महत्व समझाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों को ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए भी तैयार किया जा रहा है, जहां अपराध के साक्ष्य नष्ट करने, साक्ष्य छिपाने या गलत जानकारी देने का प्रयास किया जा सकता है। इसके जरिए घटनास्थल को सुरक्षित रखने और वैज्ञानिक जांच की प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर है। छह बैच में प्रशिक्षित 600 अफसरों के बाद अब 32 अधिकारियों को मास्टर ट्रेनिंग देने से प्रशिक्षण व्यवस्था को अगले स्तर पर ले जाने की तैयारी है। इनकी विशेषज्ञता का लाभ आगे जिलों में क्राइम सीन मैनेजमेंट से जुड़े अन्य पुलिस अधिकारियों की क्षमता बढ़ाने में लिया जा सकेगा। इस पूरी कवायद का बड़ा उद्देश्य अपराध की जांच में घटनास्थल, सुराग, वैज्ञानिक साक्ष्य और विवेचना के बीच की कड़ी को मजबूत करना है। साक्ष्यों का बेहतर संरक्षण और वैज्ञानिक तरीके से संग्रह जांच को बेहतर आधार देगा और न्यायिक प्रक्रिया में तथ्य प्रस्तुत करने की गुणवत्ता को भी मजबूत करेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ पुलिस की जांच व्यवस्था को भी लगातार मजबूत करने पर जोर है। प्रदेशवासियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली व्यवस्था में गंभीर अपराधों के घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने और उनकी वैज्ञानिक जांच की क्षमता महत्वपूर्ण है। 'स्पेशल 32' इसी व्यवस्था की विशेषज्ञ कड़ी होंगे। इनका प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इनके अनुभव और विशेषज्ञता का इस्तेमाल व्यापक पुलिस प्रशिक्षण में किया जाएगा, जिससे 75 जिलों में क्राइम सीन मैनेजमेंट और वैज्ञानिक विवेचना की क्षमता को और मजबूत करने की दिशा में काम आगे बढ़ सकेगा।

संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की बूथ स्तर तक सक्रिय भागीदारी जरूरी : केशव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को अपने लखनऊ स्थित आवास पर प्रयागराज और कौशांबी के भाजपा पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की।

उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की बूथ स्तर तक सक्रिय भागीदारी जरूरी है। बूथ मजबूत तो हम मजबूत, बूथ जीता तो चुनाव जीता के सूत्र को ध्यान में रखते हुए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पहुंचना होगा। इस दौरान संगठनात्मक विषयों के साथ वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने बूथ स्तर पर संगठन की गतिविधियों और कार्यकर्ताओं की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में सेवा संकल्प अभियान को लेकर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों से अभियान से जुड़े कार्यक्रमों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने और कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संगठन की गतिविधियों को प्रभावी बनाने के लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संपर्क और समन्वय बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने पदाधिकारियों से स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक कार्यों की नियमित समीक्षा करने को कहा। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, गंगापार अध्यक्ष निर्मला पासवान, यमुनापार अध्यक्ष राजेश शुक्ल, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चायल विधायक पूजा पाल, कौशांबी जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी सुरेंद्र चौधरी और प्रयागराज महानगर पिछड़ा मोर्चा प्रभारी मनोज कुशवाहा मौजूद रहे।

स्थानांतरित अधिकारियों को दी भावपूर्ण विदाई

पुलिस आयुक्त ने प्रमोद कुमार और श्रुति श्रीवास्तव के कार्यों की सराहना की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने मंगलवार को कैंप कार्यालय में स्थानांतरित पुलिस अधिकारियों प्रमोद कुमार, भारतीय पुलिस सेवा 2015 बैच और श्रुति श्रीवास्तव, भारतीय पुलिस सेवा 2020 बैच को भावपूर्ण विदाई दी। इस दौरान दोनों अधिकारियों को स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

पुलिस आयुक्त ने दोनों अधिकारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस उपायुक्त के रूप में उन्होंने कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की प्रभावी कमान संभाली। अपराधों की रोकथाम एवं अनावरण, वांछित और सक्रिय अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई, संवेदनशील मामलों में त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई तथा जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने कहा कि दोनों अधिकारियों ने अधीनस्थ अधिकारियों और थाना प्रभारियों की नियमित समीक्षा एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के माध्यम से पुलिसिंग की गुणवत्ता में सुधार किया। कानून-व्यवस्था की चुनौतियों और महत्वपूर्ण अवसरों पर बल की रणनीतिक तैनाती, बेहतर समन्वय और प्रभावी नेतृत्व के जरिए व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों अधिकारियों ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा, अपराध नियंत्रण की रणनीति, त्वरित निर्णय और पुलिस बल के कुशल प्रबंधन में नेतृत्व प्रदान किया। महिला एवं पीड़ितों से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता तथा आमजन के साथ बेहतर संवाद पर भी जोर दिया गया। पुलिस लाइन के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में भी उनके प्रयासों की सराहना की गई। पुलिस आयुक्त ने कहा कि स्थानांतरण पुलिस सेवा की सामान्य प्रशासनिक प्रक्रिया है। उन्होंने दोनों अधिकारियों को नई तैनाती पर भी इसी समर्पण, ऊर्जा और सकारात्मक कार्यशैली के साथ दायित्वों का निर्वहन करने की शुभकामनाएं दीं। समारोह में अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपने कार्यानुभव एवं संस्मरण साझा करते हुए दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह में अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था एवं मुख्यालय शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव बंशवाल, पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन राजेश पाण्डेय, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन नीतू सहित कमिश्नरेट के अन्य राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे।

डीआरएम ने गाजीपुर सिटी-छपरा रेलखंड का निरीक्षण किया

स्टेशनों, समपारों, माल गोदाम और निर्माणाधीन रेलवे कॉलोनी का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने मंगलवार को मंडलीय अधिकारियों के साथ गाजीपुर सिटी-छपरा रेलखंड का खिड़की से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्टेशनों, समपारों, माल गोदाम और निर्माणाधीन रेलवे आवासीय परिसर का जायजा लिया। उन्होंने यात्री सुविधाओं, रेल संरक्षा, स्वच्छता और रेल परिचालन से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

छपरा जंक्शन पर मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना के तहत चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। स्टेशन की पार्किंग, परिसर, प्लेटफॉर्म, यात्री आवागमन क्षेत्र, पैदल पुल और दूसरे प्रवेश द्वार का निरीक्षण करते हुए पार्किंग तथा यात्रियों के आवागमन की व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया। सुरेमनपुर स्टेशन पर उन्होंने केंद्रीकृत स्टेशन पटल कक्ष और विभिन्न संरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया। विफलता पंजिका, अनुरक्षण पंजिका, रिले कक्ष चाबी हस्तांतरण पंजिका, बिंदु एवं क्रॉसिंग पंजिका तथा स्टेशन कार्य नियम सहित महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की। उन्होंने स्टेशन मास्टर से ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन की जानकारी ली और प्लेटफॉर्म, यात्री क्षेत्र तथा प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया। साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और यात्री सुविधाओं के बेहतर रख-रखाव के निर्देश दिए। गौतम स्थान स्टेशन एवं माल गोदाम में यात्री सुविधाओं, स्वच्छता और संरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। माल गोदाम में माल की चढ़ाई-उतराई, सुरक्षित रख-रखाव, प्रकाश व्यवस्था तथा कर्मचारियों की सुविधाओं का जायजा लिया गया। उन्होंने माल ढुलाई व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने और संरक्षा मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बकुल्हा स्टेशन पर भी संरक्षा उपकरणों और आवश्यक अभिलेखों की जांच की गई। प्लेटफॉर्म, यात्री क्षेत्र और प्रतीक्षालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई तथा बेहतर रख-रखाव के निर्देश दिए गए। मंडल रेल प्रबंधक ने ताजपुर हाल्ट-चितबड़ागांव के बीच समपार संख्या 25-सी, ढोढ़डीह-यूसुफपुर के बीच समपार संख्या 14-सी/2ई और गाजीपुर घाट-यूसुफपुर के बीच समपार संख्या 8-सी/2ई का निरीक्षण किया। उन्होंने फाटक की साफ-सफाई, गति अवरोधक, फाटक संचालन उपकरण और फाटक कर्मियों के संरक्षा ज्ञान की जांच की।

समपार संख्या 14-सी/2ई पर फाटक कर्मी संजय सिंह के संतोषजनक संरक्षा ज्ञान पर प्रोत्साहन के लिए दो हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की गई। सभी समपारों पर स्वच्छता, उचित रख-रखाव और संरक्षा व्यवस्था मजबूत रखने के निर्देश दिए गए। गाजीपुर घाट रेलवे कॉलोनी में निर्माणाधीन आवासीय परिसर का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति देखी गई। मंडल रेल प्रबंधक ने अधिकारियों को निर्धारित मानकों और उच्च गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य समय पर पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण पूरा होने के बाद रेलवे आवासों का शीघ्र आवंटन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि कर्मचारियों को आवासीय सुविधा मिल सके।

गाजीपुर घाट स्टेशन पर केंद्रीकृत स्टेशन पटल, टिकट काउंटर, रिले कक्ष, तालाबंदी एवं आवागमन उपकरण, धुरी गणक और विद्युत आपूर्ति कक्ष सहित विभिन्न संरक्षा उपकरणों की जांच की गई। प्लेटफॉर्म, यात्री क्षेत्र और प्रतीक्षालय का भी निरीक्षण किया गया। नाली के पाइप में रिसाव मिलने पर उसे तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान आशीष जैन ने अधिकारियों और कर्मचारियों को ट्रेनों का सुरक्षित एवं सुचारु परिचालन सुनिश्चित करने, संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने तथा यात्रियों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

उप. मु. सिग. एवं दू. स. अभि./नि.–II/लखनऊ, कार्यालय संकुल, निर्माण संगठन उ.रे., चारबाग लखनऊ–226004, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित प्रपत्र पर ई–निविदा दो पैकेट प्रणाली के तहत निम्नलिखित कार्य के हेतु आमंत्रित की जा रही है:–

1	कार्य का नाम एवं स्थान	उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में बरसेठी और सालखापुर हॉल्ट को नए क्रॉसिंग स्टेशन में परिवर्तित करने के संबंध में बरसेठी और सालखापुर स्टेशनों पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (सेंट्रलाइज्ड सिस्टम) के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग कार्यों का प्रावधान के साथ ही आसपास के स्टेशनों के साथ ब्लॉक के कार्य एवं के टेलीकॉम कार्य।
2	पूरा होने की अवधि	09 (नौ) महीने (स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से)
3	कार्य की अनुमानित लागत	₹.12,24,00,957.76 (रुपये बारह करोड़ चौबीस लाख नौ सौ सत्तावन और पैसा छिहत्तर केवल)
4	निविदा दस्तावेज राशि एवं धरोहर राशि	रु शून्य एवं धरोहर राशि आई आर ई पी एस पर एन आई टी में उल्लिखित है।
5	ऑफर की वैधता	90 दिन निविदा खुलने की तिथि से
6	निविदा बंद होने तथा निविदा खुलने की तारीख एवं समय	14.10.2026 को 11:30 बजे तक आई आर ई पी एस वेब साइट यानी **www.ireps.gov.in** पर निविदा अपलोड की जा सकती है। बोली दाता ई–टेंडर में भाग ले सकता है, निविदा 14.10.2026 को 11:30 बजे खोली जाएगी।
7	वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है।	विस्तृत ई–टेंडर नोटिस उत्तर रेलवे की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा दस्तावेज आई आर ई पी एस की वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर 22.09.2026 से 14.10.2026 तक 11:30 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। ई–टेंडर में भाग लेने की इच्छा रखने वाले बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से खुद को पंजीकृत करें, जिसके लिए उन्हें आईटी अधिनियम–2000 के तहत CCA द्वारा जारी तृतीय श्रेणी डिजिटल प्रमाण पत्र (यदि पहले से प्राप्त नहीं हुआ है) प्राप्त करना होगा। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है।

निविदा सूचना संख्या:- 287–सिग/सी.–II/लखनऊ/निविदा/07/26 दिनांक:22.09.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3275/26

हड़ताल से बढ़ा विवाद, दोनों अधिकारी सस्पेंड

लोहिया संस्थान में शव मिलने की सूचना देने वाले दो सफाई कर्मियों की कथित पिटाई का मामला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान की इमरजेंसी के टॉयलेट में नवजात का शव मिलने की सूचना देने वाले दो सफाई कर्मियों की कथित पिटाई का मामला मंगलवार को गंभीर रूप लेता जा रहा है। घटना के विरोध में मंगलवार सुबह से ही सफाई कर्मियों ने हड़ताल शुरू कर दी। करीब 200 सफाई कर्मियों के हड़ताल पर जाने से संस्थान में हलचल बढ़ गई है। बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रशासनिक भवन के सामने एकत्र होकर नारेबाजी करते हुए दोषी सेनेटारी/सुरक्षा अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

सफाई कर्मियों का आरोप है कि नवजात का शव मिलने की सूचना देने वाले दो कर्मचारियों को सुरक्षा अधिकारी की मौजूदगी में एक कमरे में बंद कर पाइप से पीटा गया। मामला सामने आने के बाद कथित मारपीट में शामिल प्रशासनिक अधिकारी मौके से फरार हो गए। कर्मचारियों का कहना है कि घटना के बावजूद संबंधित अधिकारियों के खिलाफ संस्थान द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे उनमें रोष बढ़ता जा रहा है। कर्मचारियों ने मांग की है कि कथित मारपीट के मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि जब तक मामले में ठोस कदम नहीं उठाए जाते, तब तक विरोध जारी रहेगा। बढ़ते विरोध के बीच संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चिकित्सा अधीक्षक ने 15 सफाई कर्मियों को वार्ता के लिए बुलाया है। अधिकारियो द्वारा कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी शिकायतों और मांगों को सुनने का प्रयास किया गया, कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में कथित मारपीट के आरोपी अधिकारियों पर कार्रवाई, करते हुए दोनों आरोपियों को उनके पद से निष्कासन करना तथा सफाई कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना शामिल है।

अधिकारियो और कर्मचारियों के बीच हुई वार्ता मे बताया गया की अधिकारियो द्वारा उनकी मांगो को मान लिया गया हैं और दोनों दोषी अधिकारियो को सस्पेंड कर दिया गया हैं पर संस्थान की तरफ से अभी तक कोई सस्पेंशन आदेश जारी नहीं किया गया है जिसका इंतज़ार समस्त कर्मचारियों को है।

किसी ने स्वच्छ तो किसी ने आत्मनिर्भर भारत का सपना रंगों में उतारा

❐ मोहनलालगंज के परिषदीय विद्यालयों में 'मेरे सपनों का भारत' चित्रकला प्रतियोगिता, नन्हे कलाकारों की प्रतिभा ने बिखेरी रंगों की छटा





कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। विकासखंड मोहनलालगंज के समस्त परिषदीय विद्यालयों में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार के नेतृत्व में 'मेरे सपनों का भारत' थीम पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग करते हुए अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

नन्हे कलाकारों ने अपनी सोच को रंगों के माध्यम से कागज पर उतारते हुए विकसित, सशक्त, स्वच्छ, शिक्षित और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को जीवंत किया। किसी बच्चे ने स्वच्छ और हरित भारत का सपना चित्रित किया तो किसी ने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, आधुनिक तकनीक और देश की प्रगति को अपनी कलाकृति का विषय बनाया। बच्चों के चित्रों में देश के उज्ज्वल भविष्य को लेकर उनकी सकारात्मक सोच और कल्पनाशीलता साफ नजर आई। एआरपी अदिती पांडेय ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपनी कलात्मक प्रतिभा और सृजनात्मक सोच को अभिव्यक्त करने के लिए मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने सपनों एवं विचारों को रचनात्मक तरीके से सामने रख पाते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता को लेकर विद्यालयों में छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह रहा। बच्चों ने पूरे मनोयोग से चित्र बनाए और अपने सपनों के भारत को रंगों से सजाया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रतिभा को निखारने तथा रचनात्मक गतिविधियों में निरंतर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

पुलिस को देखते ही भड़के, पीआरवी जवानों पर टूट पड़े

❐ पारिवारिक विवाद की सूचना पर पहुंची टीम से अभद्रता के बाद मारपीट, दो पुलिसकर्मी घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र अंतर्गत भौली के पश्चिम टोला में सोमवार रात पारिवारिक विवाद सुलझाने पहुंची पीआरवी 112 टीम पर लोगों ने हमला कर दिया। विवाद शांत कराने पहुंचे दीवान चालक हृदय नारायण राय और सिपाही भूपेंद्र कुमार को आरोपितों ने लाठी-डंडों से पीट दिया। हमले में दोनों पुलिसकर्मी घायल हो गए। उनकी वर्दी भी फट गई।

घटना के बाद बीकेटी थाने की पुलिस ने एक आरोपित को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार रात करीब साढ़े ग्यारह बजे पीआरवी 112 पर परिवार में झगड़े की सूचना मिली थी। कॉलर चंदर ने पुलिस को बताया था कि परिवार के लोग आपस में विवाद कर रहे हैं और स्थिति नहीं संभली तो मामला गंभीर हो सकता है। सूचना मिलते ही पीआरवी टीम पश्चिम टोला पहुंची और विवाद कर रहे लोगों को समझाने लगी। इसी दौरान मामला बिगड़ गया। आरोप है कि श्यामलाल, संतोष, मोहित, गुड्डू समेत अन्य लोगों ने पुलिसकर्मियों से विवाद शुरू कर दिया। विरोध करने पर दोनों पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट की गई। लाठी-डंडों से हमला होने पर दोनों ने किसी तरह मौके से निकलकर अपनी जान बचाई और अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपित मौके से भाग निकले। बाद में पुलिस ने राहुल नाम के एक आरोपित को हिरासत में लिया। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।थाना प्रभारी संजय सिंह के अनुसार, शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि परिवार के छोटेलाल की बेटी ने दूसरी जाति के युवक से शादी की है। इसी को लेकर परिवार में विवाद चल रहा था। चंदर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीआरवी कर्मियों के साथ हुई मारपीट को भी विवेचना में शामिल कर अन्य आरोपितों की भूमिका की जांच की जा रही है।

रात-दिन दौड़ रहे डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली

अंबेडकर चौराहे पर लोहे से लदी बोलेरो मैक्स पलटने से बची

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। इंदिरा नगर तकरोही और अमराई गांव में ओवरलोड वाहनों का संचालन स्थानीय लोगों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। मंगलवार सुबह तकरोही चौकी क्षेत्र स्थित अंबेडकर चौराहे पर लोहे से लदी एक बोलेरो मैक्स पिकअप अनियंत्रित होकर पलटने की स्थिति में पहुंच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वाहन के आगे के दोनों पहिए हवा में उठ गए और बड़ा हादसा होते-होते बचा। अंबेडकर चौराहे के आसपास सुबह के समय मजदूरों की आवाजाही भी रहती है। ऐसे में भारी और ओवरलोड वाहनों के संचालन को लेकर राहगीरों और मजदूरों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोडिंग को लेकर शिकायतें और खबरें सामने आने के बावजूद स्थिति में अपेक्षित बदलाव नहीं दिखाई दे रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक इंदिरा नगर के तकरोही और अमराई गांव क्षेत्र में रात के समय भी डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही जारी रहती है। इनमें मिट्टी और निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहन शामिल बताए जाते हैं। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर वाहन नंबर स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं होता, जिससे ऐसे वाहनों की पहचान और निगरानी को लेकर सवाल खड़े होते हैं। तकरोही बाजार क्षेत्र में दिन के व्यस्त समय में भी बड़े डंपरों के गुजरने से जाम और आवागमन में परेशानी होने की शिकायतें सामने आती रही हैं।

अमराई गांव में कृषि कार्य के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से ईंट ढोने और कथित तौर पर बिक्री किए जाने को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई ट्रॉलियों में निर्धारित क्षमता से दोगुना ईंटें लादी जाती हैं और अमराई गांव-तकरोही चौकी क्षेत्र में इन्हें खड़ा कर बिक्री की जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रतिदिन कई ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के आने की बात भी कही जा रही है। एक स्थानीय घटना का हवाला देते हुए लोगों का कहना है कि अधिक वजन के कारण बादशाहखेड़ा के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया सड़क पर धंस गया था, जिससे सड़क को भी नुकसान पहुंचा। हालांकि इन सभी दावों की फुटेज भी उपलब्ध है। अब सवाल यह है कि इंदिरा नगर, अमराई गांव और तकरोही क्षेत्र में ओवरलोडिंग तथा भारी वाहनों के संचालन पर जिम्मेदार विभाग कब प्रभावी कार्रवाई करेगा? क्या किसी बड़े हादसे के बाद कार्रवाई होगी या उससे पहले ही परिवहन और यातायात व्यवस्था को लेकर ठोस कदम उठाए जाएंगे?

दिव्यांगजनों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो दिवसीय शिविर आज से

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से दो दिवसीय निःशुल्क परीक्षण एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वर्गीय डी.पी. बोरा की पावन स्मृति में आयोजित पहला शिविर 23 सितंबर को डालीगंज स्थित मानस मंदिर तथा दूसरा शिविर 24 सितंबर को फैजुल्लागंज के केशव नगर स्थित सामुदायिक केंद्र में लगाया जाएगा। शिविर में पात्र दिव्यांगजनों का परीक्षण एवं पंजीकरण किया जाएगा। पंजीकरण के उपरांत पात्र लाभार्थियों को कृत्रिम अंग, ट्राईसाइकिल, बैटरी चालित ट्राईसाइकिल, बैसाखी, श्रवण यंत्र सहित विभिन्न आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु परीक्षण एवं पंजीकरण की सुविधा शिविर में उपलब्ध रहेगी। लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर पहुंचकर इस निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपना परीक्षण एवं पंजीकरण अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए दिव्यांगता प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड साथ लाना आवश्यक है।

पति समेत पांच पर मुकदमा

निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहां थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर दहेज में चारपहिया वाहन या पांच लाख रुपये की मांग करने और मांग पूरी न होने पर गाली-गलौज व मारपीट कर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, शेखन खेड़ा निवासी कोमल ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसके पति पंकज कुमार और ससुराल पक्ष के अन्य लोग दहेज की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करते रहे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पति पंकज कुमार, सास कमला देवी, ससुर मुनेश्वर प्रसाद, जेठ सूरज और जेठानी बीनू के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं तथा धारा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मामले में पहले दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता कराने का प्रयास किया गया था, लेकिन मध्यस्थता विफल रहने के बाद मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया गया। शिकायत में उत्पीड़न की अवधि 3 फरवरी 2019 से 25 अगस्त 2025 तक बताई गई है। मामले की विवेचना महिला उपनिरीक्षक पूनम यादव को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और फिलहाल किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

विवाहिता ने फंदा लगाकर दी जान



माल, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र के सालेहनगर गांव में सोमवार रात एक विवाहिता ने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मौसा ने ससुरालवालों पर दहेज की मांग और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सालेहनगर निवासी सत्यनाम रैदास की पत्नी सुभाषिनी सोमवार रात खाना खाने के बाद कमरे में सोने चली गई थी। उसका पति सत्यनाम मजदूरी के सिलसिले में दिल्ली में रहता है और रक्षाबंधन के बाद दिल्ली चला गया था। मंगलवार सुबह सुभाषिनी के कमरे से बाहर नहीं आने पर उसकी सास निर्मला ने आवाज देकर दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर दरवाजा खटखटाया गया। इसके बाद देवर शिवम ने भी आवाज लगाई, लेकिन भीतर से कोई जवाब नहीं मिला। पड़ोसियों के पहुंचने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। अऊमऊ गांव निवासी अंजनी कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सुभाषिनी उनकी दत्तक पुत्री थी और करीब एक वर्ष पहले उसका विवाह सत्यनाम से हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ससुरालवाले दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। संतान न होने को लेकर भी उसे ताने दिए जाते थे। तहरीर में यह भी कहा गया है कि चिकित्सकीय जांच में बच्चेदानी में गांठ की जानकारी मिलने के बाद सुभाषिनी को मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति सत्यनाम, सास निर्मला, देवर शिवम और ननद सोनिया के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ट्रक से भिड़ी रोडवेज बस, चालक समेत पांच घायल

चालक व बुजुर्ग यात्री की हालत गंभीर; लोकबंधु अस्पताल रेफर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज, लखनऊ। लखनऊ से फतेहपुर जा रही उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस मगलवार की सुबह मोहनलालगंज कस्बे में तकनीकी खराबी के चलते अनियंत्रित होकर आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में बस चालक और परिचालक समेत पांच लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से बाहर निकलवाकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज भेजा। गंभीर रूप से घायल चालक और एक बुजुर्ग यात्री को प्राथमिक उपचार के बाद लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे उत्तर प्रदेश रोडवेज की बस संख्या यूपी 34 टी 7928 लखनऊ से सवारियां लेकर फतेहपुर जा रही थी। बस जैसे ही मोहनलालगंज कस्बे में बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने पहुंची, इसी दौरान उसमें अचानक तकनीकी खराबी आ गई। चालक ने बस को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे अज्ञात वाहन से जा भिड़ी।टक्कर इतनी तेज थी कि बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य में जुट गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी।सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिसकर्मियों ने राहगीरो की मदद से बस में फंसे और घायल यात्रियों को बाहर निकलवाया। इसके बाद एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज भेजा गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया।दुर्घटना में बस चालक हरिओम (35) निवासी फतेहपुर, परिचालक मुकेश कुमार (46) निवासी कानपुर देहात, यात्री बांसदेव निर्मल (68) निवासी लालगंज, रायबरेली, अतुल सिंह (28) निवासी रायपुर, लालगंज, रायबरेली तथा अशोक कुमार (35) निवासी ऐशबाग, लखनऊ घायल हो गए।सीएचसी में चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चालक हरिओम और बुजुर्ग यात्री बांसदेव निर्मल की हालत गंभीर होने पर दोनों को बेहतर इलाज के लिए लोकबंधु अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं अन्य तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। एसीपी मोहनलालगंज राजकुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में बस में आई तकनीकी खराबी हादसे का प्रमुख कारण सामने आया है। दुर्घटना के बाद पुलिस ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य कराते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया और क्षतिग्रस्त बस को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया।उन्होंने बताया कि बस से टकराने वाले अज्ञात वाहन की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य माध्यमों से वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा नेता पर हमला करने वाला वांछित आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। इंदिरानगर थाना पुलिस ने मारपीट, धारदार वस्तु से हमला करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी राहुल शर्मा पुत्र स्वर्गीय सहदेव प्रसाद, उम्र करीब 32 वर्ष, निवासी तकरोही गांव, थाना इंदिरानगर, लखनऊ को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर 2026 को वादी ओम प्रकाश पुत्र सोहनलाल ने शिकायत दी थी , कि उनके भाई सर्वेश राजपूत और उसके मित्र उपेन्द्र राजपूत पर धारदार वस्तु से हमला किया गया था। शिकायत करता ने शिकायत में गंभीर चोट पहुंचाने, गाली-गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। उक्त मामले में थाना इंदिरानगर में मु0अ0सं0 250/2026, धारा 109/131/352/351(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। उक्त मामले में वांछित आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम में दरोगा दिलीप चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिन-रात छापेमारी और तलाश अभियान चलाया। लगातार प्रयास के बाद आरोपी राहुल शर्मा को 22 सितंबर 2026 को दोपहर 12:50 बजे तकरोही गांव, थाना इंदिरानगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।

'लघु कथा लेखन प्रतियोगिता' का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। प्रोफ़ेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में 'हिंदी पखवाड़ा' के अंतर्गत 22 सितंबर 2026 को 'लघु कथा लेखन प्रतियोगिता' का सफल आयोजन किया गया।

हिंदी विभाग के अध्यक्ष तथा अधिष्ठाता कला संकाय प्रो. आशुतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन व समन्वय में आयोजित इस प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. अलका मिश्रा व डॉ. अजीत सिंह तथा सह-संयोजक डॉ. बबलू यादव व शोधार्थी अमित कुमार यादव रहे। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी मौलिक व रचनात्मक लघु कथाओं के माध्यम से अपनी क्षमता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मंच का कुशल संचालन किसलय सिंह ने किया, जबकि अंत में कोमल यादव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रवीण कुमार द्विवेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही शोधार्थी प्रियंका त्रिपाठी, सुरभी तिवारी, विभा त्रिपाठी, मनीष यादव, सुनील कुमार और गौरव सहित विभाग के अनेक शोधार्थी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

वेतन की मांग को लेकर ईको गार्डन में हजारों बी-पैक्स कर्मचारियों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, सरोजिनी नगर। नियमित और समयबद्ध वेतन की मांग को लेकर मंगलवार को प्रदेशभर के हजारों बी-पैक्स (साधन सहकारी समिति) कर्मचारियों ने ईको गार्डन में धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार से वर्षों से लंबित वेतन समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग उठाई।

प्रदर्शन का आयोजन साधन समिति सचिव परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर अरविंद सिंह चौहान, प्रदेश महामंत्री चौ. विनय कुमार गुर्जर और संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र तिवारी के आह्वान पर किया गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल हुए। कर्मचारियों ने मांग की कि बी-पैक्स में कार्यरत कैडर सचिव, नॉन-कैडर सचिव, प्रभारी सचिव, आंकिक, लिपिक, विक्रेता, सहयोगी और चौकीदारों को राजकोषीय सहायता से वर्तमान वेतनमान के अनुसार नियमित एवं समयबद्ध वेतन दिलाया जाए। कर्मचारियों का कहना है कि वे गांव-गांव किसानों को खाद, बीज, कृषि ऋण और अन्य सहकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके बावजूद कई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है, जिससे उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। धरने के दौरान कर्मचारियों ने ह्लमाननीय योगी जी हमारी पुकार सुनिए, हमें नियमित और समय पर वेतन दिलाइएह्व के नारे लगाए।

पत्रकारों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवच की पहल

❐ वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन और दिवंगत पत्रकारों के परिवारों को 25 हजार रुपये मासिक सहायता का अनुरोध



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अनुस्मारक पत्र भेजकर प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकारों और दिवंगत पत्रकारों के आश्रित परिवारों के लिए पेंशन योजना शुरू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने 60 वर्ष से अधिक आयु के पात्र वरिष्ठ पत्रकारों को नियमित मासिक पेंशन देने की मांग की है।

डॉ. सिंह ने सेवाकाल में पत्रकार की असामयिक मृत्यु होने पर उसकी विधवा अथवा पात्र आश्रित परिवार को न्यूनतम 25 हजार रुपये प्रतिमाह पारिवारिक पेंशन देने का भी सुझाव दिया। यह सहायता कम से कम पांच वर्ष और आवश्यकता के अनुसार पांच से दस वर्ष तक दिए जाने का अनुरोध किया गया है। विधायक ने पत्रकारों के संकटग्रस्त परिवारों के लिए पत्रकार कल्याण कोष को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने लखनऊ के दिवंगत पत्रकार विधि सिंह, मोहम्मद इरफान और नीरज श्रीवास्तव के परिवारों से मिलकर संवेदना व्यक्त की तथा बच्चों की शिक्षा के लिए सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत प्रत्येक परिवार को एक लाख रुपये की सहायता दिलाई। उन्होंने प्रदेश में 50 वर्ष से कम आयु में दिवंगत पत्रकारों का जिला और आयु के आधार पर प्रमाणित अभिलेख तैयार कराने तथा पेंशन व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और ऑनलाइन बनाने का आग्रह भी किया। डॉ. सिंह ने कहा कि जीवनभर जनहित को आवाज देने वाले पत्रकार और उनके परिवार संकट के समय अकेले नहीं रहने चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश में पत्रकार समुदाय के लिए मजबूत सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था लागू होगी।

डीएम ने राजकीय इंटर कॉलेज के जीर्णोद्धार व निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

❐ रूपए 235.61 लाख की लागत से हो रहा कालेज का जीर्णोद्धार व निर्माण कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने राजकीय इंटर कॉलेज में कराए जा रहे जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों व गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बताया गया कि राजकीय इंटर कॉलेज में विभिन्न निर्माण एवं जीर्णोद्धार कार्यों के लिए कुल रूपए 235.61 लाख की लागत का प्रावधान किया गया है।

इसके अंतर्गत रूपए 94.69 लाख की लागत से रिपेयरिंग/रेनोवेशन कार्य, रूपए 76.72 लाख की लागत से सिविल वर्क, रूपए 2.70 लाख की लागत से गेट विद कैटल ट्रैप, रूपए 31.17 लाख की लागत से सीसी रोड तथा रूपए 30.33 लाख की लागत से इलेक्ट्रिकल वर्क कराया जाएगा। परिसर में बाउंड्री वॉल विद गेट से संबंधित कार्य भी कार्य योजना में शामिल है। डीएम ने संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए। उन्होंने निर्माण सामग्री एवं कराए जा रहे कार्यों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने तथा कार्य में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर और राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आदि मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 322 दिव्यांगजनों को वितरित किए गए कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण

❐ कार्यक्रम में कुल 322 दिव्यांगजन लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज राजा कॉलेज मैदान, लालबाग, सीतापुर में वृहद कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 322 दिव्यांगजन लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए गए।

वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत 211 ट्राईसाइकिल, 36 बैसाखी, 12 कान की मशीन, 10 मानसिक मंदित किट, 10 लेप्रोसी किट, 13 स्मार्ट केन, 15 व्हील चेयर तथा 15 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल सहित कुल 322 उपकरण पात्र दिव्यांगजनों को प्रदान किए गए। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में ओ-लेवल एवं सीसीसी प्रमाण पत्र तथा शादी अनुदान योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं उपकरण प्रदान कर उन्हें शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मा0 नगर पालिका अध्यक्ष सीतापुर नेहा अवस्थी ने कहा कि दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाकर उनके जीवन को सुगम बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा राजेश शुक्ला ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र सहित अन्य सहायक उपकरण मिलने से उनके दैनिक जीवन में सुविधा होगी तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु जी ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराना उन्हें सम्मानजनक एवं आत्मनिर्भर जीवन की ओर आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करने का माध्यम है। आज बड़ी संख्या में दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

डीएम ने की कर करेत्तर की बैठक, दिए निर्देश

❐ डीएम ने दिए राजस्व बढ़ाने के लिए निर्देश, राजस्व वसूल कर लक्ष्य को कराए पूरा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। मंगलवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में कर-करेत्तर के तहत प्राप्तियो की विभागवार, बिंदुवार मासिक समीक्षा बैठक की, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रवर्तन की प्रभावी कार्यवाही करते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाय। बैठक का संचालन एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र बहादुर सिंह और एडीएम (न्यायिक) ब्रजपाल सिंह ने किया।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि सभी अधिकारियों को अपने लक्ष्य की कार्ययोजना बनाकर मूर्त रूप देने का निर्देश दिया। निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यह बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही एवं शिथिलता क्षम्य में नहीं होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन विभागीय अधिकारियों के द्वारा अपने राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं की जाएगी, उनके विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

डीएम ने वाणिज्य कर, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत देय, नगर विकास, मंडी, वन, सिंचाई, खनन, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक लखीमपुर, गोला, विधिक माप विज्ञान के अफसरों से मासिक लक्ष्य की प्रगति, क्रमिक लक्ष्य की प्रगति गत वर्ष की उपलब्धि के सापेक्ष वृद्धि प्रतिशत की गहन समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। साथ ही डीएम ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन विभागों की प्रगति खराब है, वे आगामी माह में कार्ययोजना बनाकर अपनी रैंकिंग एवं प्रगति में सुधार सुनिश्चित करें। अपेक्षित सुधार न होने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

लंबित वादों का त्वरित निस्तारण करें: डीएम

कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने राजस्व विभाग की मासिक समीक्षा बैठक कर लंबित प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने अधीनस्थ न्यायालयों की नियमित रूप से स्वयं समीक्षा करें और लंबित मामलों की प्रगति पर सतत निगरानी रखें। डीएम ने स्पष्ट किया कि राजस्व मामलों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और कार्य में पारदर्शिता व गति अनिवार्य है।

हाईवा की टक्कर से बाइक सवार की चार वर्षीय बेटी की मौत, मां घायल

मीरजापुर। अदलहाट थाना क्षेत्र के नरायनपुर चौकी अंतर्गत वाराणसी-मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगा नहर पुल के पास मंगलवार शाम तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार चार वर्षीय बालिका परिधि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने बालिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल महिला को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। जमालपुर थाना क्षेत्र के रेरुपुर गांव निवासी सल्लू विश्वकर्मा के अनुसार वह पत्नी और बेटी को बाइक से नरायनपुर स्थित एक अस्पताल में इलाज के लिए लेकर गए थे। वहां से लौटते समय गंगा नहर पुल के पास पीछे से तेज गति से आ रहे हाईवा ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में उनकी चार वर्षीय बेटी परिधि की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी के पैर में गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी मिलते ही नरायनपुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवा को कब्जे में ले लिया। हादसे की जानकारी मिलने पर परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में चौकी पहुंच गए।

किशोरियों से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास के तीन अभियुक्त गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना रोजा पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास के मामले में वांछित 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

18 सितम्बर को एक व्यक्ति ने थाना रोजा पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि 26 अगस्त को उसकी नाबालिग पुत्री और उसकी नाबालिग सहेली ग्राम पैंतापुर से अपने घर आ रही थीं। इसी दौरान मोहल्ला मठिया कालोनी के रहने वाले राहुल उर्फ भोले पुत्र रामअवतार, अभिषेक उर्फ ढोलक पुत्र सुनील और रोहित कुमार पुत्र महेशचन्द्र ने दोनों नाबालिगों का रास्ता रोक लिया तथा उनसे छेड़छाड़ की। इसके बाद दोनों को आईटीआई मोहल्ला स्थित एक कमरे में ले गए। जहां दोनों किशोरियों के जबरन कपड़े उतरवाकर मारपीट की और वीडियो बनाकर वायरल करने व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और आरोपियों की तलाश शुरू की। आज थाना रोजा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त राहुल उर्फ भोले, अभिषेक उर्फ ढोलक और रोहित कुमार को ग्राम बल्लिया में पैतापुर रोड स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र के साथ एसआई प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल आशाराम आदि मौजूद रहे।

चोरी की मोटरसाइकिल समेत अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बण्डा पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल समेत अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना बण्डा क्षेत्र के मोहल्ला पटेलनगर कालोनी निवासी अनुज कुमार पुत्र महेन्द्र की बीती शाम करीब 07 बजे ब्लाक रोड पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के पास से मोटर साइकिल चोरी हो गई थी। उन्होंने शोर मचाकर आसपास के लोगों की मदद से मोटर साइकिल चोर को पकड़ लिया और उसे बण्डा थाने लेकर पहुंचे। पूछताछ में पकड़े गए मोटर साइकिल चोर ने अपना नाम जयवीर पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम इन्दलपुर थाना बण्डा बताया। पुलिस ने अनुज की तहरीर पर आरोपी जयवीर के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। आज पुलिस ने अभियुक्त जयवीर के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया।

गन्ने की मिठास ने बढ़ाया बेलरायां का मान, राष्ट्रीय पटल पर चमका खीरी

❐ बेस्ट केन डेवलपमेंट अवॉर्ड में सरजू सहकारी चीनी मिल प्रथम, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। गन्ने के खेतों में किसानों की मेहनत और मिल प्रबंधन के प्रयासों ने बेलरायां को राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। सरजू सहकारी चीनी मिल लिमिटेड, बेलरायां ने गन्ना विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। इससे किसानों, मिल अधिकारियों और कर्मचारियों में खुशी की लहर है।

नेशनल फ़ेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड (गक्फ्राट्रक), नई दिल्ली की ओर से वर्ष 2024-25 के लिए मिल को 'बेस्ट केन डेवलपमेंट अवॉर्ड' की अन्य चीनी रिकवरी जोन श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। 22 सितंबर को आयोजित समारोह में चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक राजेश कुमार ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के हाथों यह सम्मान प्राप्त किया।

गन्ना विकास के प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान

चीनी मिल ने गन्ना विकास, किसानों के साथ बेहतर समन्वय और उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में किए गए कार्यों के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही मिल को टेक्निकल एफिशिएंसी के क्षेत्र में भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा सम्मानित किया गया।

किसानों की मेहनत बनी उपलब्धि की ताकत

राष्ट्रीय स्तर पर दोहरी उपलब्धि मिलने से बेलरायां क्षेत्र के गन्ना किसानों में उत्साह है। मिल प्रबंधन के अनुसार किसानों के साथ निरंतर समन्वय, गन्ना विकास की गतिविधियों और तकनीकी दक्षता बढ़ाने के प्रयासों ने इस उपलब्धि में अहम भूमिका निभाई है। किसानों और मिल कर्मचारियों ने इसे पूरे क्षेत्र की साझा उपलब्धि बताया।

बेलरायां से राष्ट्रीय मंच तक पहुंची गन्ने की मिठास

सरजू सहकारी चीनी मिल का राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार हासिल करना केवल मिल की उपलब्धि नहीं, बल्कि बेलरायां और लखीमपुर खीरी के गन्ना किसानों के लिए भी गौरव का क्षण है। खेतों से शुरू हुई मेहनत अब राष्ट्रीय मंच पर सम्मान में बदल गई है।

नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने नाबालिग किशोरी को बहला- फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

21 सितंबर को एक महिला ने थाना सदर बाजार पुलिस को तहरीर दी। आरोप लगाया कि इसी थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाडूजई प्रथम का रहने वाला मुअज्जम पुत्र चन्दे अली खां उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया और तत्काल कार्रवाई पीड़िता को बरामद किया। पुलिस ने पड़िता के बयानों और साक्ष्यों के आधार पर दर्ज अभियोग में दुष्कर्म की धारा में वृद्धि की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त मुअज्जम पुत्र चन्दे अली खां को सुभाषनगर तिराहा आउटर रिंग रोड से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त मुअज्जम के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक अक्षय पंवार के साथ कांस्टेबल विमल कुमार और दीपक साहू मौजूद रहे।

बाढ़ के समय दो दिन तक लंच पैकेट वितरण के बाद दो हफ्ते बाद भी राहत किट का इंतजार, ग्रामीणों में आक्रोश

बसंतापुर, बेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। करीब दो सप्ताह पहले 6.61 करोड़ रुपये की लागत से कराई गई जिओ ट्यूब-स्टेट पुनर्निर्माण परियोजना के ध्वस्त होने के बाद नदी का पानी ग्राम पंचायत बसंतापुर और आसपास के क्षेत्र में पहुंच गया, जिससे पूरे गांव में भयावह बाढ़ की स्थिति बन गई। बाढ़ के दौरान ग्रामीणों के सामने भोजन का संकट खड़ा हुआ, जिसके बाद प्रशासन ने दो दिन तक लंच पैकेट वितरित किए। इसके बाद राहत किट का वितरण नहीं हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि आपदा के बाद राहत व्यवस्था धीमी पड़ गई है और प्रभावित परिवार दो सप्ताह बाद भी आवश्यक सामग्री की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रशासन की ओर से शुरुआती दो दिनों में लंच पैकेट तो उपलब्ध कराया गया, लेकिन राहत किट में देरी के कारण सहायता की निरंतरता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि किट वितरण कब शुरू होगा, कितने परिवारों को इसमें शामिल किया गया है और देरी के लिए कौन-सा विभाग या अधिकारी जिम्मेदार है। प्रशासन का पक्ष और राहत कार्य की वर्तमान स्थिति स्पष्ट होना जरूरी है, राशन किट वितरण में विलंब को लेकर ग्रामीण शिवकुमार शुक्ला प्रकाश गिरी हीरासिंह डालचंद भार्गव कुलदीप चौहान चंद्र कुमार मिश्रा श्यामू भार्गव सालिक चौकीदार रण बहादुर सिंह संजय गुप्ता श्यामू अवस्थी सोमेंद्र कुमार रामकिशोर तिवारी सहित कई दर्जन लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए अविलंब राहत सामग्री वितरण की मांग की है। खबर की पुष्टि के लिए जब कैनविज टाइम्स संवाददाता ने संबंधित तहसीलदार से फोन पर स्थिति जानना चाहा तो कई बार फोन लगाने के बाद महोदय द्वारा किसी प्रकार की जानकारी देना व फोन रिसीव करना उचित नहीं समझा

महोली में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह, 206 जोड़ों का हुआ विवाह



सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि आज दिनांक 22.09.2026 दिन मंगलवार को कृषक इण्टर कालेज मैदान महोली, सीतापुर में जिलाधिकारी महोदय एवं मुख्य विकास अधिकारी, सीतापुर के निर्देषानुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मा0 विद्यायक महोली शषांक त्रिवेदी, मा0 ब्लाक प्रमुख महोली, पिसावां, उपजिलाधिकारी महोली, जिला समाज कल्याण अधिकारी, सीतापुर, खण्ड विकास अधिकारी, ऐलिया, महोली, ई0ओ0 महोली व अन्य अधिकारी उपस्थिति रहे। कुल 206 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें से ऐलिया के 66, महोली के 54, पिसावां के 70, हरगांव के 09 तथा महोली नगर पालिका के 07 जोड़े शामिल हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत उपरोक्तानुसार कुल- 206 (194 हिन्दू एवं 12 मुस्लिम) जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ जिसमें सम्मिलित जोड़ों को धनराशि रु0 21,000 की सामग्री तथा कन्या के खाते में रु0 64,000 प्रति जोड़े की दर से हस्तान्तरित की जायेगी तथा आयोजन हेतु प्रति जोड़े रु 15000 की दर से व्यय करते हुए प्रति जोड़े पर धनराशि रु0 1,00,000 व्यय होगा।

लखीमपुर प्रवास पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष विभा सिंह ने सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों का किया अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की उपाध्यक्ष एवं दर्ज़ा प्राप्त राज्यमंत्री श्रीमती विभा सिंह ने अपने लखीमपुर-खीरी जनपद प्रवास के दौरान संस्कार भारती की जिला इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर आगामी सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की।

प्रवास के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी से संबंधित योजनाओं के द्वितीय चरण के कैंपों के आयोजन को लेकर आवश्यक समन्वय एवं तैयारियों का अवलोकन किया गया। 25 सितंबर से 1 अक्टूबर तक प्रस्तावित द्वितीय चरण की गतिविधियों को उप जिलाधिकारी, धौरहरा एवं बीडीओ के सहयोग से संचालित किए जाने पर चर्चा हुई।

बैठक में आगामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मुख्य रूपरेखा को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। क्षेत्र में भारतीय संस्कृति, लोककला, संगीत एवं पारंपरिक कलाओं को बढ़ावा देने तथा अधिक से अधिक स्थानीय एवं युवा कलाकारों को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

विभा सिंह ने संकटा माता मंदिर में दर्शन-पूजन भी किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी से भेंट कर जनपद में प्रस्तावित आगामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों, कलाकारों की सहभागिता तथा कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान विशेष रूप से स्थानीय कलाकारों एवं युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए अधिक से अधिक अवसर एवं उचित मंच उपलब्ध कराने के संबंध में डीएम से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने जनपद की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने तथा सांस्कृतिक आयोजनों में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर भी विचार-विमर्श किया। इस अवसर पर श्रीमती विभा सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति, लोककला, संगीत एवं पारंपरिक कलाओं के संरक्षण और संवर्धन के लिए स्थानीय स्तर पर निरंतर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने के साथ नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का कार्य किया जा सकता है। लखीमपुर प्रवास के दौरान उन्होंने संस्कार भारती की जिला इकाई की गतिविधियों का अवलोकन करते हुए संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों को व्यापक एवं प्रभावी बनाने तथा अधिक से अधिक कलाकारों और युवाओं को इनसे जोड़ने के लिए सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया।

मांस लदी पिकअप की टक्कर से तीन वर्षीय बच्चे की मौत

❐ ग्रामीणों ने वाहन को घेरा, पुलिस ने चालक समेत पिकअप कब्जे में ली; परिजनों ने पोस्टमार्टम से किया इनकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा। कोतवाली क्षेत्र के महराजनगर गांव में मंगलवार को सड़क किनारे खेल रहे तीन वर्षीय बच्चे की मांस लदी पिकअप की टक्कर लगने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पिकअप को घेर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया और शव को कब्जे में लेने के साथ चालक समेत वाहन को कोतवाली ले आई।

महराजनगर निवासी आलम कुरैशी का तीन वर्षीय पुत्र सलमान मंगलवार करीब 11:30 बजे सड़क किनारे खेल रहा था। इसी दौरान बरेली से मांस लेकर आ रही पिकअप (यूपी 34 बीटी 9396) ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में सलमान की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और पिकअप को घेर लिया। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वाहन और चालक को कोतवाली पहुंचाया। सीओ धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि परिजन बच्चे का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते हैं। परिजनों की मांग पर वाहन मालिक को भी कोतवाली बुलाया गया है। पुलिस मामले में आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

हत्या के मुकदमें में वांछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त लोहे की राड बरामद

शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना कांट पुलिस ने हत्या के मुकदमे में वांछित 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। जिनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लोहे की राड बरामद की है। 26 अगस्त को थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती रेती निवासी अरूणेश कुमार ने थाना कांट पुलिस को तहरीर देकर कांट थाना क्षेत्र के गांव हटीपुर कुर्रिया निवासी रोहित पुत्र अखिलेश और गौतम पुत्र राजेश के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि उक्त दोनों ने उसके चाचा विनोद कुमार मिश्रा के सिर पर लोहे की राड से प्रहार किया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद उपचार के दौरान घायल विनोद कुमार मिश्रा की मौत हो गई। पुलिस ने दर्ज अभियोग में हत्या की धारा में बढ़ोत्तरी की। आज थाना कांट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जिन्दो वाली पुलिया के पास से वांछित अभियुक्त रोहित और गौतम को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त रोहित की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे की राड बरामद की। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्त रोहित पर पूर्व में भी हत्या का प्रयास, छेड़छाड़, मारपीट, एससी-एसटी एक्ट की धाराओं में आधा दर्जन अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना कांट के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर के साथ वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुन्दरलाल वर्मा, उपनिरीक्षक जगेन्द्र प्रताप सिंह, आदि मौजूद रहे।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

❐ बैठक में नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जनपद में अब तक कुल 8,95,361 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

बैठक में नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत द्वारा बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत जनपद में अब तक कुल 8,95,361 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। प्रत्येक विकासखण्ड में 10 ऐसे ग्रामों का चयन किया गया है, जहां आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति अपेक्षाकृत कम है। इन ग्रामों में पंचायत भवन एवं प्राथमिक विद्यालयों पर शिविर लगाकर पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने के लिए अभियान चलाकर कार्ड बनवाए जाएं।

बैठक में जननी सुरक्षा योजना की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि ग्रामीण क्षेत्र में 1,400 रुपये तथा शहरी क्षेत्र में 1,000 रुपये की निर्धारित धनराशि के अंतर्गत लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है। साथ ही समस्त पात्र लाभार्थियों का ऑनलाइन भुगतान सुनिश्चित किए जाने की जानकारी दी गई। विकासखण्ड अम्बियापुर एवं उझानी में भुगतान की प्रगति कम पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि तीन दिवस के भीतर भुगतान की प्रगति 85 प्रतिशत तक सुनिश्चित की जाए।

जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान तथा 12 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के दौरान बुखार के रोगियों, कुपोषित बच्चों, कुष्ठ रोगियों एवं क्षय रोगियों की सूची तैयार की जाएगी। इसके साथ ही ऐसे घरों एवं स्थानों को भी चिह्नित किया जाएगा, जहां मच्छरों के प्रजनन की संभावना हो। संबंधित अधिकारियों को अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में नियमित टीकाकरण अभियान की भी समीक्षा की गई। विकासखण्ड इस्लामनगर एवं बिल्सी की अद्यतन ड्यू लिस्ट की स्थिति अपेक्षाकृत कम पाए जाने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि नियमित टीकाकरण की सेवाओं की निरंतर निगरानी की जाए तथा जिन क्षेत्रों में निर्धारित टीकाकरण सेवाएं अद्यतन नहीं पाई जाती हैं, वहां संबंधित एएनएम के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, सहायक मलेरिया अधिकारी, अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षक, नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत, जिला प्रशिक्षण अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, समस्त नोडल अधिकारी, समस्त ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक एवं समस्त ब्लॉक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

ससुराल पक्ष के लोगों ने दामाद पर किया जानलेवा हमला, पिस्टल तानी, सिर फोड़ा, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। दातागंज कस्बे में एक युवक और उसके भाई पर ससुराल पक्ष के लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने पिस्टल मारकर युवक को सिर फोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकले। पीड़ित ने आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आपको बता दें कि दातागंज कस्बा के वार्ड नंबर 13 के मोहल्ला सड़क निवासी सौरभ गुप्ता पर बरेली निवासी ससुराल पक्ष के लोगों ने उस वक्त जानलेवा हमला कर दिया, जब वह ससुरालियों के साथ पंचायत कर रहे थे।

❐ बरेली निवासी ससुराल पक्ष के लोगों ने उस वक्त जानलेवा हमला कर दिया, जब वह ससुरालियों के साथ पंचायत कर रहे थे

पति-पत्नी के विवाद को सुलझाने के लिए पंचायत बुलाई गई थी। आरोप है कि इस दौरान पिस्टल की बट से ससुरालियों ने सौरभ का सिर फोड़ दिया और उन्हें जान से मारने की धमकी देने के साथ उनके भाई गौरव गुप्ता को भी बेरहमी से पीटा। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। इस प्रकरण में पुलिस ने सौरभ की तहरीर पर ससुराल के आठ लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमला सहित कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ित सौरभ गुप्ता ने थाना दातागंज में तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह करीब दो साल पहले बरेली की मीरा की पैठ निवासी दीपिका गुप्ता उर्फ सलोनी के साथ हुआ था। रक्षाबंधन पर वह पत्नी को मायके छोड़कर आए थे। आरोप है कि रविवार सुबह पत्नी अपने भाइयों चंदन और अमन के साथ ससुराल घर आई और बिना वजह गाली-गलौज कर झूठे दहेज केस में फंसाने की धमकी देकर एक साल के बच्चे को छोड़कर चली गई।

इसी पारिवारिक विवाद को सुलझाने के लिए सोमवार को सीताराम गुप्ता के मकान में पंचायत बुलाई गई। पीड़ित के अनुसार पंचायत में ससुराल पक्ष से सुरेश चंद्र गुप्ता, चंदन गुप्ता, अमन गुप्ता, गोल्डी गुप्ता तथा मध्यस्थ पक्ष से राकेश गुप्ता, केशव गुप्ता, विवेक गुप्ता मौजूद थे। पीड़ित की ओर से उसका भाई गौरव गुप्ता और रिश्तेदार पूरनलाल गुप्ता बैठक में मौजूद थे।

आरोप है कि बातचीत के दौरान बरेली निवासी गोल्डी गुप्ता ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने कमर से पिस्टल निकालकर जान से मारने की धमकी दी।इसके बाद सभी आरोपियों ने सौरभ और उनके भाई गौरव को घेर लिया और लात-घूंसों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। गोल्डी गुप्ता ने पिस्टल की बट से सौरभ के सिर पर वार कर दिया, जिससे सिर फट गया। मारपीट के दौरान गले में पहनी लगभग 15 ग्राम सोने की चेन भी टूटकर गायब हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। इसके बाद आरोपी जान से मारने और झूठे केस में फंसाने की धमकी देते हुए गाड़ी से फरार हो गए। दातागंज सीओ अशेष नाथ सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

पुरानी मांगों को लेकर लेखपालों ने जमा किया बस्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की बल्दीराय इकाई ने अपनी पुरानी एवं न्यायोचित मांगों के समर्थन में मंगलवार को अतिरिक्त कार्य बहिष्कार करते हुए अपना-अपना अतिरिक्त बस्ता जमा कर विरोध दर्ज कराया। लेखपालों के बस्ता जमा करने से तहसील में राजस्व संबंधी कार्य प्रभावित होने की स्थिति बन गई।



लेखपालों का कहना है कि राजस्व प्रशासन की आधारशिला माने जाने वाले लेखपालों पर लगातार कार्यों का बोझ बढ़ता जा रहा है, जबकि अपेक्षित संसाधनों की कमी बनी हुई है। लंबित पदोन्नति, वेतन विसंगति, अतिरिक्त कार्यभार तथा अवकाश के दिनों में भी ड्यूटी लगाए जाने जैसी समस्याओं का सामना लेखपालों को करना पड़ रहा है।

लेखपालों के अनुसार शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं किसान हित से जुड़े कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इसके अलावा राजस्व अभिलेखों का अद्यतन, वरासत, नामांतरण, पैमाइश, आपदा प्रबंधन सहित अनेक महत्वपूर्ण कार्य भी लेखपालों के जिम्मे हैं। लगातार बढ़ते दायित्वों के बावजूद उनकी पुरानी मांगों का समाधान लंबित है।

उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की बल्दीराय इकाई के समस्त लेखपालों ने मंगलवार को सामूहिक रूप से बस्ता जमा कर शासन-प्रशासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित किया। लेखपालों ने कहा कि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाना आवश्यक है, ताकि वे बेहतर ढंग से अपने राजस्व एवं जनहित से जुड़े दायित्वों का निर्वहन कर सकें।

लेखपालों के सामूहिक रूप से अतिरिक्त बस्ता जमा करने की कार्रवाई को लेकर तहसील परिसर में दिनभर चर्चा बनी रही। संघ ने लंबित मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग दोहराई है। इस अवसर संघ के अध्यक्ष संतराम यादव मंत्री कमलेश यादव कोषाध्यक्ष रवीन्द्र प्रताप सिंह जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप तिवारी लेखपाल अनुज कुमार अजय कुमार आशुतोष मिश्र यश तिवारी राजेन्द्र कुमार सिम्मी शुक्ला शालू सिंह तृप्ति सिंह राघवराम ओम प्रकाश यादव सहित कई लेख पाल मौजूद रहे।

सांसद के प्रयास से लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग का चौड़ीकरण शुरु

❐ कमरौली रेलवे क्रासिंग के चौड़ीकरण से राहगीरों के साथ ही आम जनमानस को सहूलियत मिलेगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कमरौली थाना क्षेत्र में इंडोरामा फर्टिलाइजर फैक्ट्री के निकट स्थित रेलवे क्रॉसिंग को फोर लेन के अनुरूप बनाये जाने का चौड़ीकरण कार्य अब धरातल पर प्रारम्भ हो गया है। इस कार्य के पूरा होने के बाद क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगमता मिलने, आवागमन बेहतर होने और सड़क सुरक्षा को मजबूती मिलने की उम्मीद है।इस महत्वपूर्ण विषय को लेकर सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रेलवे क्रॉसिंग पर बढ़ते यातायात और फोर लेन के अनुरूप आवश्यक सुविधाओं की जरूरत को देखते हुये उन्होंने संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों के समक्ष मामला उठाया और लगातार पत्राचार एवं पैरवी के माध्यम से इसकी प्रगति सुनिश्चित करने का प्रयास किया। बीते वर्ष की तीन जनवरी को सांसद किशोरी लाल शर्मा ने रेलवे बैरियर को फोर लेन के अनुरूप बनाए जाने के संबंध में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा।इसके बाद तेरह जनवरी को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री की ओर से सांसद के पत्र को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारी को भेजे जाने की जानकारी दी गई। सत्रह जनवरी को रेल मंत्री की ओर से मामले की विस्तृत जांच के लिये संबंधित निदेशालय को निर्देशित किये जाने की जानकारी सांसद को दी गई।मामले में आगे बढ़ते हुये इकतीस दिसम्बर को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से अवगत कराया गया कि रेलवे क्रॉसिंग के चौड़ीकरण के लिये एन एच ए आई द्वारा अनुमानित लागत की धनराशि रेलवे विभाग को जमा करा दी गई है। इसके साथ ही एस एंड टी बिल्डिंग ऐट गेट एवं अन्य शुल्क से संबंधित प्रक्रिया भी आगे बढ़ाई गई।चालू माह सितम्बर में रेलवे क्रॉसिंग के चौड़ीकरण का कार्य मौके पर प्रारंभ हो गया। इससे आम जनमानस एवं राहगीरों को काफी सहूलियत मिलेगी।कमरौली स्थित रेलवे क्रासिंग का चौड़ीकरण कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में भी राहत की उम्मीद जगी है।यह पहल इस बात का प्रमाण है कि अमेठी की जनता से जुड़ा कोई भी विषय छोटा नहीं है और उसके समाधान के लिए निरंतर प्रयास किये जाय तो जनसमस्याएं विकास के कार्यों में बदल सकती हैं।



अमेठी के सूबेदार यादव बने समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी, लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने संगठन में अधिवक्ताओं की भागीदारी को सशक्त बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्ति करते हुए अमेठी निवासी सूबेदार यादव को समाजवादी अधिवक्ता सभा, उत्तर प्रदेश का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया है।

यह नियुक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश तथा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल की अनुमति से की गई है। मनोनयन पत्र समाजवादी अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव द्वारा जारी किया गया। अमेठी जनपद के ग्राम एवं डाकघर मई निवासी सूबेदार यादव लंबे समय से विधि क्षेत्र में सक्रिय हैं और संगठनात्मक कार्यों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उनकी नियुक्ति से जिले के समाजवादी कार्यकर्ताओं तथा अधिवक्ता समाज में हर्ष का वातावरण है।

मनोनयन पत्र की प्रतिलिपि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, राष्ट्रीय अध्यक्ष के निजी सचिव तथा समाजवादी पार्टी के अमेठी जिलाध्यक्ष को भी प्रेषित की गई है।



नियुक्ति की घोषणा के बाद पार्टी पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं और समर्थकों ने सूबेदार यादव को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में अधिवक्ता सभा का संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा अधिवक्ताओं की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा।

23 सितंबर को तिलोई तहसील पर किसानों का धरना-प्रदर्शन

अमेठी। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) अमेठी इकाई ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 23 सितंबर को तिलोई तहसील मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। संगठन के जिलाध्यक्ष हरीश उर्फ चुन्नू सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसानों की समस्याओं के संबंध में पूर्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था, जिसके बाद संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कई मामलों का समाधान न होने से किसानों में नाराजगी है। भाकियू जिलाध्यक्ष ने कहा कि धरना-प्रदर्शन में संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है, ताकि किसानों की समस्याओं पर सीधे चर्चा कर समाधान कराया जा सके। संगठन ने जिले के किसानों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

कालिका धाम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

संग्रामपुर, अमेठी। भारतीय जनता पार्टी के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा में मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जगत जननी माता कालिका धाम, संग्रामपुर परिसर में बृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष, भाजपा नेता अमरेन्द्र सिंह (पिंटू), मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला, चंद्रकेश यादव, कन्हैयालाल पांडेय, शंभूनाथ पांडेय, रामेन्द्रनाथ पाण्डेय, गोकुलेश त्रिपाठी, रामचंद्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने मंदिर परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता एवं सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना भाजपा का लक्ष्य है। उन्होंने लोगों से अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने तथा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने और सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

स्वयं सहायता समूह से आत्मनिर्भर बनीं सुनीता देवी



अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड संग्रामपुर की ग्राम पंचायत उत्तरगांव निवासी सुनीता देवी की कहानी ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की प्रेरक मिसाल है। कभी परिवार की जरूरतों के लिए मजदूरी पर निर्भर रहने वाली सुनीता देवी आज सिलाई, पशुपालन और कृषि के माध्यम से परिवार की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कक्षा 10 तक शिक्षित सुनीता देवी वर्ष 2008 में सहारा महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं। समूह के माध्यम से उन्हें बचत, ऋण और आजीविका गतिविधियों की जानकारी मिली। उन्होंने 10 हजार रुपये का ऋण लेकर सिलाई कार्य शुरू किया, जिसके बाद पशुपालन और कृषि से भी जुड़ गईं। इन गतिविधियों से उनकी आय बढ़ी और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई। सुनीता देवी बताती हैं कि समूह से जुड़ने के बाद उनके जीवन में आर्थिक सुधार के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा है। अब वह स्वयं आय अर्जित कर परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सहयोग कर रही हैं।राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू के मार्गदर्शन और डीसी एनआरएलएम प्रवीणा शुक्ला के निर्देशन में महिलाओं को विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। सुनीता देवी की सफलता यह साबित करती है कि स्वयं सहायता समूह महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का प्रभावी माध्यम हैं।

दो साल में उखड़ने लगी 66 लाख की सड़क, जगह-जगह बने गड्ढे



भेटुआ, अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड भेटुआ क्षेत्र में वर्ष 2024 में करीब 66 लाख रुपये की लागत से बनी नौगिरवा-शिवगढ़ जलालपुर-घाटमपुर संपर्क मार्ग दो साल के भीतर ही बदहाल होने लगी है। करीब 5.6 किलोमीटर लंबी सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और कई स्थानों पर ऊपरी परत उखड़ रही है, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार पूरे धारमीर, टंडवा, तुला का पुरवा और कोदई का पुरवा समेत आबादी वाले हिस्सों में सड़क की स्थिति सबसे अधिक खराब है। मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है, लेकिन गड्ढों के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने शीघ्र मरम्मत की मांग की है। लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता पति राम यादव ने बताया कि सड़क का पीसी कार्य वर्ष 2024 में कराया गया था और बाद में पैचिंग भी कराई गई थी। उन्होंने कहा कि जल निकासी की समस्या के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हुई है। मौसम ठीक होते ही खराब हिस्सों की मरम्मत और पैचिंग कराई जाएगी।

23 सितम्बर को आएगी पिछड़ा वर्ग आयोग की चार सदस्यीय टीम

बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। माननीय उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग की चार सदस्यीय टीम 23 सितम्बर बुधवार को जनपद बदायूँ में अपरान्ह 01 बजे बदायूँ पहुंचेगी। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के संबंध में चर्चा हेतु अपरान्ह 01 बजे से 02 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। इसके उपरांत अपराह्न 02:30 बजे से 05:00 बजे तक अन्य पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति पर बैठक आयोजित होगी। इसके बाद आयोग शाम 05:30 बजे बदायूँ से जनपद बरेली के लिए प्रस्थान करेगा। आयोग में माननीय अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह, सदस्य बृजेश कुमार (से0नि0 डी0जे0), श्री संतोष कुमार विश्वकर्मा (से0नि0 ए0डी0जे0), डॉ0 अरविन्द कुमार चौरसिया (से0नि0 आई0ए0एस0) एवं श्री एसपी सिंह (से0नि0 आई0ए0एस0) उपस्थित रहेंगे।

प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

अमेठी,कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद अमेठी के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से पेंटिंग, पोस्टर एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुये अपनी सृजनात्मक क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि अभियान के तहत जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित कर विद्यार्थियों को सामाजिक एवं राष्ट्रीय सरोकारों से जोड़ने का प्रयास किया गया। प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्र निर्माण, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों को अपनी कलाकृतियों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों ने उत्साह एवं लगन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मूल्यांकन के उपरांत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इससे बच्चों में रचनात्मकता, सामाजिक चेतना एवं सकारात्मक सोच का विकास होता है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आगे भी विभिन्न जनजागरूकता एवं शैक्षिक गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा।

अमेठी के नये डीएम शशांक चौधरी संभाली जिले की कमान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। प्रदेश सरकार ने सोमवार देर रात बड़े प्रशासनिक फ़ेरबदल के तहत 34 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। इसी क्रम में अमेठी के जिलाधिकारी संजय चौहान का तबादला कुशीनगर कर दिया गया है। उनकी जगह इन्वेस्ट यूपी एवं उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात शशांक चौधरी को अमेठी का नया जिलाधिकारी नियुक्त किया गया है।

शासन की ओर से जारी तबादला सूची में प्रदेश के 14 जिलों के जिलाधिकारियों को भी बदला गया है। अमेठी में नए जिलाधिकारी की तैनाती के बाद प्रशासनिक गलियारों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। शशांक चौधरी इससे पूर्व इन्वेस्ट यूपी और यूपीडा में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। जिले के नए जिलाधिकारी के रूप में शशांक चौधरी के सामने विकास परियोजनाओं की प्रगति, जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण तथा शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की जिम्मेदारी होगी। वहीं, संजय चौहान अब कुशीनगर के जिलाधिकारी के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे।

लटकते 11 हजार वोल्ट के तारों से हादसे की आशंका, अतिरिक्त पोल लगाने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संग्रामपुर, अमेठी। क्षेत्र की ग्राम पंचायत बदलापुर के मेंहदा, पूरे भुलई, पूरे खौंशी, पूरे बादू, पूरे खुशियाल सहित कई गांवों में 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन के तार ढीले होकर नीचे लटक रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पोलों के बीच अधिक दूरी होने से तारों में पर्याप्त खिंचाव नहीं है, जिससे लोगों और पशुओं की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों के अनुसार कई स्थानों पर तार काफी नीचे झूल रहे हैं, जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। किसानों ने भी खेतों में काम करने के दौरान खतरे की आशंका जताई है।

ग्राम पंचायत बदलापुर के प्रधान (प्रशासक) प्रतिनिधि नन्द लाल यादव ने बताया कि समस्या से बिजली विभाग को अवगत करा दिया गया है। उन्होंने लटकते तारों को तत्काल टाइट कराने और आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त विद्युत पोल लगवाने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। नन्द लाल यादव ने इस संबंध में विद्युत उपकेंद्र शुकुलपुर, ठेंगहा के अवर अभियंता को पत्र भी सौंपा है। वहीं अवर अभियंता ने बताया कि मामला संज्ञान में है और मौके की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।



फखरे अहमद शोबी ने की पूर्व मंत्री की पत्नी से मुलाकात

बदायूँ,कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता फखरे अहमद शोबी ने पूर्व मंत्री पूर्व सांसद आजम खान की पत्नी पूर्व राज्यसभा सांसद तंज़ीम फातिमा से रामपुर जाकर मुलाकात की तथा उनसे मुकदमों के सिलसिले में भी बात की उनके साथ पूर्व सांसद दाउद अहमद मौजूद रहे फखरे अहमद शोबी ने बताया कि जो मुकदमे उनके ऊपर लगाए गए है उनका पूर्व मंत्री से कोई लेना देना नहीं है बदले की भावना से षडयंत्र करके उनको फसाया जा रहा है लेकिन हमें न्यायलय पर पूरा भरोसा है और वहां से हमें पूरा न्याय मिलेगा।

नियमों को ताक पर रख कर बिक रहे गैस सिलेंडर सुरक्षा से हो रहा खिलवाड़, प्रशासन मौन

- न तौल की गारंटी,.....न आग से बचाव घरेलू गैस कारोबार पर गंभीर सवाल..
- तराजू के बिना सिलेंडर,..... फायर सेफ्टी के बिना कारोबार कौन देख रहा नियम?



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जनपद में नियम-कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए घरेलू गैस सिलेंडरों की अवैध बिक्री अब आम बात हो गई है,केवल रामलीलामैदान मैदान ही नहीं बल्कि शहर के कई प्रमुख चौराहों,बाजारों और ब स्तियों में फुटपाथों पर खुलेआम घरेलू गैस सिलेंड र बेचे जा रहे हैं जिला पूर्ति अधिकारी और भारत पेट्रोलियम के जिम्मेदार अधिकारियों की वजह से यह एक खतरनाक चलन बनता जा रहा है,जो एक बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

सुरक्षा आदेशों की उड़ रही धज्जियां

भारत सरकार की गैस सिलेंडरों के भंडारण और बिक्री से संबंधित स्पष्ट गाइडलाइंस हैं।पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन (पीइएस ओ) के नियमों के अनुसार,घरेलू एलपीजी सिलें डरों को केवल अधिकृत डीलर के माध्यम से सुर क्षित स्थानों और गोदाम पर ही वितरित और बेचा जा सक ता है।साथ ही,एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर दो हजार के तहत बिना लाइसेंस गैस सिलेंडर का भंडारण, परि वहन या बिक्री पूरी तरह गैरकानूनी है।इन आदेशों के अनुसार गैस सिलेंडरों.की बिक्री घनी आबादी वाले इलाकों,बाजारों,सड़क किनारे या सार्वजनिक स्थलों पर नहीं की जा सकती।इस के बावजूद भी गोंडा जिले में यह नियम काग जो तक सीमित हो कर रह गए हैं।

स्कूल आने वाले छात्रों को हो रही चिंता

स्कूल आने वाले छात्र कहते हैं कि हम लोग आए दिन इसी रास्ते से गुजरना होता है।अगर कभी को ई सिलेंडर फट गया तो बड़ी जनहानि हो सकती है।प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।वही स्थानीय निवासी कहते हैं कि इस मैदान में करीब आधा दर्जन से अधिक गैस एजेंसियां अपने गोदा म से गैस सिलेंडर लाकर यहाँ पर रखते है जिससे कि हम लोगों को आए दिन हादसे का खतरा बना रहता है। इस पर जिला पूर्ति अधिकारी और भारत पेट्रोलियम के अधिकारियों को संज्ञान में लेना चा हिए।

जरूरी है सख्त कार्रवाई

अब जरूरत है कि जिला प्रशासन और खाद्य एवं रसद विभाग तुरंत सख्ती बरते।..पीइएसओ और एलपीजी कंट्रोल...ऑर्डर के तहत उल्लंघन करने वालों पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही पुलिस और प्रशासन को मिलकर एक सं युक्त अभियान चलाना चाहिए जिससे इस तरह की अवैध गतिविधियों पर रोक लगे और शहर को किसी भी संभावित हादसे से बचाया जा सके।

2024 में हुआ हादसा भी नहीं बना सबक

वर्ष 2024 जनवरी में..लखनऊ से गोंडा जा रहा गैस सिलेंडर लदा ट्रक अचानक हादसे का शिकार हो गया था,आग की ऊंची-ऊंची लपटें और,धमाकों की आवाज से लोग सिहर उठे थे।मौके पर पहुंची पुलिस ने आगागमन बंद कर दिया था।आग की ऊं ची-ऊंची लपटें उठती देख लोगों में हड़कंप मच ग या था।करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भूलिया पुर के पास गैस सिलेंडर लदा ट्रक अचानक पलट गया था।हादसा के बाद ट्रक में भीषण आग लग ग ई थी रसोई गैस सिलेंडर धमाके के साथ फ़टे थे। स्थानीय लोगों की सूझबूझ और दमकल विभाग के तत्काल हस्तक्षेप से कोई बड़ा नुकसान नहीं हु आ।लेकिन हैरानी की बात यह है...कि इसके बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठा या गया।

प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने प्र शासन से कई बार शिकायतें की हैं,लेकिन अब तक न तो अवैध दुकानों पर छापेमारी हुई,न ही किसी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई इससे साफ है कि या तो प्रशासन इन अवैध कारोबारियों के साथ मिला हुआ है या फिर उसे आम जनता की सुरक्षा से कोई सरोकार नहीं।

विहिप नेता शारदाकांत...समेत चार को कोर्ट से राहत नहीं,अग्रिम जमानत खारिज

- जमीन विवाद में फायरिंग के मामले में अदालत ने कहा शुरुआती जांच में पर्याप्त साक्ष्य
- तीन घायलों की मेडिकल रिपोर्ट में गनशॉट इंजरी और छर्रों की पुष्टि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । नवाबगंज थाना क्षेत्र के खरगूपुर गांव में ज मीन विवाद को लेकर हुई फायरिंग के मामले में विश्व हिंदू परिषद के गोंडा विभाग संयोजक शार दाकांत पांडेय समेत चार आरोपियों को अदालत से राहत नहीं मिली।..जिला सत्र न्यायाधीश दुर्गा नारायण सिंह की अदालत ने सोमवार शाम चारों की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी।अदाल त ने कहा कि आरोपी एफआईआर में नामजद हैं और शुरुआती जांच में उनके खिलाफ पर्याप्त सा क्ष्य सामने आए हैं।मामले की गंभीरता और जांच जारी होने को देखते हुए अग्रिम जमानत देने का पर्याप्त आधार नहीं है।

विहिप नेता, बेटा, भाई समेत चार नामजद

अग्रिम जमानत अर्जी खारिज होने वालों में शारदा कांत पांडे,उनके बेटे अमन पांडेय उर्फ पवन पांडे य,भाई नीरज कांत पांडेय और.....अमरकांत पांडे उर्फ गौरव शामिल



हैं,पुलिस के मुताबिक दस अग स्त को दर्जएफआईआर में आरोप लगाया गया था कि 9 अगस्त की रात जमीन विवाद को लेकर फा यरिंग हुई।

तीन लोगों की मेडिकल रिपोर्ट में गोली-छर्रे चोट

पुलिस के अनुसार विवादित जमीन पर निर्माण की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे लोगों पर फायरिंग की गई,घटना में जितेंद्र पांडेय,अभय पांडे और विकास पांडे घायल हुए,अदालत के समक्ष र खी मेडिकल रिपोर्ट में तीनों के शरीर पर गनशॉट इंजरी और छर्रे लगने की पुष्टि का उल्लेख किया गया है। जांच के दौरान घटनास्थल से एक खाली कारतूस बरामद होने की बात पुलिस ने अदालत के समक्ष रखी,पुलिस ने सीसीटीवीफुटेज समेत अन्य साक्ष्यों को भी जांच का हिस्सा बनाया है।अदालत ने इन्हीं शुरुआती साक्ष्यों और मामले की...गंभीरता को अग्रिम जमानत पर विचार करते समय ध्यान में रखा।

आरोपियों का दावा – रंजिश में फंसाया गया

आरोपियों की ओर से अदालत में दलील दी गई.. कि वे घटना में शामिल नहीं थे और जमीन विवाद की पुरानी रंजिश के चलते उन्हें मुकदमे में फंसाया गया है,अभियोजन पक्ष ने आरोपों की गंभीरता औ र जांच के दौरान सामने आए साक्ष्यों का हवाला दे ते हुए अग्रिम जमानत का विरोध किया।

दोनों पक्षों से मुकदमे, जांच जारी

जमीन विवाद से जुड़े मामले में दोनों पक्षों की ओर से मुकदमे दर्ज कराए गए हैं,..पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और अन्य..उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर विवेचना आगे बढ़ाई जा रही है। वरिष्ठ अधिवक्ता बृजलाल तिवारी ने चारों आरोपियों की अग्रिम जमानत अर्जी...खारिज होने की पुष्टि की है।

डीएम मैंम.....भूतहा तालाब को भू-माफियाओं के चंगुल से बचाएं..!

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में सरकारी जमीनों पर बढ़ते अतिक्रम ण और भू-माफियाओं के बढ़ते हौसलों का एक गं भीर मामला सामने आया है जिले के जिला मुख्या लय से सटा हुआ एक ग्राम पंचायत स्थित है जान की नगर इस ग्राम पंचायत में एक तालाब है भुतहा तालाब के नाम से प्रसिद्ध है एक मजरा रानी पुरवा के पास स्थित है जो करीब सैकड़ो वर्ष पुराने और करीब दस एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले सरकारी तालाब पर अवैध कब्जाकर प्लाटिंग किए जाने के आरोपों ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है इस मा मले को लेकर अब कई समाज सेवी और गांव वा ले एकजुट हो गए हैं।उन्होंने कथित भू-माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोलदिया है,ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो न केव ल तालाब का अस्तित्व खत्म हो जाएगा,बल्कि क्षे त्र में भविष्य में गंभीर जल संकट भी पैदा हो सक ता है।ग्रामीणों के अनुसार गांव का यह ऐतिहासि क तालाब वर्षों से जल संरक्षण का प्रमुख स्रोत र हा है आरोप है कि कुछ प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा भूतहा तालाब की सरकारी भूमि पर आरसीसी स ड़क के किनारे रेडीमेड सीमेंट की दीवाल उठा कर अवैध कब्जा कर प्लाटिंगकराई जा रही है,ग्रामीणों का दावा है कि भूतहा तालाब के अस्तित्व को भू- माफिया के द्वारा खत्म किया जा रहा है।इस वजह से लोगों में भारी नाराजगी है और वे लगातार प्रशा सन से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं।

दस एकड़ से अधिक भूतहा तालाब पर कब्जे का आरोप

मामले को लेकर कई समाजसेवियों ने.. भी गंभीर आरोप लगाए हैं वही चर्चा है कि एक पूर्व पटवारी के द्वारा पट्टे को इस सरकारी तालाब की भूमि पर दर्शाकर अतिक्रमणकर्ताओं को लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है,..वही इसकी पुष्टि कैनविज टाइम्स नहीं करता है। वही समाजसेवियों का आरो प है... कि प्रशासनिक स्तर पर मिली कथित ढील और लापरवाही के कारण ही....भू-माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हुए हैं स्थानीय लोगों का कहना है कि तालाब के लगातार सिकुड़ने और उसके आ सपास मिट्टी भराव होने से क्षेत्र का जलस्तर प्रभा वित हो रहा है।गर्मी के मौसम में पानी की समस्या पहले से ही गंभीर बनी हुई है और यदि तालाब पू री तरह खत्म हो गया तो आने वाले वर्षों में हालात और खराब हो सकते हैं. यहीं कारण है कि ग्रामीण अब किसी भी कीमत पर भूतहा तालाब को बचाने की मांग कर रहे हैं।...वही मामला तूल पकड़ने पर सदर एसडीएम जितेंद्र गौतम ने तालाब पर अतिक्र मण को लेकर राजस्व विभाग की दस सदस्यों की टीम बनाई गई है पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करा ई जाएगी और जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाए गी।फिलहाल प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है, ले किन स्थानीय लोगों की निगाहें अब कार्रवाई पर टिकी हैं केवल जांच नहीं, बल्कि भूतहातालाब की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कर उसकी मूल स्थिति बहाल करना ही इस समस्या का स्थायी..समाधान हो अब देखना होगा कि जिलाप्रशासन इस बेशकी मती सरकारी संपत्ति भूतहातालाब को भू-माफिया ओं के कब्जे से कब तक मुक्त करा पाता है या फि र भूतहा तालाब अपने अस्तित्व को बचाने की गुहार लगाता रहेगा।

इमरजेंसी के बाहर गंदा पानी, इलाज कराने आए मरीजों को दुर्गंध और मच्छरों की 'परीक्षा'

- बाबू ईश्वर शरण अस्पताल में लंबे समय से जल भराव, रास्ते से गुजरते हैं मरीज और डॉक्टर
- टैंक का पानी जमा होने से बदबू,मच्छरों के पनपने की आशंका, डॉ.रूमाल रखकर पार करते रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। मेडिकल कॉलेज से संबद्ध बाबू ईश्वर शरण अस्पताल की इमरजेंसी के...बाहर लंबे समय से जमा गंदा पानी मरीजों के इलाज के साथ उनकी परेशानी भी बढ़ा रहा है।....इमरजेंसी तक पहुंचने वाले मरीजों और तीमारदारों को दुर्गंध और जलभ राव के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है।

अस्पता ल परिसर में टैंक का पानी जमा



होने से आसपास लगातार बदबू बनी रहने की शिकायत है,इमरजेंसी के ठीक बाहर जमा पानी के कारण मरीजों को आ ने-जाने में परेशानी होती है।आसपास पानी जमा रहने से मच्छरों के पनपने की आशंका भी बनी हु ई है।मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि अ स्पताल में बीमारी का इलाज कराने आ रहे लोगों को पहले गंदे पानी और दुर्गंध से होकर गुजरना प ड़ रहा है।

डॉ. भी परेशान, रूमाल रखकर गुजरने की नौबत

इमरजेंसी के पास ही रेजीडेंट डॉक्टरों का हॉस्टल है।अस्पताल और हॉस्टल के बीच आने-जाने वाले डॉक्टरों को भी इसी रास्ते से गुजरना पड़ता है।दु र्गंध से बचने के लिए कई बार रेजीडेंट डॉक्टर मुंह पर रूमाल रखकर रास्ता पार करते दिखाई देते हैं। इससे अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।मरीजों और अस्पताल कर्मियों का कहना है कि जलभराव की..तत्काल निकासी के साथ उस स्थान की नियमित सफाई जरूरी है,पा नी हटने से दुर्गंध और मच्छरों की समस्या से भी राहत मिल सकती है।सीएमएस डॉ.अनिल तिवारी ने बताया कि समस्या से उच्चाधिकारियों को अवग त कराया गया है। जल्द ही इसका समाधान कराया जाएगा।अस्पताल आने वाले किसी भी मरीज और तीमारदार को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

राशन व्यवस्था पर निगरानी,तीन पूर्ति निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

करनैलगंज, मनकापुर तरबगंज में बदली जिम्मेदारी डीएसओ ने तत्काल प्रभाव संभालने के निर्देश



गोंडा। जिले में राशन वितरण और आपूर्ति व्यवस्था की निगरानी को और प्रभावी बनाने के लिए पूर्ति विभाग ने तीन पूर्ति निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फ़ेर बदल किया है।जिला पूर्ति अधिकारी कुँवर दिनेश प्रताप सिंह ने नवीन कार्यविभाजन का आदेश जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल नई जिम्मेदारी संभालने के निर्देश दिए हैं,विभागीय आ देश के अनुसार करनैलगंज तहसील के विकास खंड करनैलगंज और परसपुर का दायित्व देख रहे पू र्ति निरीक्ष क सुनील कुमार दिवाकर को अब मन कापुर तहसील के विकासखंड मनकापुर की जिम्मेदारी दी गई है।

परसपुर विकासखंड की जिम्मे दारी सौंपी गई है।वही मनकापुर तहसील में तैनात संजय कुमार त्रिपाठी को तरबगंज तहसील के तर बगंज,नवाबगंज और वजीरगंज विकासखंड का प्रभार दिया गया है,तीनों अधिकारियों को नए का र्यक्षेत्र में तत्काल योगदान देने को कहा गया है।जि ला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि कार्यविभाजन,का उद्देश्य आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े कार्यों को अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करना है।संबंधित निरीक्ष कों को अपने-अपने क्षेत्रों में राशन वितरण व्यव स्था की निगरानी,विभागीय दायित्वों का नियमा नुसार निर्वहन और आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।कार्यविभाजन की सू चना उच्चाधिकारियों को भी उपलब्ध करा दी गई है।

वहीं तरबगंज तहसील के तरबगं ज,नवाबगंज और वजीरगंज ब्लॉकों का प्रभार सं भाल रहे महेश प्रसाद को करनैलगंज तहसील के करनैलगंज और..

डीएम व एसपी ने नगर क्षेत्र का किया पैदल भ्रमण

- पूजा पण्डाल स्थलों पर डीएम व एसपी ने किया जनसंवाद , दिये आवश्यक दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । श्री गणेश पूजा एवं गणेश प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से सोमवार की रात्रि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत, अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर नारायण दत्त मिश्रा व पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में घण्टाघर चौराहा से विभिन्न पूजा पण्डाल स्थलों तक पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का एहसास कराया।

पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों द्वारा नगर क्षेत्र में भ्रमण करते हुए गणेश पूजा एवं आगामी प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत क्षेत्र की सुरक्षा-व्यवस्थाओं का



जायज़ा लिया गया। नगर भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने प्रमुख गणेश प्रतिमा स्थापना स्थलों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा आवागमन तथा भीड़भाड़ की स्थिति का अवलोकन करते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। त्यौहार के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु तैनात अधिकारियों व कर्मियों को आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सतर्कता एवं सजगता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। पूजा पण्डालों के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने जनसंवाद करते हुए मौके पर मौजूद पूजा समिति के पदाधिकारियों व श्रद्धालुओं से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

ईवीएम वेयर हाउस का डीएम ने किया त्रैमासिक निरीक्षण



बहराइच । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार व अन्य अधिकारियों, भाजपा के प्रशासनिक प्रमुख श्रवण शुक्ल, सपा के जिला उपाध्यक्ष ज़फर उल्ला खां बन्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव हमज़ा शफीक, बहुजन समाज पार्टी के छोटे लाल व आम आदमी पार्टी के अनुज कुमार पाठक के साथ इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कर ईवीएम की सुरक्षा इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सी.सी.टी.वी. कैमरे क्रियाशील पाये गये तथा वेयर हाउस भवन मानक के अनुसार फायर एक्सटिंग्यूशर स्थापित पाये गये। इस अवसर पर जल निगम के अवर अभि. संदीप जायसवाल तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के कार्मिक मौजूद रहे।

ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया खेल कौशल

- कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरेश चन्द्र अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे उमेश चन्द्र शाह मौजूद रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। स्थानीय वैद्य भगवानदीन बालिका इंटर कॉलेज, नानपारा के तत्वावधान में मंगलवार को जनपदीय माध्यमिक ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरेश चन्द्र अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे उमेश चन्द्र शाह मौजूद रहे।

क्रीड़ा प्रभारी पूजा रावत, जिला क्रीड़ा सचिव विवेक रावत, प्रधानाचार्या सुमैया मसूद, प्रबंधक हरिशंकर शर्मा एवं जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वदानन्द सहित अन्य अतिथियों की सहभागिता में प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में अजय अग्रवाल, मुरारी लाल शर्मा, श्याम बिहारी अग्रवाल, प्रधानाचार्या सुमैया मसूद, सीमा यादव, पूजा रावत, प्रेमलता रंजन, सिम्पला यादव, नीलम देवी, सोनी दुबे, पायल श्रीवास्तव एवं अस्मिता वर्मा सहित प्रतिभागियों की सहभागिता रही। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देना तथा ताइक्वांडो के प्रति रुचि विकसित करना है।

स्व धर्मराज पाठक के त्याग और योगदान को मिले उचित सम्मान : अभिषेक सिंह राणा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने मंगलवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर के मुख्य गेट पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय धर्मराज पाठक के नाम से सरकारी बोर्ड लगाए जाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया है कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. धर्मराज पाठक सुल्तानपुर के ग्राम मोतिगरपुर पठकोली थाना मोतिगरपुर, तहसील जयसिंहपुर के निवासी थे, उनके सम्मान में तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर का नाम स्वर्गीय धर्मराज पाठक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर किए जाने की जानकारी दी गई है। ज्ञापन के अनुसार 19 मार्च 2016 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर का उद्घाटन हुआ था। उस समय विभाग की ओर से मुख्य गेट पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. धर्मराज पाठक के नाम से बोर्ड लगाए जाने का आश्वासन दिया गया था, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि लंबे समय बीतने के बावजूद मुख्य गेट पर बोर्ड नहीं लगाया गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व धर्मराज पाठक ने देश की आजादी के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनके सम्मान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नामांकरण किया गया था और मुख्य गेट पर उनके नाम का सरकारी बोर्ड लगाए जाने का आश्वासन भी दिया गया था। वर्षों बीत जाने के बाद भी बोर्ड नहीं लगाया गया है।

यह स्वतंत्रता सेनानी के सम्मान से जुड़ा विषय है।हमारी मांग है कि जिला प्रशासन तत्काल संज्ञान लेते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट पर स्व धर्मराज पाठक के नाम का सरकारी बोर्ड लगवाए, ताकि उनके त्याग और योगदान को उचित सम्मान मिल सके। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर सीएचसी मोतिगरपुर के मुख्य गेट पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय धर्मराज पाठक के नाम से सरकारी बोर्ड लगवाने की मांग की है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सुब्रत सिंह सनी, शहर अध्यक्ष शक़ील अंसारी, ममनून आलम, आवेश अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

वाराणसी में पं. दीनदयाल जयंती पर काशी क्षेत्र के 31,168 बूथों पर सेवा कार्यक्रम

वाराणसी । एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं जनसंघ के अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती 25 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) काशी क्षेत्र विभिन्न सेवा कार्यक्रम आयोजित करेगी। इसके तहत काशी क्षेत्र के सभी 16 संगठनात्मक जिलों के 337 मंडलों और 31,168 बूथों पर पार्टी कार्यकर्ता सेवा गतिविधियों में भाग लेंगे। मंगलवार शाम यह जानकारी पार्टी के काशी क्षेत्र अध्यक्ष अशोक चौरसिया ने दी। रोहनिया स्थित पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित बैठक में अशोक चौरसिया ने बताया कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का पूरा जीवन राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित रहा। वे अंत्योदय के विचार के प्रबल समर्थक थे और उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व आज भी कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक है। अशोक चौरसिया ने कहा कि आजाद भारत की राजनीति और आर्थिक चिंतन को दिशा देने में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'सबका साथ और सबका विकास' का संकल्प पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

बोर्ड बैठक न बुलाए जाने को लेकर सभासदों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

❒ ज्ञापन में सभासदों ने बताया कि नगर पालिका अधिनियम के अनुसार नियमित अंतराल पर बोर्ड बैठक आयोजित किए जाने का प्रावधान है



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर के विभिन्न वार्डों के सभासदों ने नगर पालिका बोर्ड की बैठक नियमानुसार न बुलाए जाने को लेकर जिलाधिकारी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। सभासदों का आरोप है कि नगर पालिका अधिनियम-1916 की धारा 86(2) के तहत बोर्ड बैठक बुलाए जाने को लेकर पूर्व में पत्र दिए गए थे। 5 सितंबर 2026 को दिए गए पत्र के बाद अधिशासी अधिकारी द्वारा 16 सितंबर को पत्र जारी किया गया, लेकिन इसके बावजूद निर्धारित अवधि में बोर्ड की बैठक आहूत नहीं की गई।

ज्ञापन में सभासदों ने बताया कि नगर पालिका अधिनियम के अनुसार नियमित अंतराल पर बोर्ड बैठक आयोजित किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने पूर्व में बोर्ड की बैठकों में लिए गए निर्णयों का अनुपालन न किए जाने का भी आरोप लगाया।

सभासदों ने नगर पालिका की प्रशासनिक व्यवस्था में कथित अनियमितता, भ्रष्टाचार एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्रभावित किए जाने की बात भी पत्र में उठाई है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की कि धारा 86(2) के तहत नियमानुसार बोर्ड बैठक बुलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। भैया दीप सिंह, संजय कप्तान, अखिलेश मिश्रा, गिरीश मिश्रा,विजय कुमार जायसवाल, कंचन लता, पूर्णिमा कुमारी, अरविंद कुमार यादव, अरशद हबीब आदि मौजूद रहे।

सुधा रानी वर्मा को बल्दीराय-धनपतगंज का चार्ज

बल्दीराय, सुल्तानपुर। बेसिक शिक्षा विभाग में खण्ड शिक्षा अधिकारियों के स्थानांतरण के बाद जनपद में नई तैनाती की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता की ओर से 21 सितंबर 2026 को जारी आदेश के तहत सुधा रानी वर्मा ने सुल्तानपुर में खण्ड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। विभागीय आदेश के अनुसार सुधा रानी वर्मा को बल्दीराय एवं धनपतगंज विकासखंडों के खण्ड शिक्षा अधिकारी का प्रभार सौंपा गया है। उन्हें अग्रिम आदेश तक दोनों विकासखंडों के पदीय दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं। बल्दीराय में खण्ड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी का कार्यकाल हाल ही में पूरा हुआ था। इसके बाद विभाग की ओर से नई व्यवस्था के तहत सुधा रानी वर्मा को बल्दीराय के साथ धनपतगंज की जिम्मेदारी दी गई है। नई तैनाती के बाद दोनों विकासखंडों में बेसिक शिक्षा विभाग से जुड़े प्रशासनिक एवं शैक्षिक कार्यों के संचालन की जिम्मेदारी अब उनके पास रहेगी।

बेसिक क्रिकेट टीम सुल्तानपुर की 16 सदस्यीय टीम घोषित, सैयद अरशद को मिली कप्तानी

सुल्तानपुर। आगामी क्रिकेट प्रतियोगिताओं को लेकर बेसिक क्रिकेट टीम सुल्तानपुर की 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी गई है। चयन समिति ने अनुभवी एवं युवा खिलाड़ियों के संतुलित संयोजन पर भरोसा जताते हुए टीम का गठन किया है। टीम की कमान सैयद अरशद को सौंपी गई है, जबकि धर्मेंद्र यादव को उपकप्तान की जिम्मेदारी दी गई है। कप्तान बनाए जाने पर सैयद अरशद ने कहा कि टीम में प्रतिभाशाली और अनुभवी खिलाड़ियों का बेहतर तालमेल है। सभी खिलाड़ी पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने का भरोसा जताया। घोषित 16 सदस्यीय टीम में सैयद अरशद (कप्तान), धर्मेंद्र यादव (उपकप्तान), विजेंद्र कुमार 'वीरू', राहुल यादव, मनीष सिंह, आयुष सिंह, राहुल गौतम, सत्येंद्र सिंह, विजेंद्र यादव, बृजेश राणा, विकास राव, राजकुमार सरोज, प्रमोद सरोज, सौरभ विक्रम सिंह, हरिकेश सिंह शामिल हैं। टीम की घोषणा के बाद प्राथमिक शिक्षक संघ/बेसिक परिवार के लंभुआ ब्लॉक अध्यक्ष रणवीर सिंह ने कप्तान सैयद अरशद, उपकप्तान धर्मेंद्र यादव सहित सभी चयनित खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

बिजली समस्या को लेकर भड़के सपा कार्यकर्ता, सौंपा अधिशासी अभियंता को ज्ञापन



पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर में लगातार हो रही बिजली कटौती और विभागीय लापरवाही से नाराज सपा कार्यकर्ताओं ने विद्युत अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि सरकार द्वारा तय मानकों के अनुसार बिजली दी जाए। दिन भर में अनेकों बार बिजली गुल होने से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। नगर में कई जगह बिजली के तार झूल रहे हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि झूलते हुए तारों को ऊंचा किया जाए ताकि लोग बिना भय के आवागमन कर सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन के नाम पर जनता को परेशान होना पड़ता है। दलालों से बचाव के लिए सप्ताह में एक दिन विद्युत कैंप लगाया जाए ताकि आसानी से कनेक्शन मिल सके। उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिजली सुधार के लिए अलग खिड़की बनाए जाने की भी मांग की गई।ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला सचिव तौफीक अहमद कादरी, सभासद नादिर रजा बरकाती, सपा विधानसभा उपाध्यक्ष अहीद खान, पूर्व सभासद फारूक कुरैशी, ओमकार, अंग्रेज सिंह, बलविंदर सिंह, पुनीत, रोहित, अंकित सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आज होगा पीडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार आज 23 सितंबर 2026, बुधवार को पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे 129 विधानसभा पूरनपुर के कोतवाली रोड स्थित एक बैंकट हॉल में होगा।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी पीलीभीत के जिलाध्यक्ष धर्मेश गंगवार करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक 129 विधानसभा पूरनपुर के विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव हैं। सम्मेलन के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल होंगे।सम्मेलन को लेकर समाजवादी पार्टी में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सम्मेलन में संगठन को मजबूत करने और आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी।इस अवसर पर पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, समस्त राष्ट्रीय एवं प्रदेशीय पदाधिकारी, वरिष्ठ नेतागण, समस्त आवेदक, ब्लॉक अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी, बूथ प्रभारी, जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी, समस्त बीएलए, फ्रंटल संगठनों के जिलाध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी, समस्त विधानसभा पदाधिकारी तथा समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ता आमंत्रित हैं।उक्त जानकारी समाजवादी पार्टी पीलीभीत के जिला अध्यक्ष धर्मेश गंगवार ने दी है।

लोहे की रॉड से हमला, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। माधोटांडा थाना क्षेत्र के आसपुर गांव में पानी सार्वजनिक रास्ते पर जाने को लेकर हुए विवाद में महिला से मारपीट और उसकी भाभी पर लोहे की रॉड से हमला करने का मामला सामने आया है। माधोटांडा पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी रामगोपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 सितंबर की सुबह करीब सात बजे उसके नल का पानी सार्वजनिक रास्ते पर चला गया था। इसी बात को लेकर गांव के वेदप्रकाश और उसके बेटे आदर्श ने उसकी प'ी चित्रा के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।आरोप है कि वेदप्रकाश ने उसकी प'ी को जमीन पर गिरा दिया। शोर सुनकर रामगोपाल की भाभी कमला देवी मौके पर पहुंचीं और बीच-बचाव किया।आरोप है कि इसके बाद दोनों आरोपी घर से लाठी और लोहे की रॉड लेकर आए और कमला देवी पर हमला कर दिया। हमले में उनके दोनों हाथों में गंभीर चोटें आईं। पीड़ित पक्ष ने बताया कि आरोपियों से पहले भी विवाद हो चुका है। रामगोपाल ने परिवार को जान से मारने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

डंपर की चपेट में पशु की मौत, खनन की निगरानी पर उठे सवाल

❒ लगातार लगातार हो रही शिकायत इसके बावजूद भी नहीं हो रही कोई कार्रवाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। खुटार आसाम हाईवे पर सोमवार शाम मिट्टी लदे डंपर की चपेट में आने से पशु की मौत हो गई थी। हादसे के बाद राष्ट्रीय बजरंग दल और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर नाराजगी जताई। उन्होंने मिट्टी खनन और भारी वाहनों के संचालन की जांच कराने की मांग की।

बताया गया कि कढ़ेरचौराहा की ओर मिट्टी लेकर जा रहा डंपर रुरिया गांव के मोड़ के पास पहुंचा था। इसी दौरान सड़क पर मौजूद पशु उसकी चपेट में आ गया। हादसे में पशु की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर रामसेवक, धनजयं मिश्रा, गौरक्षा प्रमुख शिवम सिंह भदौरिया समेत अन्य कार्यकर्ता पहुंच गए।कार्यकर्ताओं का आरोप है कि क्षेत्र में मिट्टी से भरे डंपर लगातार आवागमन कर रहे हैं। उन्होंने खनन की अनुमति, परिवहन से जुड़े दस्तावेज और वाहनों की जांच की मांग की। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई और जांच शुरू कर दी। वहीं सुखदासपुर के पास प्लॉट पटान के लिए मिट्टी डाले जाने की सूचना भी प्रशासन को दी गई हालांकि मंगलवार दोपहर तक भी तहसील प्रशासन की टीम मौके पर नही पहुंची जबकि एसडीएम मयंक गोस्वामी के सीओजी फोन पर फोटो भेजा गया था। इस पर उन्होंने जाँच कराने की बात कहीथी। फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। लोगों का कहना है कि छोटे वाहनों पर कार्रवाई होती है, जबकि डंपरों के संचालन पर निगरानी जरूरी है और अधिकारी अंजान है।

नेशनल हाईवे किनारे अतिक्रमण पर चला बुलडोजर मौके पर पहुंचे नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। हाईवे किनारे किए गए अतिक्रमण के खिलाफ एनएचआई की टीम ने मंगलवार दोपहर को अभियान चलाकर कई अस्थायी दुकानों को हटवा दिया। टीम की कार्रवाई से सड़क किनारे दुकान लगाने वाले फल-सब्जी विक्रेताओं में खलबली मच गई।

इस दौरान जानकारी लगने पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला मकर पर पहुंचे कार्रवाई में भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया उनका कहना है। कि हाईवे की जमीन के आसपास कई बड़े कारोबारी लंबे समय से दुकानें और प्रतिष्ठान संचालित कर रहे हैं। इनमें बाइक एजेंसी, मोरंग-बजरी की दुकानें समेत अन्य बड़े कारोबार शामिल हैं। आरोप है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में इन प्रतिष्ठानों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि छोटे फल और सब्जी विक्रेताओं की दुकानों को बुलडोजर से हटा दिया गया।दुकानदारों ने मांग की कि यदि हाईवे की जमीन पर अतिक्रमण है तो सभी के खिलाफ समान रूप से कार्रवाई की जाए। उनका कहना था कि छोटे दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।अभियान के दौरान एनएचआई के आमीन, आमीन अहमद, जेई सुमनलता, सहायक अभियंता विजय राज, नायब तहसीलदार दीपक कुमार, कानूनगो सहित पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों की मौजूदगी में हाईवे किनारे से अतिक्रमण हटाया गया।

लेखपालों ने अतिरिक्त हल्के का कार्य छोड़ा, कार्यालय में जमा किए दस्तावेज

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लंबित मांगों का समाधान न होने पर उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील पूरनपुर इकाई ने मंगलवार से अतिरिक्त हल्के के कार्य का बहिष्कार शुरू कर दिया। लेखपालों ने अतिरिक्त हल्के से संबंधित दस्तावेज और बस्ता संबंधित कार्यालय में जमा कर दिए। इससे पहले संघ ने 19 सितंबर को मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग की थी।तहसील अध्यक्ष शिशुपाल सिंह और मंत्री आकांक्षा राजपूत के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में अंतर्मंडलीय स्थानांतरण, चयन वर्ष 2025-26 की लंबित पदोन्नति सूची जारी करने, प्रशिक्षण परीक्षा का परिणाम और प्रमाणपत्र घोषित करने समेत कई मांगें उठाई गई थीं। लेखपालों ने स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर 500 रुपये, मोटरसाइकिल भत्ता 1500 रुपये करने तथा विशेष भत्ते में वृद्धि की मांग भी रखी है।संघ ने भूलेख कार्यालयों में संबद्ध लेखपालों को मूल कार्य पर वापस भेजने, ग्राम सचिवालयों में पर्याप्त सुविधाएं मिलने तक रोस्टर का बहिष्कार करने, 2800 ग्रेड पे की वेतन विसंगति दूर करने तथा लेखपाल पद को तकनीकी पद घोषित कर लैपटॉप और मोबाइल उपलब्ध कराने की मांग की थी। उसके भी मांगे पूरी नहीं हुई और लेखपालों ने अतिरिक्त कार्य का आज से बहिष्कार कर दिया है।

रानीखेत से नगरिया खुर्द कला क्षेत्र में पहुंचे आईजी

❒ ग्रामीणों के बीच बैठकर सुनी समस्याएं डिग्री कॉलेज और सीएचसी की उठी मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। रानीखेत से आए एसएसबी आईजी अमित कुमार ने कलीनगर तहसील क्षेत्र के नगरिया खुर्द कला पहुंचकर क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने चूका पुल, नगरिया कट और एसएसबी कैंप का निरीक्षण कर जवानों का हालचाल जाना। इसके बाद गांव में ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं।बैठक में नगरिया खुर्द कला के समाजसेवी एवं ग्राम पंचायत सदस्य चितरंजन बरौई ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं आईजी के सामने रखीं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बड़ी आबादी होने के बावजूद डिग्री कॉलेज नहीं है। इंटरमीडिएट के बाद छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए करीब 40 किलोमीटर दूर खटीमा या पूरनपुर जाना पड़ता है। इससे छात्राओं और उनके परिवारों को काफी परेशानी होती है।उन्होंने क्षेत्र में सरकारी अस्पताल की जरूरत बताते हुए स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। इसके अलावा पूरनपुर से खटीमा को जोड़ने वाले मार्ग की जर्जर हालत का मुद्दा भी उठाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क खराब होने से आवागमन में परेशानी होती है और क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद आईजी ने सड़क निर्माण के संबंध में शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। वहीं डिग्री कॉलेज और अस्पताल की सुविधा के लिए जिलाधिकारी से संपर्क कर कार्ययोजना तैयार कराने की बात कही। इस दौरान ग्राम प्रशासक विवेकानंद सरकार, शंकर राय, अजय वैद्य, मंजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

आयुर्वेद दिवस के अवसर पर आयोजित हुई रन फॉर आयुर्वेद रैली

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। 11वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जनपद में ़रन फॉर आयुर्वेदङ्क रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सतीश मिश्र ने झंडी दिखाकर किया गया।रैली का आयोजन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरबंश कुमार एवं ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर डॉ. अनुराधा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. नमन शर्मा एवं डॉ. अविनाश वर्मा रहे।रैली में लगभग 200 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इसमें चिकित्सकों, विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों, योगाचार्यों तथा अन्य प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इस दौरान आयुर्वेद एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जन-जागरूकता उत्पन्न करने वाले विभिन्न नारों का उद्घोष किया गया। प्रतिभागियों द्वारा ़जीवन स्वस्थ बनाना है, आयुर्वेद अपनाना हैङ्क,़आयुर्वेद का मूल मंत्रकृस्वस्थ तन और सुखी मनङ्क तथा ़नो साइड इफ़ेक्ट,सिर्फ परफ़ेक्ट हेल्थङ्क जैसे नारों के माध्यम से आमजन को आयुर्वेद अपनाने का संदेश दिया गया।़रन फॉर आयुर्वेदङ्क रैली का शुभारंभ ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय से हुआ। रैली कॉलेज परिसर से प्रारंभ होकर कोतवाली होते हुए चैक बाजार पहुंची तथा निर्धारित मार्ग से वापस कॉलेज परिसर में आकर सम्पन्न हुई।रैली का मुख्य उद्देश्य आमजन तक आयुर्वेद के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली एवं योग के प्रति जागरूकता का संदेश पहुंचाना तथा दैनिक जीवन में आयुर्वेद को अपनाने के लिए जन-जागरूकता उत्पन्न करना रहा। यह आयोजन ़सेवा संकल्प अभियानङ्क के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं आयुर्वेद के प्रति जनसामान्य को जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

रैली में डीएचएमओ डॉ. राजीव शर्मा, प्रोफ़ेसर अजय कुमार, डॉ. हरि शंकर मिश्रा, डॉ. राकेश कुमार दोहरे, डॉ. सरोज अहिरवार, डॉ. मोनिका अग्रवाल सहित आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं विभाग के चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में योगाचार्यों की भी सक्रिय सहभागिता रही है।

देवी-देवताओं के भेष में नृत्य पर रोक को लेकर संगोष्ठी आयोजित

कटका, सुल्तानपुर । कटका क्लब सामाजिक एवं मिशन जारी टीम के संयुक्त तत्वावधान में श्यामकुमारी बालिका इंटर कॉलेज में देवी-देवताओं के भेष में नृत्य करने पर रोक लगाने को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अगुवाई मिशन जारी टीम के मनोज कुमार विश्वकर्मा ने की। संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक देवी-देवताओं के स्वरूप को मंचीय प्रस्तुतियों में किस प्रकार प्रदर्शित किया जाए, इसे लेकर विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं में जागरूकता आवश्यक है। वक्ताओं ने धार्मिक भावनाओं और सांस्कृतिक मर्यादाओं का सम्मान करते हुए छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर जोर दिया। इस मौके पर संस्था के डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में धार्मिक आस्था और सामाजिक संवेदनशीलता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।

बिलसंडा ब्लॉक में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार विकास खण्ड बिलसंडा में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी एवं ब्लॉक द्वारा नामित प्रतिनिधि ने की।संरक्षण अधिकारी रमनदीप कौर ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए बताया कि ब्लॉक बाल कल्याण समिति के अंतर्गत बच्चों को संरक्षण प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। निराश्रित बच्चों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित कराना समिति का मुख्य उद्देश्य है।केंद्र प्रशासिका द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सखी वन स्टॉप सेंटर की विस्तृत जानकारी दी गई और महिलाओं को सशक्त होने के लिए प्रेरित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त करने के संबंध में जानकारी दी गई। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने पोषण से संबंधित जानकारी साझा की, जबकि थाना बिलसंडा से बाल कल्याण अधिकारी ने पुलिस विभाग के टोल फ्री नंबरों की जानकारी दी। राजकीय विशेष दत्तक ग्रहण संस्था से सजल सक्सेना ने बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया के बारे में बताया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत 07 बालिकाओं को बेबी किट वितरित की गई। साथ ही सेवा संकल्प अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।बैठक में सभी सदस्यों ने अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं महिला कल्याण विभाग से अभिषेक शुक्ला सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

लखनऊ से हलियापुर अयोध्या तक नई रेल लाइन की मांग तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, लखनऊ-अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग गक्र-330इ तथा हलियापुर टोल प्लाजा क्षेत्र में लगातार बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए लखनऊ से हलियापुर होते हुए अयोध्या धाम तक नई रेल लाइन बिछाने की मांग तेज हो गई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान सड़क मार्ग पर बढ़ने वाला अत्यधिक यातायात अब गंभीर समस्या बनता जा रहा है। ऐसे में लखनऊ से हलियापुर होते हुए अयोध्या तक सीधी रेल कनेक्टिविटी क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण और दीर्घकालिक परियोजना साबित हो सकती है।

रामनवमी और कुंभ जैसे आयोजनों में बढ़ता है यातायात दबाव अयोध्या में श्रीराम मंदिर से जुड़े बड़े धार्मिक आयोजनों, रामनवमी, दीपोत्सव तथा प्रयागराज में कुंभ एवं माघ मेला जैसे अवसरों पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उत्तर प्रदेश पहुंचते हैं। लखनऊ से अयोध्या तथा प्रयागराज की ओर जाने वाले वाहनों का बड़ा दबाव पूर्वांचल एक्सप्रेसवे और हलियापुर टोल प्लाजा क्षेत्र से होकर गुजरने वाले मार्गों पर दिखाई देता है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के दौरान हलियापुर से अयोध्या की ओर जाने वाले मार्ग पर कई किलोमीटर तक वाहनों की कतार लगने की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। छोटे-बड़े वाहनों के साथ ट्रकों का दबाव बढ़ने से यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है। कई बार प्रशासन को यातायात नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त इंतजाम करने पड़ते हैं। लंबे जाम में फंसने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को भोजन, पेयजल तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए भी परेशानी उठानी पड़ती है।क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि भविष्य में धार्मिक पर्यटन और यातायात का दबाव और बढ़ने की संभावना है। ऐसे में केवल सड़क मार्ग पर निर्भर रहने के बजाय लखनऊ हलियापुर अयोध्या के बीच नई रेल लाइन एवं सीधी ट्रेन सेवा की दिशा में गंभीर पहल किए जाने की जरूरत है। नई रेल लाइन बनने से हलियापुर, जगदीशपुर, अमेठी और सुलतानपुर क्षेत्र के लोगों को अयोध्या और लखनऊ से सीधी रेल सुविधा मिल सकेगी। इससे यात्रियों को वैकल्पिक परिवहन साधन मिलेगा तथा क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

लूट के दोषी को सात साल का सश्रम कारावास

गोरखपुर । वर्ष 2012 में थाना राजघाट क्षेत्र में दर्ज लूट के एक मामले में करीब 14 वर्ष बाद न्यायालय ने अभियुक्त सुनील हरिजन को दोषी करार देते हुए सात वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा चलाए जा रहे 'ऑपरेशन कनविक्शन' अभियान के तहत प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप हुई। पुलिस के अनुसार, थाना राजघाट में वर्ष 2012 में मु0अ0सं0-332/2012 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 392 में लूट का अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले में अभियुक्त सुनील हरिजन पुत्र श्याम देव, निवासी डोहरिया बाजार, थाना चिलुआताल, जनपद गोरखपुर को आरोपी बनाया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान पुलिस की ओर से न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर के निर्देशन में थाने के पैरोकार और मॉनिटरिंग सेल द्वारा मुकदमे की लगातार निगरानी करते हुए अभियोजन पक्ष की ओर से आवश्यक साक्ष्य एवं तथ्यों को न्यायालय के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कराया गया।

शारदीय नवरात्र में महिलाओं की सुरक्षा के लिये सतर्क और मुस्तैद रहेगी खाकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। आगामी शारदीय नवरात्र के दृष्टिगत मिशन शक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज में नोडल अधिकारी व बीट की महिला अधिकारी कर्मचारीगण के साथ किया गया गोष्ठी का आयोजन किया गया।उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार आगामी शारदीय नवरात्र के दृष्टिगत ़मिशन शक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज में जनपद के थानों पर बनाये गये मिशन शक्ति केन्द्र के नोडल अधिकारी व थानों पर नियुक्त बीट महिला कर्मियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में बीट उपनिरीक्षक नोडल अधिकारी व महिला बीट आरक्षी को अपने अपने बीट में जाकर कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण, विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन,112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी,शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक करने हेतु व स्कूल कालेज के खुलने व बंद होने के समय व महिला छात्रावास के पास एंटी रोमियो टीम द्वारा सक्रिय रुप से भ्रमणशील रह कर मनचलों व शोहदों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु बताया गया एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये जिससे महिलाओं में आत्मसुरक्षा का भाव उत्पन्न हो सके व अपने अधिकारों को जान सकें ।

चोरी की तीन बाइकों के साथ सुलतानपुर के तीन शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना पीपरपुर पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत चोरी की तीन मोटर साइकिलों के साथ अन्तर्जनपदीय तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह के तहत मंगलवार को थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ संदीप यादव उर्फ सुल्तानी पुत्र त्रिभुवन यादव निवासी ग्राम रायापुर अलीगंज थाना कुडवार जनपद सुल्तानपुर ,रामजतन यादव उर्फ बब्लू पुत्र राजप्रसाद यादव उर्फ भुलई निवासी ग्राम हरखीपुर बीरापुर थाना कुड़वार जनपद सुल्तानपुर एवं अंकित यादव पुत्र राम सुमिरन यादव निवासी ग्राम कानूपुर थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिलों के कागज मांगने पर दिखा नही सके। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार युवकों ने बताया कि बरामद तीनों मोटरसाइकिलें चोरी की हैं जिन्हें तीनो लोगों ने मिलकर चोरी किया है। हम सभी लोग मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करते हैं तथा पकड़े जाने के डर से मोटरसाइकिलों के नंबर प्लेट बदल देतें हैं या हटा देते हैं। मोटर साइकिल सुपर स्पेलेण्डर संख्या यूपी 44 ए एस 9416 को ब्लाक रोड कस्बा मुसाफिरखाना से सत्रह सितम्बर को चोरी किये थे तथा इसको छिपाने के लिये इसपर दूसरा फर्जी नम्बर प्लेट बनाकर लगा दिये हैं मोटर साइकिल सुपर स्प्लेण्डर बिना नंबर प्लेट को वर्ष 2023 में प्रतापगढ़ शहर से वी मार्ट के पास से चोरी किये थे।मोटर साइकिल स्प्लेण्डर प्लस बिना नंबर प्लेट को पडवापुर नहर के पास थाना क्षेत्र बन्धुआ कला जनपद सुल्तानपुर से चोरी किये थे। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना पीपरपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

अमेठी में ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने एक कुंतल से अधिक गांजा नष्ट कराया

अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन श्वेताभ भाष्कर की उपस्थिति में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा मादक पदार्थ गांजा का निस्तारण विनिष्टीकरण कराया गया।थाना गौरीगंज पर पंजीकृत अभियोग से सम्बंधित कुल 107.9 किग्रा गांजा का विनष्टीकरण कराया गया।जनपद सुलतानपुर अन्तर्गत स्थित मेसर्स रॉयल पाल्यूशन कन्ट्रोल सर्विसेज के इन्सिनरेटर में निस्तारण विनिष्टीकरण कराया गया।विनष्टीकरण किये गये मादक पदार्थ गांजा की कुल कीमत करीब 53,95,000 रुपये बताई जाती है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के पर्यवेक्षण में जनपद के विभिन्न थानों पर अवैध मादक पदार्थों के संबंधित पंजीकृत अभियोग से संबंधित माल के निस्तारण हेतु न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा मादक पदार्थों, स्वापक औषधियों, मन:प्रभावी पदार्थों और नियंत्रित पदार्थों के निस्तारण की कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन श्वेताभ भाष्कर की उपस्थित में अमेठी पुलिस द्वारा थाना गौरीगंज पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित कुल 107.9 किग्रा गांजा अनुमानित कीमत करीब 53,95,000 रुपये का विनष्टीकरण मानक के अनुसार जनपद सुलतानपुर अन्तर्गत स्थित मेसर्स रॉयल पाल्यूशन कन्ट्रोल सर्विसेज के इन्सिनरेटर के माध्यम से कराया गया।

सम्पादकीय

असुविधाओं की रेल

वैसे तो दावे किए जाते रहे हैं कि भारतीय रेलवे को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाया जा रहा है, लेकिन हकीकत निराश करने वाली है। विडंबना यह है कि तमाम मुश्किलों में सफर करने वाला यात्री शिकायत दर्ज कराने के बजाय अपने गंतव्य स्थान पर पहले पहुंचना चाहता है। जिसके चलते सभी खामियों के साथ भारतीय रेल ढर्रे पर ही चल रही है। पिछले महीने संसद में पेश कैग की रिपोर्ट में सैकड़ों रेलवे स्टेशनों में पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी का उल्लेख किया गया था। यहां तक कि पेयजल में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले जीवाणु पाये जाने की बात कही गई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि 89 फीसदी स्टेशनों में बैठने की पर्याप्त जगह, पंखे, मार्गदर्शन करने वाले चिन्हों तथा शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं की कमी थी। कैग की रिपोर्ट की पुष्टि करती हुई लोक लेखा समिति ने भी अपनी पड़ताल में कई स्टेशनों में पेयजल, पंखे, बैठने के सुविधाजनक स्थान आदि पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न होने की बात कही है। समिति ने रेलवे अधिकारियों से जवाब मांगा है। यूं तो देश के कई रेलवे स्टेशनों को सजाने-संवारने का काम जरूर हुआ है, लेकिन कई स्थानों पर निर्धारित समय पूरा होने के बावजूद निर्माण कार्य अधूरा है। जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्या देश में कोई ऐसा नियामक तंत्र नहीं जो निर्माण कार्य करवाने वाली कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई कर सके? आधे-अधूरे निर्माण कार्य की गफलत में दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है। यूं तो भारतीय रेलवे दुनिया का चौथा सबसे बड़ा नेटवर्क है। लेकिन सुविधाओं के नाम पर हम कहां टिकते हैं? पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के अभाव में यात्री ट्रेन के रुकने पर उतरकर स्टेशन पर भटकते नजर आते हैं। दुकानदार भी बोतलबंद पानी बेचने के लिये पेयजल व्यवस्था को बाधित करने का प्रयास करते देखे जाते हैं। किसी ट्रेन के जनरल डिब्बे में भेड़-बकरियों की तरह भरे यात्री कैसे सफर पूरा करते होंगे, अनुमान लगाना कठिन नहीं है। ट्रेन के भीतर शौचालयों की बुरी स्थिति देखकर यात्री मन मारकर उनका प्रयोग करते हैं। निश्चय ही रेलवे की निगरानी व्यवस्था खासी लचर है। ऐसा लगता है कि किसी की जवाबदेही ही तय नहीं हुई। वहीं बड़ी संख्या में यात्री भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं करते। यहां-वहां बिखरा कूड़ा इसकी गवाही देता है। हमारे समाज में उस स्वच्छता चेतना का विकास नहीं हो पाया है, जो आजादी के आठवें दशक में हो जानी चाहिए थी। आखिर हम कब एक जिम्मेदार नागरिक की तरह रेलवे स्टेशनों व रेल के डिब्बों के भीतर साफ-सफाई रखना अपना कर्तव्य मानेंगे। लेकिन इसके बावजूद रेलवे को एक ऐसा जवाबदेह तंत्र विकसित करना होगा जो यात्रियों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध करा सके। दरअसल, रेल मंत्रालय हासिल करने और अपने चुनावी क्षेत्र के लोगों को रेलवे में भर्ती करने को लेकर दशकों तक जो राजनीति चलती रही है, उसने भी किसी हद तक रेलवे व्यवस्था की गुणवत्ता को प्रभावित किया है। बहरहाल, अब यह तसवीर बदलनी चाहिए।

> पिछले महीने संसद में पेश कैग की रिपोर्ट में सैकड़ों रेलवे स्टेशनों में पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी का उल्लेख किया गया था। यहां तक कि पेयजल में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाले जीवाणु पाये जाने की बात कही गई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि 89 फीसदी स्टेशनों में बैठने की पर्याप्त जगह, पंखे, मार्गदर्शन करने वाले चिन्हों तथा शौचालय आदि बुनियादी सुविधाओं की कमी थी।

पिघलते ग्लेशियर और खोखले होते पहाड़, चेतावनी सुने

नेपाल की घटना को समझना इसलिए जरूरी है क्योंकि यह परंपरागत अर्थों में केवल ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड नहीं थी। लैंगटांग लिरुंग पर्वत से करीब 5,150 मीटर की ऊंचाई से चट्टान और बर्फ का विशाल हिस्सा टूटकर नीचे गिरा और आगे चलकर मलबे तथा पानी की भयावह बाढ़ में बदल गया। वैज्ञानिक विश्लेषण के मुताबिक गर्म होते वातावरण, ग्लेशियरों के पतले होने, पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने और पहले से मौजूद भूगर्भीय कमजोरियों ने पहाड़ी ढलान की स्थिरता को प्रभावित किया। 26 अगस्त की घटना में चट्टान, बर्फ और मलबे का प्रवाह इतनी तेजी से नीचे आया कि उसने रास्ते में बसे क्षेत्रों, पुलों, सड़कों और जलविद्युत ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया। यह त्रासदी हिमालय के लिए एक गंभीर संकेत इसलिए भी है क्योंकि ग्लेशियर के पीछे हटने के साथ नई ग्लेशियल झीलें बन रही हैं और पुरानी झीलों का आकार बढ़ रहा है। इन झीलों को रोकने वाले प्राकृतिक बांध यदि बर्फ, चट्टान, मलबे, भूस्खलन या जल-दबाव से टूटते हैं तो कुछ ही समय में नीचे की घाटियों में विनाशकारी बाढ़ पहुंच सकती है। भारत के लिए यह चेतावनी बिल्कुल प्रासंगिक है। सिक्किम में हालिया आकलन में 40 उच्च-जोखिम वाली ग्लेशियल झीलों की पहचान हुई है, जिनमें 16 को सर्वाधिक जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है। राज्य सरकार और केंद्रीय एजेंसियां अब रिमोट सेंसिंग, फील्ड स्टडी, जल-स्तर एवं डिस्चार्ज मॉनिटरिंग और अर्ली-वॉर्निंग सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही हैं।

हिमालय केवल बर्फ से ढकी पर्वत-शृंखला नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन, जल, कृषि, ऊर्जा और पर्यावरण का आधार है। लेकिन जलवायु परिवर्तन और पहाड़ों की वहन-क्षमता की अनदेखी करते हुए हो रहे निर्माण ने हिमालयी क्षेत्र को एक ऐसे संकटभरे दौर में पहुंचा दिया है, जहां प्राकृतिक आपदाएं अब केवल अचानक आने वाली घटनाएं नहीं रह गई हैं, बल्कि उनके पीछे लंबे समय से बन रही पर्यावरणीय अस्थिरता दिखाई देने लगी है। 26 अगस्त 2026 को नेपाल में हुई विनाशकारी रॉक-आइस अवलांच और उसके बाद आई मलबा-बाढ़ ने इस खतरे को अत्यंत भयावह रूप में सामने रखा है। विश्व मौसम विशेषता अध्ययन के अनुसार उस घटना में 1,300 से अधिक लोगों की मौत हुई और 5,000 से अधिक लोग लापता रहे। वैज्ञानिकों ने इसे केवल किसी एक मौसमीय घटना का परिणाम न मानकर जलवायु और भूगर्भीय कारकों के सम्मिलित प्रभाव से बनी त्रासदी बताया है। नेपाल की घटना को समझना इसलिए जरूरी है क्योंकि यह परंपरागत अर्थों में केवल ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड नहीं थी। लैंगटांग लिरुंग पर्वत से करीब 5,150 मीटर की ऊंचाई से चट्टान और बर्फ का विशाल हिस्सा टूटकर नीचे गिरा और आगे चलकर मलबे तथा पानी की भयावह बाढ़ में बदल गया। वैज्ञानिक विश्लेषण के मुताबिक गर्म होते वातावरण, ग्लेशियरों के पतले होने, पर्माफ्रॉस्ट के पिघलने और पहले से मौजूद भूगर्भीय कमजोरियों ने पहाड़ी ढलान की स्थिरता को प्रभावित किया। 26 अगस्त की घटना में चट्टान, बर्फ और मलबे का प्रवाह इतनी तेजी से नीचे आया कि उसने रास्ते में बसे क्षेत्रों, पुलों, सड़कों और जलविद्युत ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया। यह त्रासदी हिमालय के लिए एक गंभीर संकेत इसलिए भी है क्योंकि ग्लेशियर के पीछे हटने के साथ नई ग्लेशियल झीलें बन रही हैं और पुरानी झीलों का आकार बढ़ रहा है। इन झीलों को रोकने वाले प्राकृतिक बांध यदि बर्फ, चट्टान, मलबे, भूस्खलन या जल-दबाव से टूटते हैं तो कुछ ही समय में नीचे की घाटियों में विनाशकारी बाढ़ पहुंच सकती है। भारत के लिए यह चेतावनी बिल्कुल प्रासंगिक है। सिक्किम में हालिया आकलन में 40 उच्च-जोखिम वाली ग्लेशियल झीलों की पहचान हुई है, जिनमें 16 को सर्वाधिक जोखिम वाली श्रेणी में रखा गया है। राज्य सरकार और केंद्रीय एजेंसियां अब रिमोट सेंसिंग, फील्ड स्टडी, जल-स्तर एवं डिस्चार्ज मॉनिटरिंग और अर्ली-वॉर्निंग सिस्टम को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। आईआईटी मंडी के अध्ययन में 2025 में 3,500 मीटर से अधिक ऊंचाई पर 2,076 ग्लेशियल झीलें दर्ज की गईं, जो 2015 की तुलना में 710 अधिक हैं। इसी अवधि में इन झीलों का सामूहिक क्षेत्रफल 28.45 प्रतिशत बढ़ा। यह आंकड़ा बताता है कि हिमालयी जल-भूगोल कितनी तेजी से बदल रहा है। समस्या केवल ग्लेशियरों के पिघलने तक सीमित नहीं है। हिमालय में तापमान बढ़ने से बर्फ और पर्माफ्रॉस्ट कमजोर हो रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सड़क, सुरंग, बांध, जलविद्युत परियोजनाओं, पर्यटन सुविधाओं और अनियंत्रित निर्माण का दबाव पहाड़ों की प्राकृतिक संरचना पर बढ़ रहा है। पहाड़ मैदान नहीं हैं कि उन्हें काटकर, खोदकर और भारी निर्माण करके उनकी प्रकृति के अनुरूप ढाला जा सके। पहाड़ों की अपनी भूगर्भीय सीमाएं, जलधारण क्षमता, ढलान और पारिस्थितिक संतुलन होता है। इन सीमाओं की अनदेखी अंततः भूस्खलन, मलबा-बाढ़ और ढांचागत तबाही के रूप में सामने आ सकती है। इस संदर्भ में विकास-विरोधी दृष्टिकोण अपनाना समाधान नहीं है, लेकिन विकास की परिभाषा और उसकी पद्धति पर पुनर्विचार करना अनिवार्य है। सड़क और बिजली चाहिए, पर्यटन भी चाहिए, रोजगार भी चाहिए, मगर यह सब हिमालय की वहन-क्षमता के अनुरूप होना चाहिए। भारत के लिए अब सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता एक समेकित हिमालयी निगरानी और पूर्व चेतावनी तंत्र विकसित करने की है। केवल किसी एक राज्य की सीमा में खतरे को देखने से काम नहीं चलेगा। ग्लेशियर सिक्किम में हो सकता है, झील उत्तराखंड में और उसका संभावित बाढ़-मार्ग किसी दूसरे जिले या राज्य तक पहुंच सकता है। इसलिए उपग्रह, ड्रोन, रिमोट सेंसिंग, स्वचालित जल-स्तर सेंसर, मौसम केंद्र और जमीनी निगरानी को एक साझा डिजिटल नेटवर्क से जोड़ना होगा। खतरे की सूचना केवल जिला मुख्यालय तक न रहे, बल्कि गांव, स्कूल, अस्पताल, सेना-चौकी, पर्यटन केंद्र, जलविद्युत परियोजना और नदी किनारे की बस्तियों तक वास्तविक समय में पहुंचनी चाहिए। इसके साथ ही केवल चेतावनी देना पर्याप्त नहीं है। चेतावनी के बाद क्या करना है, इसकी तैयारी भी उतनी ही जरूरी है। प्रत्येक संवेदनशील घाटी के लिए स्पष्ट निकासी मार्ग, सुरक्षित स्थान, वैकल्पिक सड़कें और संचार व्यवस्था तय हो। स्थानीय लोगों, पर्यटकों और परियोजना कर्मियों को नियमित मॉक ड्रिल के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाए। आपदा के समय पहले पांच-दस मिनट कई बार पूरे बचाव अभियान की दिशा तय कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन का एक और गंभीर पहलू है-आज का संकट केवल बाढ़ का नहीं, कल के जल-संकट का भी हो सकता है। ग्लेशियरों के तेजी से पिघलने से शुरुआती वर्षों में नदियों में पानी बढ़ सकता है, लेकिन जब ग्लेशियरों का भंडार लगातार घटता जाएगा तो गर्मियों में स्थायी जलप्रवाह प्रभावित हो सकता है। हिमालयी नदियों पर निर्भर कृषि, पेयजल, ऊर्जा और करोड़ों लोगों की आजीविका के लिए यह दीर्घकालीन चुनौती है। हालिया आकलनों में हिमालय पर निर्भर आर्थिक गतिविधियों को भारत की अर्थव्यवस्था के पांचवें हिस्से से अधिक से जोड़ा गया है, हालांकि यह आंकड़ा संभावित आर्थिक नुकसान नहीं, बल्कि हिमालयी जल-तंत्र पर आर्थिक निर्भरता को दर्शाता है। ब्लैक कार्बन और प्रदूषण भी चिंता का विषय हैं। हालिया रिपोर्टों में हिमालयी ग्लेशियरों के द्रव्यमान-हानि की गति में तेज वृद्धि और ब्लैक कार्बन की भूमिका की ओर ध्यान दिलाया गया है। इसलिए हिमालय की सुरक्षा को केवल वन विभाग या आपदा प्रबंधन विभाग का विषय मानना पर्याप्त नहीं होगा। ऊर्जा, सड़क, पर्यटन, उद्योग, जलविद्युत, शहरी विकास और पर्यावरण-सभी विभागों की नीतियों में हिमालयी जोखिम को केंद्रीय स्थान देना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हिमालय की समस्या सीमाओं से बड़ी है। भारत, नेपाल, भूटान, चीन और पाकिस्तान के हिमालयी एवं हिंदूकुश क्षेत्रों में जलवायु, ग्लेशियर, नदियां और पर्वतीय पारिस्थितिकी एक-दूसरे से जुड़ी हैं। इसलिए साझा वैज्ञानिक डाटाबेस, उपग्रह सूचनाओं का आदान-प्रदान, ग्लेशियल झीलों की संयुक्त निगरानी और सीमा-पार अर्ली-वॉर्निंग व्यवस्था विकसित करना समय की आवश्यकता है। किसी ऊंची घाटी में होने वाली घटना का असर नीचे की पूरी नदी प्रणाली पर पड़ सकता है। नेपाल की त्रासदी को केवल एक देश की प्राकृतिक आपदा मानकर भूल जाना सबसे बड़ी भूल होगी। उसने हमें बताया है कि जलवायु परिवर्तन और भूगर्भीय अस्थिरता मिलकर ऐसी आपदाओं को जन्म दे सकती हैं जिनके सामने पारंपरिक आपदा-प्रबंधन की क्षमता भी सीमित पड़ सकती है। वैज्ञानिकों ने चेताया है कि 26 अगस्त की घटना में जलवायु परिवर्तन को अकेला कारण नहीं माना जा सकता, भूगर्भीय संरचना और पूर्व की भूकंपीय गतिविधियां भी महत्वपूर्ण थीं। लेकिन लंबे समय का तापमान बढ़ना, बर्फ का क्षरण और पर्माफ्रॉस्ट का पिघलना जोखिम को बढ़ाने वाले कारक बने। अब जरूरत भय पैदा करने की नहीं, भविष्य के खतरे को स्वीकार कर विवेकपूर्ण निर्णय लेने की है। हिमालय को जितना समझेंगे, उतना ही सुरक्षित रख सकेंगे। विकास और पर्यावरण को परस्पर विरोधी मानने के बजाय ऐसा विकास मॉडल बनाना होगा जिसमें पहाड़ की प्रकृति, उसकी वहन-क्षमता और स्थानीय समुदायों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। नेपाल की त्रासदी हमारे लिए एक कठोर चेतावनी है-प्रकृति को चुनौती देकर बनाया गया विकास लंबे समय तक विकास नहीं रह सकता। अब हिमालय में हर सड़क, हर सुरंग, हर बांध, हर पर्यटन परियोजना और हर निर्माण से पहले यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि इससे पहाड़ पर कितना दबाव पड़ेगा और किसी चरम प्राकृतिक घटना की स्थिति में इसकी कीमत कौन चुकाएगा। समय रहते निगरानी, वैज्ञानिक आकलन, सीमित एवं सुरक्षित निर्माण और क्षेत्रीय सहयोग की दिशा में कदम उठाए गए तो अनेक जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। लेकिन यदि चेतावनियों को नजरअंदाज किया गया, तो आने वाली त्रासदियां केवल प्राकृतिक आपदाएं नहीं होंगी-वे हमारी विकास-दृष्टि की विफलता का परिणाम भी मानी जाएंगी। -ललित गर्ग

बेहाल पंजाब और भ्रम में मान सरकार

सुभाष आनंद

वर्तमान में पंजाब दोहरी चुनौती से जूझ रहा है – नशा और भ्रष्टाचार। भू-माफिया, शराब माफिया और संगठित अपराध के बढ़ते प्रभाव के आरोप लग रहे हैं। नशे की अधिक मात्रा से युवाओं की मृत्यु की घटनाएं चिंताजनक हैं। यह स्थिति कानून-व्यवस्था और सामाजिक स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर संकेत है। दूसरी बड़ी चुनौती बिजली संकट है।

पंजाब में विधानसभा चुनाव निकट हैं और सभी राजनीतिक दल सक्रिय हो चले हैं। प्रदेश में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी चुनाव को लक्ष्य मानकर घोषणाओं और तोहफों की झड़ी लगा रही है। परंतु विगत चार वर्षों का लेखा-जोखा इन घोषणाओं से अधिक महत्वपूर्ण है। इस अवधि में किसानों की आत्महत्या, सरकारी कर्मचारियों की स्थिति, व्यापारियों और उद्योगपतियों की कठिनाइयां तथा मजदूरों पर हुई पुलिस कार्रवाई जैसे प्रश्न आज भी अनुत्तरित हैं। जनता की स्मृति इतनी क्षीण नहीं है, जितनी सत्ता पक्ष मान रहा है।

वर्तमान में पंजाब दोहरी चुनौती से जूझ रहा है – नशा और भ्रष्टाचार। भू-माफिया, शराब माफिया और संगठित अपराध के बढ़ते प्रभाव के आरोप लग रहे हैं। नशे की अधिक मात्रा से युवाओं की मृत्यु की घटनाएं चिंताजनक हैं। यह स्थिति कानून-व्यवस्था और सामाजिक स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर संकेत है। दूसरी बड़ी चुनौती बिजली संकट है। प्रदेश में लंबे विद्युत कटौती से औद्योगिक उत्पादन और बाजार प्रभावित हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 16 घंटे तक बिजली न रहने की शिकायतें हैं। सरप्लस बिजली के दावे और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर सरकार की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाता है। आर्थिक मोर्चे पर भी स्थिति उत्साहजनक नहीं है। आवश्यक वस्तुओं की मूल्यवृद्धि, कृषि संकट और बेरोजगारी ने आम जन को प्रभावित किया है। एक अनुमान के अनुसार लगभग 40 प्रतिशत किसान खेती के अतिरिक्त विकल्प तलाशने को विवश हैं। प्रदेश में नए उद्योगों का अभाव और पुराने उद्योगों का पलायन औद्योगिक नगरी लुधियाना सहित पूरे राज्य के लिए चिंता का विषय है।

मान सरकार ने सत्ता में आते ही छह मेडिकल कॉलेज खोलने का वादा किया था, जो अब तक पूरा नहीं हो सका। अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी, सड़कों और सीवरेज प्रणाली की जर्जर स्थिति विकास के दावों को कठघरे में खड़ा करती है। वित्तीय प्रबंधन के मोर्चे पर भी सरकार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की टिप्पणियों का सामना करना पड़ा।

आज पंजाब में कानून-व्यवस्था, नशा, बेरोजगारी और पलायन जैसे मुद्दे जनमानस में हैं। पढ़ा-लिखा युवा भी अपराध की ओर उन्मुख हो रहा है, यह सामाजिक चिंता का विषय है। सरकार यदि केवल विज्ञापन और घोषणाओं तक सीमित रही तो दिल्ली के बाद पंजाब में भी उसे जनादेश की कसौटी पर कठिन परीक्षा देनी पड़ सकती है। पंजाब को चुटकुलों से नहीं, ठोस नीति और सुशासन से राह मिलेगी।

सेहत मंत्र

घर पर बनाएं गुड़हल का आयुर्वेदिक तेल, बालों की हर परेशानी होगी दूर

मजबूत और खूबसूरत बालों के लिए आप तरह-तरह के तेल आजमा चुके हैं मगर बालों का टूटना, झड़ना या सफ़ेद होना नहीं बंद हो रहा है, तो परेशान न हों। दरअसल बाजार में मिलने वाले ज्यादातर हेयर ऑयल तरह-तरह के वादे तो करते हैं मगर इनसे लाभ होने के बजाय नुकसान होता है क्योंकि इनमें बहुत मात्रा में केमिकल्स का इस्तेमाल किया जाता है। अगर आप घर पर बनाए हुए खास आयुर्वेदिक तेल का इस्तेमाल करेंगे, तो आपकी ये समस्या दूर हो जाएगी। बालों की समस्याओं में गुड़हल का फूल बहुत फायेदमंद होता है। आप घर पर ही गुड़हल का आयुर्वेदिक तेल बना सकते हैं, जो बालों की हर समस्या को चुटकियों में दूर कर देगा। गुड़हल का तेल बनाना आसान है। इसे आप घर पर ही बना सकते हैं। इसके लिए आपको गुड़हल के फूल, गुड़हल की पत्तियां, मेथी के दाने और नारियल के तेल की जरूरत पड़ेगी। इन सामग्रियों को इकट्ठा करके आप इस तरह बनाएं गुड़हल का तेल- सबसे पहले गुड़हल के 3-4 फूल और मुट्ठीभर पत्तियों को अच्छी तरह धो लें। इन फूल और पत्तियों को मिक्सर में डालकर अच्छी तरह पीसकर पेस्ट बना लें। एक बर्तन में 250 मिलीग्राम नारियल का तेल डालें और इसमें ये पेस्ट मिला लें। गुड़हल के पेस्ट को नारियल के तेल में डालकर आंच पर चढ़ा दें। बीच-बीच में चलाते हुए 5 मिनट धीमी आंच पर इसे पकाएं। अब इसमें एक चम्मच मेथी के दाने डालकर 1 मिनट तक गर्म करें। गुड़हल का तेल तैयार है बस इसे ठंडा करके बोतल में भर लें। हर बार जब आप गुड़हल के तेल का इस्तेमाल करने से पहले इसे थोड़ा सा गर्म कर लें। अब हथेली में थोड़ा सा तेल लेकर बालों की जड़ों और लंबाई में इसे लगाएं। इस तेल के इस्तेमाल से आपके बालों की सभी समस्याएं खत्म हो जाएंगी।

धर्म मंत्र

तुरन्त फल की प्राप्ति चाहते हैं तो धारण करें 'टाइगर स्टोन'

ज्योतिष विज्ञान के मुताबिक किसी भी व्यक्ति के जीवन पर उसके कर्म के साथ राशि और उससे संबंधित ग्रहों का सीधा प्रभाव पड़ता है। ज्योतिष विज्ञान से हम बीता हुआ कल, वर्तमान और भविष्य की गणना आसानी से कर लेते हैं। ज्योतिष विज्ञान में रत्नों का भी महत्व बताया गया है। रत्न ज्योतिष के अनुसार 'टाइगर रत्न' सबसे अधिक प्रभावी व शीघ्र फल प्रदान करने वाला रत्न है। इस रत्न पर टाइगर के समान पिली एवं काली धारिया होने के कारण इसे ''टाइगर रत्न'' कहते है। जो व्यक्ति आत्मविश्वास की कमी के कारण बार-बार कार्यों से असफल हो रहा हो या दुखी जीवन व्यतीत कर रहा हो, उस व्यकित को टाइगर स्टोन आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसे धारण करने से हर क्षेत्र में पूर्ण सफलता मिलती है व व्यक्ति साहसी बनता है। जिस व्यक्ति का विवाह नहीं हो रहा हो उसे शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि या गुरु पुष्य योग में टाइगर स्टोन धारण करने से शीघ्र विवाह के योग बनते है। यदि आप लगातार कर्जे में डूबते जा रहे हो तो शुक्रवार के दिन सिद्ध किया हुआ टाइगर स्टोन गले में लॉकेट के रूप में सफ़ेद धागे में धारण करें। जिन व्यक्तियों को नौकरी में समस्या आ रही या कार्यस्थल में परेशानी हो रही हो तो रविवार को सूर्य की रौशनी में टाइगर स्टोन धारण करने से लाभ होगा। इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य व सटीक हैं तथा इन्हें अपनाने से अपेक्षित परिणाम मिलेगा।

पर्यटन



कुदरत की गोद में सुकून भरे दो पल बिताने के लिए बेहतरीन जगह है सैंज घाटी

हिमाचल प्रदेश का नाम लेते ही आंखों के आगे हरियाली और ऊंचे-ऊंचे खूबसूरत पहाड़ छा जाते हैं। वैसे तो पूरा हिमाचल ही बहुत खूबसूरत है और शिमला तो मशहूर टूरिस्ट स्पॉट बन चुका है, जहां पूरे साल सैलानियों की भीड़ लगी रहती है, लेकिन आप यदि भीड़ भाड़ से दूर एकांत में सुकून भरे कुछ पल बिताना चाहते हैं, तो हिमाचल की सैंज वैली आपके लिए परफ़ेक्ट जगह है। कुल्लू जिले में स्थित सैंज वैली अभी तक भीड़ से दूर है, इसलिए यहां आपको असीम शांति का अनुभव होगा। इस घाटी में कई छोटे-छोटे खूबसूरत गांव हैं। जहां सेब और खुबानी की ढेर सारे बगीचे हैं। इसके अलावा यहां सुंदर नदियां और जंगल है जो इसे फोटोग्राफी के लिए बेहतरीन बनाते हैं। सैंज वैली चारों ओर से खूबसूरत पहाड़ों से घिरा हुआ है। रोमांच के शौकीन यहां ट्रेकिंग का आनंद ले सकते हैं और यहां से थोड़ी दूरी पर ही शांगड़ नामक जगह है, जो कुदरती सुंदरता से सराबोर है। सैंल वैली जाने पर आप इन जगहों की सैर अवश्य करें। पुंडरीक ऋषि झीलः नेही गांव में में आप पुंडरीक ऋषि झील देख सकते हैं। स्थानीय लोग इस झील की पूजा करते है इसलिए इसमें कोई नहाता नहीं है। झील के पास ही एक बड़ा मैदान हैं। शाम के समय यहां आकर आपको असीम शांति का अनुभव होगा। मैदान में बैठकर आप कुदरती खूबसूरती का आनंद ले सकते हैं। शांगड़ः यह सैंज वैली में बसा एक बेहद खूबसूरत गांव है। यहां शंगचुल महादेव का मंदिर है, दरअसल यह इस गांव के स्थानीय देवता है। इस गांव तक आपो टैक्सी से आना होगा या रोमांच का आनंद लेना है तो पहाड़ों में घने जंगल के बीच ट्रैक भी कर सकते हैं। शांगड़ में आपको घास का सुंदर मैदान दिखेंगे और इसके किनारे लगे देवदार के पेड़ों का झुंड इसकी सुंदरता में चार चांद लगता है। सारीकंडाः अपर नेही से आप सारीकंडा के तक ट्रैकिंग कर सकते हैं। यह ट्रैक काफी लंबा होगा, इसलिए आपको जल्दी निकलना होगा। सारीकंडा से आपको पूरी बंजार वैली देख सकते हैं, यह नजारा आपके लिए यादगार अनुभव बन जाएगा। यदि आप यहां सर्दियों के मौसम में आते हैं तो बर्फबारी का मज़ा ले सकते हैं।

नवाबगंज रजबहा की 30 मीटर पटरी कटी, सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र के भानमऊ चौराहे के पास सोमवार रात नवाबगंज रजबहा की पटरी अचानक कट जाने से आसपास के कई गांवों में हड़कंप मच गया। नहर का पानी तेजी से खेतों में भरने से किसानों की सैकड़ों बीघा धान की फसल जलमग्न हो गई। सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। आरोप है कि सूचना मिलने के काफी देर बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे। इसके बाद नहर का पानी बंद कराया गया और क्षतिग्रस्त पटरी की मरम्मत का काम शुरू कराया गया।

ग्रामीणों के अनुसार इमरान के बाग के पास नहर की करीब 30 मीटर पटरी कटी मिली। पटरी कटने से शाहिद, भामोटी, भूलभुलैया, शंभू सराय और धुरिया का पुरवा समेत आसपास के गांवों के खेतों में पानी भर गया। देखते ही देखते खेत पानी से लबालब हो गए। किसानों का कहना है कि अधिकांश धान की फसल पकने की स्थिति में पहुंच चुकी थी। वहीं कुछ किसानों की फसल पहले ही आंधी-तूफान के कारण खेतों में गिर गई थी। ऐसे में नहर का पानी भरने से किसानों को दोहरी मार झेलनी पड़ रही है और बड़े आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है।



- भानमऊ चौराहे के पास रात में हुआ हादसा, सूचना के घंटों बाद पहुंचा सिंचाई विभाग
- खनन विवाद से जोड़कर देखा जा रहा पटरी कटने का मामला, जांच के बाद सामने आएगी हकीकत

ग्रामीणों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से अजय यादव और उमेश कुमार से जुड़े खनन स्थल पर भी काम चल रहा था। इसी बीच भानमऊ चौराहे के पास नहर की पटरी कटने से खनन स्थल तक बनाए गए रास्ते में भी पानी भर गया। इस घटनाक्रम के बाद पटरी कटने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों और स्थानीय लोगों की ओर से यह आशंका जताई जा रही है कि खनन से जुड़े पक्षों के बीच विवाद के चलते किसी ने नहर की पटरी काटी हो सकती है। हालांकि इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पटरी प्राकृतिक कारणों से कटी या किसी ने जानबूझकर उसे क्षतिग्रस्त किया, यह जांच का विषय है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

बरसाती नाले ने कई गांवों को बचाया

ग्रामीणों के मुताबिक क्षेत्र से होकर एक बरसाती नाला गोमती नदी की ओर जाता है। नहर का पानी इसी रास्ते से आगे निकल गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पानी की निकासी का यह रास्ता उपलब्ध नहीं होता तो नहर का पानी आसपास के कई गांवों में पहुंच सकता था और स्थिति और गंभीर हो सकती थी। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग से नहर की पटरियों की निगरानी बढ़ाने और क्षतिग्रस्त हिस्से की स्थायी मरम्मत कराने की मांग की है।

खनन विवाद के बीच पटरी कटने से उठे सवाल

नहर की पटरी कटने की घटना को क्षेत्र में चल रहे मिट्टी खनन से जुड़े विवाद से भी जोड़कर देखा जा रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक इब्राहिमाबाद के पास पिछले करीब 25 दिनों से मिट्टी खनन का काम चल रहा है। इसके अलावा गडरिया पुरवा गांव के पास भी खनन शुरू कराया गया था। बताया जाता है कि खनन स्थल तक मिट्टी ले जाने के लिए रास्ता नहीं होने पर किसानों के खेतों से रास्ता बनाने को लेकर लेनदेन हुआ था।

मंडलायुक्त ने विकास योजनाओं की समीक्षा कर दिए समयबद्ध निस्तारण के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आयुक्त अयोध्या मंडल राजेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने और योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रत्येक पात्र परिवार को उसकी पात्रता के अनुसार सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा लाभार्थियों की प्रगति की निर्धारित पोर्टल पर अनिवार्य रिपोर्टिंग के निर्देश दिए। जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने के साथ आईजीआरएस शिकायतों का संतुष्टि आधारित वास्तविक समाधान सुनिश्चित करने को कहा।

परियोजनाओं की समीक्षा में बजट के अभाव से लंबित कार्यों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करने तथा समयसीमा पूरी होने वाली परियोजनाओं में पर्याप्त मैनपॉवर व संसाधन लगाकर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। पूर्ण परियोजनाओं एवं सड़कों को शीघ्र संबंधित विभागों को हैंडओवर कराने और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा।

बैठक में मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, शौचालय, फार्मर रजिस्ट्री, पीएम किसान, फसल बीमा, पीएम-कुसुम, निराश्रित गोवंश संरक्षण, आयुष्मान कार्ड, जीरो पॉवर्टी, पेंशन, सामूहिक विवाह समेत स्वास्थ्य, पोषण और महिला-बाल विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। नए पेंशनरों के सत्यापन और सामूहिक विवाह की तैयारियां समय से पूरी कराने के निर्देश दिए गए।

बैठक में जिलाधिकारी बाराबंकी ईशान प्रताप सिंह समेत अयोध्या, अम्बेडकरनगर व सुल्तानपुर के जिलाधिकारी, सभी मुख्य विकास अधिकारी और मंडल स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। कानून व्यवस्था एवं कर-करेत्तर कार्यों की भी समीक्षा की गई।

घर में घुसे चोर, 1.16 लाख नकद समेत जेवरात चोरी

निंदूरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता। घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र के दक्षिण गांव मजरे सैंदर में सोमवार देर रात चोरों ने एक घर में घुसकर 1.16 लाख रुपये नकद और जेवरात चोरी कर लिए। सुशील कुमार के मुताबिक, परिवार के लोग रात करीब 11 बजे सो गए थे। सुबह कमरे का दरवाजा खुला मिला और बक्सों का सामान बिखरा पड़ा था। चोर तीन पर्सों से क्रमशः 14 हजार, 75 हजार और 27 हजार रुपये ले गए। इसके अलावा चांदी की पायल, बच्चों के हाथ फूल और सोने का सुई-धागा भी चोरी हुआ। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

बस्ते जमा कर लेखपालों ने जताया विरोध

रामनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की लंबित मांगों को लेकर मंगलवार को तहसील रामनगर के लेखपालों ने अपने अतिरिक्त क्षेत्रों के बस्ते जमा कर दिए। संघ अध्यक्ष चंदन रावत ने बताया कि बढ़ते कार्यभार से लेखपालों पर काम का दबाव बढ़ रहा है। संघ ने अंतर्मंडलीय स्थानांतरण, लंबित पदोन्नति सूची जारी करने, विभागीय परीक्षा परिणाम व प्रशिक्षण प्रमाणपत्र घोषित करने तथा विभिन्न भत्तों में वृद्धि समेत अन्य मांगों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। व्हाट्सऐप पर धमकी देने के आरोप में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा रामनगर। कस्बा सुढ़ियामऊ निवासी बजरंग दल के जिला सहसंयोजक विनय कुमार वर्मा को व्हाट्सऐप पर कथित गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने अज्ञात मोबाइल नंबर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि 15 सितंबर की रात 2:31 से 2:37 बजे के बीच चार संदेश भेजे गए। पुलिस नंबर की पहचान और संदेशों की जांच कर रही है।

घटतौली की शिकायत एजेंसी कर्मचारी पर मारपीट का आरोप

बेलहरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के भटुवामऊ निवासी सुरेश ने गैस एजेंसी कर्मचारी पर घटतौली की शिकायत करने पर मारपीट का आरोप लगाया है। सुरेश के अनुसार मंगलवार को वह मिहिर इंडेन गैस सर्विस जंगरा पर सिलेंडर लेने गया था। तौल कराने पर सिलेंडर का वजन एक किलो से अधिक कम निकला। शिकायत करने पर कर्मचारी नीरज ने गाली-गलौज की और विरोध करने पर लात-घूंसों से पीट दिया। मारपीट में सिर में चोट लगने का आरोप है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

नहर में ई-रिक्शा पलटा, घबराकर भागा चालक मौत

मसौली, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार देर रात बड़ागांव क्रॉसिंग के पास नहर में ई-रिक्शा पलटने के बाद घबराकर भागे चालक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। बड़ागांव निवासी सचिन यादव (25) सोमवार रात करीब दस बजे खाली ई-रिक्शा लेकर घर लौट रहा था। क्रॉसिंग के पास ई-रिक्शा अचानक नहर में जा गिरा। घबराकर सचिन थाने की ओर भागा, तभी कुछ दूरी पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने उसे सीएचसी बड़ागांव पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ओमनी की टक्कर से बाइक सवार युवती समेत तीन घायल निंदूरा। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार दोपहर लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर तेज रफ्तार ओमनी कार ने पल्सर बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवती समेत तीन लोग घायल हो गए। बैना ताला निवासी अरविंद (25), आलोक (20) और पिण्डसावा निवासी शिवांशी बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान कार ने बाइक में टक्कर मार दी। घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। गंभीर चोट लगने पर अरविंद को परिजन लखनऊ के निजी अस्पताल ले गए।

11 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान संगठन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

- कटेहरा मंदिर में बिजली, अमरा में धर्मशाला और खुले गड्ढों का मुद्दा उठाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। भारतीय अवस्थी किसान संगठन के जिलाध्यक्ष संतोष तिवारी के नेतृत्व में मंगलवार को संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर अनिल कुमार सरोज को 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इसमें जनहित से जुड़ी समस्याओं के तुरंत समाधान की मांग की गई।ज्ञापन में बताया गया कि कटेहरा माता मंदिर में हर दिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। यहां बिजली नहीं होने से शाम होते ही अंधेरा हो जाता है। संगठन ने मंदिर परिसर में तुरंत लाइट लगवाने की मांग की है।इसी तरह अमरा कटेहरा मंदिर में दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने के लिए धर्मशाला और सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था नहीं है इससे उन्हें काफी परेशानी होती है।संगठन ने जल जीवन मिशन में लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि अरियामऊ, इटौरा समेत कई गांवों में पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे अब भी खुले पड़े हैं। इनमें बच्चे और जानवर गिरकर घायल हो रहे हैं।ज्ञापन में कोटवा धाम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रात में डॉक्टर न होने की समस्या भी उठाई गई। बताया गया कि कोटवा धाम एक सरकारी पर्यटन स्थल है, जहां हजारों श्रद्धालु आते हैं। रात में डॉक्टर नहीं होने से गरीब किसानों और मजदूरों को इलाज नहीं मिल पाता है।ग्राम पंचायत इटौरा के डाकघर में आधार, मोबाइल अपडेट और खाता खोलने जैसे काम नहीं होते हैं। इससे गरीब किसानों को 15 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। ग्राम पंचायत अरियामऊ में सफाई कर्मी नहीं होने से आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन और नालियों की सफाई नहीं हो रही है।इसके अलावा इटौरा में खराब प्राथमिक विद्यालय की बिल्डिंग नीलाम हुए 15 महीने हो चुके हैं, लेकिन नए भवन का निर्माण नहीं हुआ है। लाखों की लागत से बने सामुदायिक शौचालय बंद और अधूरे हैं, फिर भी उनके केयर टेकर को भुगतान किया जा रहा है।कोटवा धाम में सहकारी समिति का भवन भी खराब हालत में है। दरियाबाद के ज्यादातर पंचायत भवनों में ताला लगा रहता है। ज्ञापन सौंपते समय रामकेदार रावत, शिवकुमारी गुप्ता, फुलझारा रावत, मयाराम गौतम, मंशाराम, शिवप्रताप सिंह, आशीष कुमार, चंचलेश कुमार समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

घाघरा में सिक्स लेन केबल ब्रिज की तैयारी तेज, धारा मोड़ने का काम शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर। घाघरा नदी के संजय सेतु के पास प्रस्तावित सिक्स लेन केबल ब्रिज निर्माण की तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को नदी में अस्थायी पुल निर्माण के लिए सरयू की धारा नियंत्रित करने का काम शुरू किया गया।

मजदूर लकड़ी की बल्लियां लगाकर पानी का बहाव मोड़ने के साथ बालू से भरी बोरियां लगा रहे हैं। परियोजना प्रबंधन के अनुसार बाढ़ और तेज धारा से निर्माण प्रभावित न हो, इसके लिए यह व्यवस्था की जा रही है। परियोजना की अवधि तीन वर्ष है और करीब दो वर्ष में काम पूरा करने का लक्ष्य है। पुल निर्माण पर 600 करोड़ रुपये से अधिक खर्च होने की संभावना है।



79वें निरंकारी संत समागम की सेवाओं का शुभारंभ

बाँदा। 79वें वार्षिक निरंकारी संत समागम की सेवाओं का शुभारंभ संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा हरियाणा में श्रद्धा और सेवाभाव के साथ हुआ।23 से 26 अक्टूबर 2026 तकआयोजित होने वाले समागम में देश-विदेश से श्रद्धालुओं के शामिल होने की जानकारी दी गई है।सेवा स्थल का उद्घाटन निरंकारी राजपिता रमित ने किया।इस अवसर पर मिशन की कार्यकारिणी समिति केंद्रीय सेवा दल के अधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सेवा कार्यों में सहभागिता की।संत निरंकारी मंडल की अध्यक्ष राजकुमारी 'मामी जी' और सचिव जोगिन्दर सुखीजा ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।सेवा शुभारंभ के अवसर पर निरंकारी राजपिता रमित ने कहा कि संत समागम की सेवाएं निस्वार्थ सेवा,त्याग और समर्पण की भावना का प्रतीक हैं।उन्होंने कहा कि मानव जीवन दूसरों के सुख-दुःख में सहभागी बनने और सेवा करने के लिए मिला है।सेवा में 'मैं' के भाव को समाप्त कर 'हम' की भावना विकसित करना आवश्यक है।इस वर्ष संत समागम का शीर्षक 'जागृति' रखा गया है।मिशन के अनुसार इसका उद्देश्य लोगों को आत्मचिंतन सजगता और प्रभु स्मरण के प्रति प्रेरित करना है।समागम में प्रेम,सेवा,करुणा और मानवता के संदेश पर केंद्रित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

दिल्ली मंडल में पेयजल व्यवस्था के उन्नयन का विशेष अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भारतीय रेल द्वारा जल अवसंरचना एवं सुरक्षा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने संबंधी निर्देशों के अनुरूप उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल ने रेलवे स्टेशनों, कार्यस्थलों तथा रेलवे आवासीय कॉलोनियों में जलापूर्ति प्रणालियों के व्यापक उन्नयन के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य केवल अंतिम बिंदु पर जल की गुणवत्ता की जांच तक सीमित न रहकर यात्रियों एवं रेल कर्मचारियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यकर पेयजल उपलब्ध कराना है।

निर्धारित कार्यक्रम के तहत जल भंडारण एवं निस्पंदन टैंकों की व्यापक सफाई के साथ अवसंरचना के उन्नयन का कार्य किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी जल भंडारण टैंक उपयुक्त ढक्कनों तथा सुरक्षित वायु निकास व्यवस्था से सुसज्जित हों, ताकि बाहरी प्रदूषण को रोका जा सके। संपूर्ण जल वितरण तंत्र में रिसाव की गहन जांच की जा रही है। क्षतिग्रस्त पाइपों, नलों एवं वाल्वों की तत्काल मरम्मत और आवश्यकता के अनुसार प्रतिस्थापन किया जा रहा है, जिससे रिसाव को रोकने के साथ जल की हानि को न्यूनतम किया जा सके।

पेयजल आपूर्ति प्रणाली तथा गैर-पेयजल उपयोग की पाइपलाइनों के बीच पूर्ण पृथक्करण सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार के जल संदूषण की संभावना समाप्त हो सके। स्टेशन परिसरों में स्थापित जल शीतकों एवं जल वितरण मशीनों से संबद्ध आरओ शुद्धिकरण इकाइयों में लगे फिल्टर कैंडल और कारतूसों की नियमित सेवा, व्यापक अनुरक्षण तथा आवश्यकता के अनुसार प्रतिस्थापन किया जा रहा है। स्टेशनों पर स्थित जल शीतकों एवं यात्रियों के लिए जल वितरण केंद्रों के आसपास स्वच्छता और रखरखाव अभियान भी अनिवार्य रूप से चलाए जा रहे हैं। इसके माध्यम से इन स्थानों के आसपास शत-प्रतिशत स्वच्छता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। रेलवे के चिकित्सा कर्मियों तथा अभियंत्रण दलों द्वारा नियमित रूप से जल गुणवत्ता की कठोर जांच की जा रही है। इसके साथ ही जल में मौजूद अवशिष्ट क्लोरीन की दैनिक निगरानी भी सख्ती से लागू की गई है। कर्मचारियों के कल्याण को परिचालन दक्षता से सीधे जुड़ा मानते हुए मंडल की रेलवे कॉलोनियों, रेलवे स्वास्थ्य इकाइयों तथा कार्यालयों में भी समान स्वच्छता, परीक्षण और अवसंरचना रखरखाव के मानक लागू किए जा रहे हैं। प्रमुख रेलवे कॉलोनियों में स्थित ऊपरी जल टैंकों तथा भूमिगत जलापूर्ति पाइपलाइनों का निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रखरखाव एवं जल गुणवत्ता का परीक्षण किया जा रहा है। मंडल स्तर पर अभियान के तहत की गई सभी सुधारात्मक कार्रवाइयों का संकलन और निगरानी की जा रही है। जलापूर्ति तंत्र में सामने आने वाली कमियों को चिह्नित कर उनके तत्काल निराकरण पर जोर दिया जा रहा है, ताकि यात्रियों, रेल कर्मचारियों और रेलवे आवासीय कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों को लगातार सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर दिल्ली मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पुष्पेश रमण त्रिपाठी ने कहा, ह्लसुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना दिल्ली मंडल की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। निरंतर निगरानी एवं कठोर रखरखाव प्रक्रियाओं के माध्यम से हम प्रतिदिन लाखों यात्रियों तथा रेलवे परिवार के सदस्यों को जल स्वच्छता के सर्वोच्च मानक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

कोटवाधाम की संत परंपरा से जुड़ी बाबा ख्यामदास साहब की कुटी पर ध्वजारोहण

- तालाब के बीच ध्वजारोहण बना आकर्षण का केंद्र
- भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी की सहभागिता की सराहना

कैनविज टाइम्स संवाददाता





सिरौली गौसपुर, बाराबंकी। विधानसभा दरियाबाद क्षेत्र के मधनापुर स्थित बाबा ख्यामदास साहब की कुटी पर पावन ध्वजारोहण कार्यक्रम श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। बाबा ख्यामदास साहब समर्थ स्वामी जगजीवन साहब के प्रिय शिष्यों में रहे हैं। उनकी कुटी कोटवाधाम की संत परंपरा और सतनामी संप्रदाय की आस्था से जुड़ा महत्वपूर्ण स्थल मानी जाती है।

हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वजा का विधिवत आरोहण किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि व जनकल्याण की कामना की। युवाओं द्वारा तालाब में तैरते हुए मध्य भाग तक पहुंचकर ध्वजारोहण करना कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी की सहभागिता विशेष रूप से चर्चा में रही। आयोजकों और श्रद्धालुओं के अनुसार, इस धार्मिक आयोजन में किसी राजनीतिक व्यक्ति की पहली बार सहभागिता हुई। प्रमोद तिवारी की उपस्थिति और कार्यक्रम में सहभागिता को श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों ने खूब सराहा। लोगों का कहना रहा कि धार्मिक और संत परंपरा से जुड़े ऐसे आयोजनों में राजनीतिक प्रतिनिधियों की सहभागिता सामाजिक समरसता और परंपराओं के सम्मान का संदेश देती है।

कार्यक्रम का सबसे विशेष क्षण रहा जब युवाओं ने तालाब में तैरते हुए बीचों-बीच स्थित ध्वजा स्थल तक पहुंचकर ध्वजारोहण किया। श्रद्धालुओं ने जयकारों से पूरा परिसर गुंजा दिया।

इस धार्मिक आयोजन में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी की सहभागिता विशेष चर्चा में रही। आयोजकों के अनुसार इस ऐतिहासिक संत स्थल के आयोजन में किसी राजनीतिक प्रतिनिधि की यह पहली सहभागिता थी। श्रद्धालुओं व क्षेत्रवासियों ने कहा कि संत परंपरा और लोक आस्था से जुड़े ऐसे आयोजनों में जनप्रतिनिधियों का पहुंचना *सामाजिक समरसता और संत परंपरा के सम्मान का संदेश देता है। प्रमोद तिवारी की उपस्थिति को लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम में अवधेश अवस्थी, श्रेष्ठा शर्मा, छोटे बाबा सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में सतनामी समाज के श्रद्धालु मौजूद रहे।



एशियाई खेलः भारत ने श्रीलंका को 147 रन से हराकर जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी

आइची-नगोया। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की शानदार बल्लेबाजी के बाद भारतीय स्पिनरों के कहर की बदौलत भारत ने मंगलवार को एशियाई खेलों के महिला क्रिकेट फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराकर लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीत लिया। यह मौजूदा एशियाई खेलों में भारत का पहला स्वर्ण पदक है। भारत के अब सात पदक हो गए हैं, जिसमें एक स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य शामिल हैं। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 216 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर ऑलआउट हो गई। 147 रन की जीत महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत की रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत भी है। इससे पहले भारत ने मलेशिया को 142 रन से हराया था। 217 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की शुरुआत खराब रही। शेफाली वर्मा ने इमेशा दुलानी को तीन रन पर ऋचा



घोष के हाथों स्टंप कराया। श्रीलंका का स्कोर 2.5 ओवर में 18 रन पर एक विकेट था। कप्तान चमारी अटापट्टू ने कुछ अच्छे शॉट लगाए और नंदिनी शर्मा तथा क्रांति गौड़ के ओवरों में दो-दो चौके लगाए। हालांकि, शेफाली ने हसीनी परेरा को भी अपना शिकार बनाया। हसीनी बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में भारती फुलमाली के हाथों कैच हो गईं और खाता नहीं खोल सकीं। पावरप्ले के छह ओवर के बाद श्रीलंका का स्कोर दो विकेट पर 41 रन था। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका की कप्तान अटापट्टू को 21 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 29 रन के निजी स्कोर पर आउट कर दिया। इसके बाद भारतीय स्पिनरों ने श्रीलंका के बल्लेबाजी क्रम को पूरी तरह बिखेर दिया। श्रेयांका पाटिल ने हरशिता समरविक्रमा को खाता खोले बिना आउट किया, जबकि श्री चरणी ने हंसिमा करुणारत्ने को एक रन पर पवेलियन भेजा। दीप्ति ने कविशा दिलहारी को 11 रन पर आउट किया। श्रीलंका का स्कोर 9.1 ओवर में छह विकेट पर 49 रन हो गया। इसके बाद श्री चरणी ने काव्या कविंदी को दो रन पर आउट किया। दीप्ति ने सुगंधिका कुमारी को तीन रन पर आउट कर अपना तीसरा विकेट हासिल किया। 15वें ओवर में मिथिला अयोध्या ने रन आउट कर श्रीलंका का नौवां विकेट गिराया। इसके बाद श्रेयांका पाटिल ने आखिरी विकेट लेकर श्रीलंका की पारी 69 रन पर समेट दी। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने चार ओवर में छह रन देकर तीन विकेट लिए। श्री चरणी ने चार ओवर में 13 रन देकर दो विकेट लिए। शेफाली वर्मा ने दो ओवर में तीन रन देकर दो विकेट और श्रेयांका पाटिल ने 1.4 ओवर में नौ रन देकर दो विकेट हासिल किए। इससे पहले भारत ने स्मृति मंधाना और ऋचा घोष की शानदार बल्लेबाजी के दम पर 216 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। मंधाना ने 45 गेंदों पर पांच चौकों और सात छक्कों की मदद से 79 रन बनाए। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की।

एशियाई खेलः 11 हजार अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाली पहली महिला क्रिकेटर बनीं स्मृति मंधाना

एजेंसी

आइची-नगोया। भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। श्रीलंका के खिलाफ एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक मुकाबले में 79 रन की शानदार पारी के दौरान मंधाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 11,000 रन पूरे करने वाली पहली महिला क्रिकेटर बन गईं। मंधाना ने 45 गेंदों पर पांच चौकों और सात छक्कों की मदद से 79 रन बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 175.56 रहा। उन्होंने शेफाली वर्मा के साथ मिलकर भारत को तेज शुरुआत दिलाई और दोनों ने पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की। शेफाली ने 29 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 48 रन बनाए। मंधाना महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। उन्होंने 179 मैचों की 172 पारियों में 31.00 की औसत और



127.47 के स्ट्राइक रेट से 4,867 रन बनाए हैं। उनके नाम दो शतक और 37 अर्धशतक हैं तथा उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 124 रन है। महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मंधाना 5,411 रन के साथ छठे स्थान पर हैं। उन्होंने 120 मैचों में 47.88 की औसत से ये रन बनाए हैं, जिसमें 14 शतक और 35 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 136 रन है। मंधाना ने नौ टेस्ट मैचों में 52.53 की औसत से 788 रन बनाए हैं। इस प्रारूप में उनके नाम दो शतक और पांच अर्धशतक हैं तथा उनका सर्वोच्च स्कोर 149 रन है। कुल मिलाकर मंधाना ने 308 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 11,066 रन बनाए हैं, जिसमें 18 शतक शामिल हैं। वह महिला क्रिकेट के इतिहास में सबसे अधिक रन और सबसे ज्यादा शतक बनाने वाली बल्लेबाज भी हैं। मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मंधाना और शेफाली की 99 रन की साझेदारी के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर 17 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद ऋचा घोष ने 22 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 49 रन की तेज पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में तीन विकेट पर 216 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।

संक्षिप्त समाचार

पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को 31 रन से हराकर जीता कांस्य पदक

आइची-नगोया। पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने मंगलवार को एशियाई खेलों के तीसरे स्थान के मुकाबले में बांग्लादेश को 31 रन से हराकर कांस्य पदक जीत लिया। निस्शिन के कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान के 145/8 के जवाब में बांग्लादेश की टीम निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने शवाल जुल्फिकार और गुल फिरोजा के साथ अच्छी शुरुआत की। दोनों ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े। नाहिदा अख्तर ने फिरोजा को आउट किया। उन्होंने 23 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 31 रन बनाए। इसके बाद सायरा जाबीन क्रीज पर आईं, लेकिन वह ज्यादा देर नहीं टिक सकीं और पांच रन बनाकर आउट हो गईं। जुल्फिकार ने 27 गेंदों पर 17 रन बनाए, जबकि एमान फातिमा खाता नहीं खोल सकीं। आयशा जफर ने नौ रन बनाए, लेकिन शांजिदा अख्तर मेघला ने उन्हें भी पवेलियन भेज दिया। पाकिस्तान का स्कोर एक समय पांच विकेट पर 67 रन था। कप्तान फातिमा सना ने आलिया रियाज के साथ मिलकर पारी को संभाला। दोनों ने छठे विकेट के लिए 67 रन जोड़े। रियाज ने 22 गेंदों पर दो छक्कों और एक चौके की मदद से 25 रन बनाए। फातिमा सना ने 45 रन की पारी में तीन छक्के और तीन चौके लगाए। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 145 रन बनाए। फातिमा पारी की आखिरी गेंद पर आउट हुईं। बांग्लादेश की ओर से नादिया अख्तर, रितु मोनी और शोर्ना अख्तर ने दो-दो विकेट लिए, जबकि शांजिदा अख्तर मेघला को एक सफलता मिली। 146 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने दिलारा अख्तर और जुआइरिया फरदौस के साथ शुरुआत की। पाकिस्तान की उम्म-ए-हानी ने तीसरे ओवर में फरदौस को आउट कर पहली सफलता दिलाई। अगले ओवर में तस्मिया रुबाब ने दिलारा अख्तर को 12 रन पर आउट किया। इसके बाद शोभना मोस्तारी भी दो रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। कप्तान निगार सुल्ताना जोती और शर्मिन अख्तर ने चौथे विकेट के लिए 47 रन जोड़कर बांग्लादेश की पारी को संभाला। हालांकि, बढ़ते रन रेट के दबाव में निगार सुल्ताना को आयशा जफर ने एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। उन्होंने 30 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 25 रन बनाए। इसके बाद बांग्लादेश के विकेट लगातार गिरते रहे और लक्ष्य से दूरी भी बढ़ती गई। शर्मिन अख्तर 45 गेंदों पर 46 रन और नाहिदा अख्तर छह गेंदों पर 10 रन बनाकर नाबाद रहीं। बांग्लादेश की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 114 रन ही बना सकी और 31 रन से मुकाबला हार गई। पाकिस्तान की ओर से उम्म-ए-हानी सबसे सफल गेंदबाज रहीं। उन्होंने चार ओवर में एक मेडन के साथ 10 रन देकर तीन विकेट लिए। फातिमा सना, तस्मिया रुबाब, नशरा संधू और आयशा जफर ने एक-एक विकेट लिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने एशियाई खेलों में अपना दूसरा पदक हासिल किया। पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना उद्घाटन समारोह में देश की महिला ध्वजवाहक भी थीं। इससे पहले पाकिस्तान के आसिम खान ने मिश्रित मार्शल आर्ट्स में कांस्य पदक जीता था। दो कांस्य पदकों के साथ पाकिस्तान पदक तालिका में 26वें स्थान पर है।

एशियाई खेलः भारत बुधवार से करेगा एथलेटिक्स अभियान की शुरुआत, तजिंदरपाल, अविनाश पर नजरें

आइची-नगोया। भारत एशियाई खेलों में बुधवार से अपने एथलेटिक्स अभियान की शुरुआत करेगा। 23 से 29 सितंबर तक चलने वाली एथलेटिक्स स्पर्धाओं में अविनाश साबले, तजिंदरपाल सिंह तूर, पारुल चौधरी और गुलवीर सिंह समेत कई भारतीय पदक दावेदार मैदान में उतरेंगे। नीरज चोपड़ा के चोट के कारण बाहर होने से पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में भारत की चुनौती कुछ अलग होगी। उनकी जगह रोहित यादव और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता यश वीर सिंह भारतीय चुनौती संभालेंगे। रोहित ने इस सत्र में 87 मीटर से अधिक के दो शानदार थ्रो किए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अगस्त में भुवनेश्वर में विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर सिल्वर मीट में आया, जहां उन्होंने 87.68 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। घुटने की सर्जरी के कारण वह ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा नहीं ले सके थे। वहीं, तजिंदरपाल सिंह तूर की नजरें एशियाई खेलों में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीतने पर होंगी। पारुल चौधरी महिलाओं की 5000 मीटर में अपने स्वर्ण पदक का बचाव करेंगी। वह 1500 मीटर और 3000 मीटर स्टीपलचेज में भी हिस्सा लेंगी। 2022 हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की 4x400 मीटर रिले टीम का हिस्सा रहे राजेश रमेश को भी टीम में जगह मिली है। बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी भी लंबे समय तक चोट से बाहर रहने के बाद प्रतियोगिता में वापसी करेंगी। उन्होंने 2022 एशियाई खेलों में रजत पदक जीता था। लंबी कूद के स्टार मुरली श्रीशंकर भी मजबूत लय के साथ एशियाई खेलों में उतरेंगे। उन्होंने ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में अपना दूसरा रजत पदक जीता था। तेजस्विन शंकर, गुलवीर सिंह, अंसी सोजन, प्रवीण चित्रवेल और विथ्या रामराज भी भारतीय टीम के प्रमुख नामों में शामिल हैं। गुलवीर सिंह ने 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में 10,000 मीटर और 5,000 मीटर में दो पदक जीते थे। अंसी सोजन लंबी कूद की राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी हैं, जबकि प्रवीण चित्रवेल और विथ्या रामराज भी हांगझोऊ में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। भारत एथलेटिक्स की 50 पदक स्पर्धाओं में से 41 में हिस्सा लेगा। पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़, चक्का फेंक, हाफ मैराथन रेस वॉक, मैराथन रेस वॉक और 4x100 मीटर रिले में भारत की भागीदारी नहीं होगी। महिलाओं की 100 मीटर, मैराथन, भाला फेंक और हाफ मैराथन रेस वॉक स्पर्धाओं में भी भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा।

तलवारबाजीः तनिक्षा प्री क्वार्टर फाइनल में हारीं, हेमाश और सचिन भी बाहर

नागोया। भारत की तनिक्षा खत्री ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की महिला व्यक्तिगत एपी स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन प्रीक्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व चैम्पियन सोंग सेरा से हार गईं। भारत की 22 वर्षीय तलवारबाज तनिक्षा को सोंग के खिलाफ 9-15 से हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने इससे पहले अंतिम 32 के मुकाबले में थाईलैंड की नत्यापत सांगनगियो को 15-10 से हराया था। इसी वर्ग में भारत की एक अन्य तलवारबाज मित्वा चौधरी को अंतिम 32 में चीन की यांग जिंगवेन ने 15-14 से हराया। इस साल की शुरुआत में नाइजीरिया में हुए राष्ट्रमंडल तलवारबाजी चैम्पियनशिप में सीनियर महिला एपी वर्ग का स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाली तनिक्षा ने हालांकि अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। भारत के हेमाश सिंह सनासाम और सचिन भी पुरुष व्यक्तिगत फॉइल स्पर्धा में अंतिम 32 के मुकाबलों में हारकर बाहर हो गए।

अक्षर की शानदार गेंदबाजी से भारत ने एकमात्र टी-20 में जापान को दो रन से हराया

एजेंसी

सानो। अक्षर पटेल की आखिरी ओवर में शानदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने मंगलवार को ऐतिहासिक एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में जापान को दो रन से हरा दिया। पांच ओवर के इस मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 32 रन बनाए। जवाब में जापान की टीम पांच ओवर में तीन विकेट पर 30 रन ही बना सकी। 33 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जापान की टीम की शुरुआत खराब रही। पारी के पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ईशान किशन के सटीक थ्रो ने सलामी बल्लेबाज लाचलान यामामोटो-लेक को एक रन पर रन आउट कर दिया। अगले ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने इब्राहिम ताकाहाशी को चार रन पर आउट कर जापान को सात रन पर दूसरा झटका दिया। इसके बाद केंडल कडोवाकी-फ्लेमिंग



और बेंजामिन इटो-डेविस ने पारी को संभालने की कोशिश की। दोनों ने रवि बिश्नोई के ओवर में 10 रन जुटाए और तीन ओवर के बाद जापान का स्कोर दो विकेट पर 18 रन हो गया। मेजबान टीम को अंतिम 12 गेंदों में 15 रन की जरूरत थी। चौथे ओवर में जापान ने वॉशिंगटन सुंदर के खिलाफ सात रन बनाए, लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर सुंदर ने केंडल कडोवाकी-फ्लेमिंग को 12 रन पर आउट कर दिया। चार ओवर के बाद जापान का स्कोर तीन विकेट पर 25 रन था और उसे आखिरी ओवर में आठ रन चाहिए थे। इसके बाद अक्षर पटेल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए जापान को आठ रन नहीं बनाने दिए। जापान की टीम पांच ओवर में तीन विकेट पर 30 रन ही बना सकी और भारत ने दो रन से मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर सबसे सफल गेंदबाज रहे। सुंदर ने 2 विकेट लिए। इससे पहले जापान के स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजी क्रम को चौंकाते हुए पांच ओवर में भारत को चार विकेट पर सिर्फ 32 रन तक सीमित कर दिया। भारतीय टीम में केवल कप्तान श्रेयस अय्यर ही दोहरे अंक तक पहुंच सके। उन्होंने 12 रन बनाए। अभिषेक शर्मा पहली ही गेंद पर आउट हो गए। चार्ली हारा-हिन्जे जापान के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने दो विकेट लिए। इब्राहिम ताकाहाशी को एक सफलता मिली। सैमसन धीमी बाएं हाथ की स्पिन के खिलाफ संघर्ष करते हुए पांच गेंदों पर चार रन बना सके। इसके बाद हारा-हिन्जे ने पारी की आखिरी गेंद पर अभिषेक शर्मा को आउट किया, जो शॉर्ट फाइन लेग की दिशा में टॉप एज दे बैठे।

दक्षिण कोरिया से 0-3 की हार के साथ पुरुष टेबल टेनिस टीम का अभियान खत्म

आइची-नगोया। भारत को एशियाई खेलों में मंगलवार को पुरुष टीम टेबल टेनिस के राउंड ऑफ 16 मुकाबले में दक्षिण कोरिया के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे महाद्वीपीय प्रतियोगिता में उसका अभियान समाप्त हो गया। भारत 0-2 से पिछड़ गया था। हरमीत देसाई को जांग वूजिन ने चार गेम में 11-8, 8-11, 7-11, 9-11 से हराया। इसके बाद मनुष शाह ने विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज ओ जुनसोंग को कड़ी चुनौती दी, लेकिन पांच गेम के मुकाबले में उन्हें 2-3 से हार मिली। मनुष ने तीसरा गेम 13-11 से जीतकर 2-1 की बढ़त बनाई थी और निर्णायक गेम में भी 4-1 से आगे थे। हालांकि, ओ जुनसोंग ने वापसी करते हुए निर्णायक गेम जीत लिया। ओ ने मुकाबला 4-11, 11-8, 13-11, 11-13, 11-6 से अपने नाम किया। भारत को मुकाबले में बनाए रखने की जिम्मेदारी मानव ठक्कर पर थी, जिनका सामना आन जेह्युन से हुआ। मानव ने तीसरा गेम 11-7 से जीतकर वापसी की कोशिश की, लेकिन इससे पहले वह शुरुआती दो गेम 10-12, 6-11 से हार चुके थे।

घरेलू इस्पात कीमतें चार साल के उच्चतम स्तर पर दूसरी छमाही में भी तेजी जारी रहने का अनुमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। बाजार अनुसंधान फर्म बिगमिंट के अनुसार कच्चे माल विशेषकर कोकिंग कोल के महंगा होने और मानसून के बाद मांग बढ़ने से घरेलू इस्पात की कीमतें चार साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। फर्म ने एक रिपोर्ट में कहा कि चालू वित्त वर्ष की बाकी तिमाहियों में भी यह रुख जारी रहने की उम्मीद है। बिगमिंट के आंकड़ों के अनुसार हॉट रोल्ड कॉइल (एचआरसी) और कोल्ड रोल्ड कॉइल (सीआरसी) क्रमशः 64,000 रुपये प्रति टन और 75,000 रुपये प्रति टन के भाव पर बिक रहे हैं। इससे पहले ऐसे दाम जून 2022 में देखे गए थे। ये विश्व स्तर पर सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले दो सपाट इस्पात उत्पाद हैं। एक अगस्त से एचआरसी और सीआरसी की कीमतों में क्रमशः 6,000 रुपये प्रति टन और 8,500 रुपये प्रति टन की बढ़ोतरी हुई है। अगस्त



की शुरुआत में एचआरसी 58,000 रुपये प्रति टन और सीआरसी 66,500 रुपये प्रति टन पर थी। बिगमिंट के एक विश्लेषक ने कहा कि कीमतों में यह उछाल मुख्य रूप से प्रमुख कच्चे माल की लागत बढ़ने और मांग में तेजी के कारण आया है। आयात किए जाने वाले कोकिंग कोल की कीमत महज एक महीने में करीब 65 डॉलर प्रति टन बढ़कर 305 डॉलर प्रति टन हो गई है। वहीं, लौह अयस्क फाइन की कीमतों में 200 से 250 रुपये प्रति टन की बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह 4,500 रुपये प्रति टन पर पहुंच गया है। ब्लास्ट फर्नेस पद्धति से इस्पात उत्पादन की लागत में अकेले कोकिंग कोल की हिस्सेदारी 30 प्रतिशत से अधिक होती है।

भारतीय खिलाड़ियों की मदद के लिए साई ने बढ़ाईं सुविधाएं

एजेंसी

आइची-नगोया, जापान। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने एशियाई खेल 2026 में भारतीय दल के लिए जमीनी स्तर पर लॉजिस्टिक और खिलाड़ियों से जुड़ी सहायता को मजबूत किया है। साई की ओर से खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कई व्यवस्थाएं की गई हैं।

खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के आगमन को सुगम बनाने के लिए हवाई अड्डे पर एक समर्पित स्वागत एवं सहायता टीम तैनात की गई है। इसमें भारतीय ओलंपिक संघ, साई और जापान स्थित भारतीय दूतावास के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह टीम आने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ का स्वागत करने के साथ आगमन संबंधी औपचारिकताओं में सहायता कर रही है। साथ ही खिलाड़ियों को जलपान और आगे खेल स्थलों तथा आवास तक पहुंचने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। साई ने भारतीय दल की सुविधा के लिए कई अतिरिक्त व्यवस्थाएं भी की हैं। भारतीय निशानेबाजों के लिए प्रतियोगिता स्थलों तक आने-जाने के लिए परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अलावा चिकित्सा टीमों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है, ताकि चिकित्सा दल विभिन्न प्रतियोगिता स्थलों के बीच आसानी से पहुंच सकें और जरूरत पड़ने पर खिलाड़ियों को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा सकें। आयोजन समिति की ओर से सीमित आवास उपलब्ध होने के कारण जिन प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ के लिए आवास की व्यवस्था नहीं हो सकी थी, उनके लिए भी अतिरिक्त कमरों की व्यवस्था साई ने की है। साई भारतीय ओलंपिक संघ, जापान स्थित भारतीय दूतावास और एशियाई खेल आयोजन समिति के साथ समन्वय से काम कर रहा है।

भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन में प्रदर्शित होंगी दुनिया भर से चावल की 200 किस्में

नयी दिल्ली। भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन (बीआईआरसी) में दुनिया भर से व्यावसायिक महत्व वाली चावल की लगभग 200 किस्मों को प्रदर्शित किया जा रहा है। अपनी तरह का यह पहला वैश्विक संग्रह अगले महीने नयी दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इससे अंतरराष्ट्रीय खरीदारों को एक ही स्थान पर विभिन्न किस्मों के चावल की तुलना करने और संभावित आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करने में मदद मिलेगी। आयोजकों ने एक बयान में बताया कि 23 से 25 अक्टूबर तक भारत मंडपम में प्रदर्शित किए जाने वाले इस वैश्विक चावल संग्रह में इटली के आर्बोरियो, थाईलैंड के जैस्मीन व ग्लूटीनस आरडी6 और जापान के सुशी चावल से लेकर भारत के बासमती, सुगंधित पारंपरिक अनाज, काले तथा लाल चावल और क्षेत्रीय विशिष्ट किस्में शामिल होंगी। इस प्रदर्शनी का मकसद चावल को केवल एक व्यापारिक जिंस के रूप में ही नहीं, बल्कि भूगोल, जैव विविधता, खान-पान की परंपराओं और खेती के तौर-तरीकों से जुड़े उत्पाद के रूप में पेश करना है। भारत की व्यावसायिक पेशकशों में पूसा बासमती, सुगंधा और शरबती सहित बासमती की विभिन्न किस्में शामिल होंगी। इसके अलावा गैर-बासमती किस्में जैसे पीआर-11, पीआर-14, परमल और सोना मसूरी को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस संग्रह में क्षेत्रीय और पारंपरिक किस्में भी शामिल होंगी, जिनमें केरल से नवारा तथा रक्तशाली, तमिलनाडु से सीरागा सांबा, मपिल्लई सांबा तथा करुप्पु कावुनी, छत्तीसगढ़ से दुबराज, पश्चिम बंगाल से तुलाईपंजी, मणिपुर से चाक-हाओ काला चावल, असम से जोहा चावल, उत्तर प्रदेश से काला नमक, मध्य प्रदेश से चिन्नौर, महाराष्ट्र से आंबेमोहर और कश्मीर से मुश्कबुदजी शामिल हैं।

सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ है। कीमत में बदलाव होने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना 1,150 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,260 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी के भाव में भी आज शुरुआती कारोबार के दौरान 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। कीमत में हुए बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,54,570 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,54,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,41,690 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,41,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु



दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,54,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,54,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,54,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,41,740 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,54,570 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,41,690 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,54,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,690 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,54,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,41,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,54,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,41,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


जल सुरक्षा से जन सुरक्षा व राष्ट्र सुरक्षा सुनिश्चित होगी : राधाकृष्णन

एजेंसी

नईदिल्ली। उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने जल के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और संरक्षण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि जल सुरक्षा से ही जन सुरक्षा और राष्ट्र सुरक्षा सुनिश्चित होगी। 9वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह 2026 का उद्घाटन करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण और बढ़ती आबादी से उत्पन्न चुनौतियों के बीच नदी बेसिन प्रबंधन, भूजल पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन और सिंचाई के कुशल इस्तेमाल को शामिल करने वाला एकीकृत दृष्टिकोण बेहद महत्वपूर्ण है।

उपराष्ट्रपति ने किया जल संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग, संरक्षण और एकीकृत प्रबंधन का आह्वान

भारत मंडपम में 9 वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह 2026 शुरू



राधाकृष्णन ने भारत मंडपम में नौवें भारत अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह (आईआईडब्ल्यूडब्ल्यू) के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि जल संसाधनों के संरक्षण, भंडारण, प्रबंधन और विवेकपूर्ण इस्तेमाल केवल वर्तमान जरूरतों के लिए ही नहीं, बल्कि भावी पीढ़ियों के लिए भी किया जाना चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत के पास दुनिया के कुल भू-भाग का 2.4 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि दुनिया की 18 प्रतिशत आबादी देश में रहती है। इसके बावजूद भारत के पास दुनिया के मीठे जल संसाधनों का केवल करीब चार प्रतिशत हिस्सा है। मौजूदा समय में जल से जुड़ी समस्याएं जलवायु परिवर्तन, तेजी से बढ़ते शहरीकरण और जनसंख्या वृद्धि जैसे मुद्दों के कारण और जटिल हो गई हैं।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि देश के कुछ हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति बनी हुई है, जबकि अन्य हिस्सों में बाढ़ की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में राज्यों के बीच जल बंटवारे को लेकर विवाद अब भी एक बड़ी समस्या बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में जल बंटवारे को लेकर अंतरराज्यीय सहयोग के 10 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने केन-बेतवा और किशाऊ परियोजनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि ये इस तरह के सहयोग के उदाहरण हैं।

राधाकृष्णन ने कहा कि आबादी और शहरीकरण बढ़ने के साथ जल की कमी संघर्ष का एक बड़ा कारण बन सकती है। दुनियाभर के बुद्धिजीवी अब कह रहे हैं कि अगर तीसरा विश्व युद्ध हुआ, तो वह केवल पानी के लिए हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत के 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ने के साथ कुशल और टिकाऊ जल प्रबंधन महत्वपूर्ण होगा। पांच दिवसीय इस आयोजन की थीम जलवायु अनुकूल जल प्रबंधन है। इसमें नीति निर्माता, वैश्विक जल क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ, शोधकर्ता, क्षेत्रीय विशेषज्ञ, उद्योग जगत, नागरिक समाज और युवा पेशेवर हिस्सा ले रहे हैं। नीदरलैंड और जर्मनी इसमें साझेदार देशों के रूप में भाग ले रहे हैं।

हाईकोर्ट में सरकार ने पेश किया जवाब

जहरीली शराब मामले में हुई 20 मौतें, 32 आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

जबलपुर। मध्य प्रदेश के सागर जिले के बंडा तहसील में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के मामले को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर मंगलवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार ने सात बिंदुओं पर अपना जवाब पेश किया। न्यायालय को बताया कि जहरीली शराब से 20 लोगों की मौत हुई है। मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये का मुआवजा दिया गया है।

सरकार ने अदालत को बताया कि शराबकांड की न्यायिक जांच के लिए आयोग गठित किया गया है। न्यायमूर्ति वीपीएस चौहान की अध्यक्षता में गठित आयोग पूरे मामले की जांच करेगा। सरकार के मुताबिक, तीन एफआईआर में अब तक 52 लोगों को आरोपित बनाया है, जिनमें से 32 की गिरफ्तारी हो चुकी है। प्रकरणों की जांच जारी है और अवैध तथा मिलावटी शराब के खिलाफ विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। सरकार ने अदालत को अब तक की कार्रवाई की विस्तार से जानकारी दी। गौरतलब है कि हाल ही में सागर जिले के बंडा और शाहगढ़ तहसील क्षेत्र में कथित जहरीली शराब पीने से कई लोगों की मौत हो गई थी। मामले की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर दमोह निवासी सामाजिक कार्यकर्ता वैभव सिंह ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की थी। इसमें सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में स्वतंत्र जांच की मांग के साथ सागर कलेक्टर और एसपी को हटाने की मांग भी की गई थी। याचिका में बंडा और शाहगढ़ क्षेत्र में कथित मिलावटी शराब के नेटवर्क तथा प्रशासनिक स्तर पर लापरवाही के आरोप भी उठाए गए थे। उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अल्पेश यशवंत कोगजे और न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक जैन की युगलपीठ ने मंगलवार को याचिका पर सुनवाई हुई।

याचिकाकर्ता वैभव सिंह ने अदालत में कहा कि पुलिस-प्रशासन 20 लोगों की मौत की बात कह रहा है, जबकि मीडिया रिपोर्ट्स में 30 से 40 लोगों की मौत की बात सामने आ रही है। उन्होंने मुआवजे के तौर पर दिए गए 4-4 लाख रुपये पर भी सवाल उठाया। याचिकाकर्ता ने कहा कि सरकार यह बताए कि मुआवजा किस आधार पर दिया गया है। वैभव सिंह ने जहरीली शराबकांड के लिए सागर एसपी और कलेक्टर को जिम्मेदार ठहराया। सुनवाई के दौरान उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिका में उठाई गई प्रमुख मांगों के संबंध में शासन की ओर से कार्रवाई की जा चुकी है। न्यायिक जांच के लिए आयोग का गठन हो चुका है और मामले की जांच उसके समक्ष जारी रहेगी। इसके बाद न्यायालय ने सामाजिक कार्यकर्ता वैभव सिंह की जनहित याचिका का निराकरण कर दिया। अदालत ने याचिकाकर्ता को निर्देशित किया कि शराबकांड से संबंधित तथ्य, दस्तावेज और अन्य सामग्री न्यायिक जांच आयोग के समक्ष प्रस्तुत करें। युगलपीठ ने यह स्वतंत्रता भी दी कि यदि आयोग के समक्ष उनके पक्ष पर सुनवाई नहीं होती या कोई नया आधार उत्पन्न होता है तो वे पुनः उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं। याचिकाकर्ता वैभव सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अगर आयोग के सामने भी सुनवाई नहीं हुई तो वे उच्च न्यायालय जाएंगे।

मोदी ने 'प्रोजेक्ट राइनो' शुरू किए जाने की जानकारी दी

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विश्व गैंडा दिवस के अवसर पर एक सींग वाले गैंडे के संरक्षण में जुटे लोगों की सराहना की और कहा कि देश में प्रजाति संरक्षण को आगे बढ़ाने के लिए 'प्रोजेक्ट राइनो' शुरू किया गया है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि इस पहल के तहत गैंडा बहुल राज्यों को गैंडों के संरक्षण, आवास प्रबंधन, आनुवंशिक सुधार और आबादी की गतिशीलता को समझने के लिए वित्तीय एवं तकनीकी सहायता दी जाएगी। मोदी ने कहा कि दुनिया के गैंडों की आबादी का करीब 80 प्रतिशत हिस्सा अब असम में है।

उन्होंने गैंडों के अवैध शिकार को रोकने के लिए काजीरंगा के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में गैंडे या तो वापस लौटे हैं या अच्छी तरह संरक्षित हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश के दुधवा में गैंडों को फिर से बसाने की सफलता इतिहास रच रही है। मोदी ने कहा कि ये प्रयास संबंधित राज्यों में पशु संरक्षण और सक्रिय वन्यजीव प्रबंधन के प्रति लोगों की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

प्रधानमंत्री ने एक पोस्ट में कहा, विश्व गैंडा दिवस पर हम शानदार एक सींग वाले गैंडे का उत्सव मनाते हैं और इसके संरक्षण में अग्रिम मोर्चे पर काम कर रहे सभी लोगों की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि असम में अब दुनिया के करीब 80 प्रतिशत गैंडे हैं और काजीरंगा में गैंडों के अवैध शिकार को समाप्त करने के प्रयासों की व्यापक सराहना हुई है। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा कि देश में प्रजाति संरक्षण को आगे बढ़ाने के लिए 'प्रोजेक्ट राइनो' शुरू किया गया है, जिसके तहत गैंडा बहुल राज्यों को संरक्षण, आवास प्रबंधन, आनुवंशिक सुधार और आबादी की गतिशीलता को समझने के लिए वित्तीय तथा तकनीकी सहायता दी जाएगी।

पाकिस्तान तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश कर रहा : जायसवाल

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान पर तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने और झूठे दावे फैलाकर दुष्प्रचार करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पाकिस्तान के मंत्री जिस तथाकथित फैसले का हवाला दे रहे हैं, वह स्थायी मध्यस्थता न्यायालय (पीसीए) का फैसला नहीं बल्कि एक 'अवैध रूप से गठित' न्यायाधिकरण का फैसला है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पाकिस्तान के दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पाकिस्तान का तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने और अपने 'दुर्भावनापूर्ण प्रचार' के लिए झूठ फैलाने का इतिहास रहा है। उन्होंने कहा, ''सबसे पहले, जिस तथाकथित फैसले को पाकिस्तान के मंत्री स्थायी मध्यस्थता न्यायालय का फैसला बताकर पेश कर रहे हैं, वह ऐसा नहीं है। यह एक अवैध रूप से गठित न्यायाधिकरण का फैसला है।

अमेरिका का शक्तिशाली लड़ाकू विमान एफ-35 पहली बार युद्धाभ्यास करने भारत आएगा

एजेंसी

जोधपुर में 26 सितंबर से 12 अक्टूबर तक होगा बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति'

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना की मेजबानी में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' में इस बार भी दुनिया के फाइटर जेट आसमान में उड़ान भरेंगे, जिसमें अमेरिका का पांचवीं पीढ़ी का एफ-35 लड़ाकू विमान होगा। वैसे तो भारत की वायु सेना एफ-35 के साथ विदेशों में कई बार एयर कॉम्बैट एक्सरसाइज में हिस्सा ले चुकी है लेकिन यह पहला मौका है, जब अमेरिका का यह शक्तिशाली विमान हवाई युद्धाभ्यास में शामिल होने भारत आ रहा है। इस अभ्यास में 40 से ज्यादा देश हिस्सा लेंगे, जिसमें भारतीय वायु सेना अपने सभी प्रमुख एयरक्राफ्ट तैनात करेगी, जिनमें फ्रंटलाइन राफ़ेल और सुखोई-30 फाइटर जेट शामिल हैं।

राजस्थान के जोधपुर में 26 सितंबर से 12 अक्टूबर तक होने वाली मल्टीनेशनल एक्सरसाइज 'तरंग शक्ति' के दूसरे संस्करण में 07 देश अपने विमानों के साथ हिस्सा लेंगे। इसमें अमेरिका अपने 2-3 एफ-35 कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के साथ, फ्रांस अपने राफ़ेल के साथ और यूएई अपने एफ-16 के साथ शामिल होंगे, जबकि कई अन्य देश ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट जैसे अपने एयरक्राफ्ट के साथ हिस्सा लेंगे। इसके अलावा 32 मित्र देशों की वायु सेनाएं पर्यवेक्षक के तौर पर इस अभ्यास का हिस्सा बनेगी। यह एक्सरसाइज जोधपुर एयरबेस पर भारत-जापान की 'वीर गार्डियन' अभ्यास के ठीक बाद हो रही है। वायु सेना के वाइस चीफ ऑफ एयर स्टाफ एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने मंगलवार



को एक प्रेस कांफ्रेंस में मल्टीनेशनल एक्सरसाइज 'तरंग शक्ति' के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय वायु सेना के एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल एयरक्राफ्ट, ट्रांसपोर्ट प्लेन और हवा में ईंधन भरने वाले टैंकर जैसे एयरक्राफ्ट भी इस ड्रिल में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि कई सालों तक हमने विदेशी एयर फोर्स के साथ ऑपरेशनल एक्सरसाइज की और हमने पार्टनर के साथ ऑपरेट करना सीखा। अब 'तरंग शक्ति' ने उस सोच को बदल दिया है और 2024 में हम पिछले संस्करण में पहली बार कई एयर फोर्स को एक साथ लाये और अब हम उस अनुभव के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, जिससे 'तरंग शक्ति' अगला तार्किक कदम बन जाएगा। उन्होंने बताया कि इस साल 65 मित्र देशों को आमंत्रण भेजे गए हैं लेकिन जैसा कि आप जानते हैं कि हमारे आसपास की दुनिया बहुत तेजी से बदल रही है। युद्ध का नेचर बदल रहा है इसलिए रूस और इजराइल जैसे देशों ने इस अभ्यास में आने पर सहमति नहीं दी है। हाल के संघर्षों ने प्रिसिजन, इंटीग्रेटेड डिफेंस, अनमैन्ड सिस्टम, इन्फॉर्मेशन डोमिनेंस, स्पेस-इनेबल्ड कैपेबिलिटी और इन सभी को एक मल्टी-डोमेन ऑपरेशन में एक साथ लाने की एबिलिटी के महत्व को दिखाया है।

पेज एक का शेष

सस्ता होगा...

ने अपने एक आधिकारिक बयान में बताया कि दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (बारहवां संशोधन), 2024 के कार्यान्वयन के बाद बाजार में केवल वॉइस और एसएमएस एसटीवी की उपलब्धता सीमित हो गई थी। उपलब्ध प्लान मुख्य रूप से लंबी वैधता अवधि पर केंद्रित थे। इससे कम आय वाले उपभोक्ताओं को किफायती कम अवधि के विकल्पों से वंचित होना पड़ रहा था। नियामक ने महसूस किया कि इस स्थिति को बदलने की आवश्यकता है। नए निर्देशों के तहत, ऑपरेटरों को एक ऐसा केवल वॉइस और एसएमएस एसटीवी भी देना होगा जिसे हर महीने एक ही तारीख पर नवीनीकृत किया जा सके। यदि किसी विशेष महीने में संबंधित नवीनीकरण की तारीख उपलब्ध नहीं है, तो नवीनीकरण उस महीने की अंतिम तारीख को होगा। इसके अतिरिक्त, दूरसंचार ऑपरेटरों को कम और मासिक वैधता विकल्पों से लंबी वैधता वाला कम से कम एक केवल वॉइस और एसएमएस एसटीवी भी पेश करना होगा। यह प्लान भी वॉइस, एसएमएस और डेटा के लिए दिए जा रहे एसटीवी की वैधता अवधि के अनुरूप होगा। ट्राई का मानना है कि यह संशोधित टैरिफ ढांचा उपभोक्ताओं की आवश्यकताओं को पर्याप्त रूप से पूरा करेगा। इस संशोधन से विशेष रूप से कम आय वाले उपभोक्ताओं और उन उपयोगकर्ताओं को लाभ मिलेगा जो डेटा सेवाओं के साथ बंडल दूरसंचार प्लान नहीं खरीदना चाहते हैं। इस बदलाव से विभिन्न वैधता अवधियों में केवल वॉइस और एसएमएस विकल्पों की उपलब्धता में सुधार होने की उम्मीद है। इससे उपभोक्ताओं को अपने उपयोग और सामर्थ्य के आधार पर रिचार्ज प्लान चुनने में अधिक लचीलापन मिलेगा।

यूपी के नए एक्सप्रेसवे पर...

किनारे 985.53 किमी के दायरे में यह सुविधा देगा। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे (15.20 किमी.), आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे (52.20 किमी.), आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से गंगा एक्सप्रेसवे लिंक एक्सप्रेसवे (बाया फर्रुखाबाद 90.83 किमी.), जेवर एयरपोर्ट से गंगा लिंक एक्सप्रेसवे (बाया बुलंदशहर 74.30 किमी.), झांसी लिंक एक्सप्रेसवे (106.00 किमी.), मेरठ हरिद्वार एक्सप्रेसवे (146.00 किमी.), विंध्य एक्सप्रेसवे (333.00 किमी.) विंध्य पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे (117.00 किमी.), नोएडा जेवर लिंक एक्सप्रेसवे (51.00 किमी.) के दायरे में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

नियुक्ति पाने वालों ...

युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा है। सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी के नौजवानों के लिए पूरी दुनिया खुली है। जिन लोगों ने उनके सामने पहचान का संकट खड़ा किया था, वे यहां नौकरी देते नहीं थे और दुनिया 'यूपी वाला' कहकर हमारे युवाओं को शक की निगाहों से देखती थी। जिनके कारनामों से प्रदेश थर्राता था, वही लोग आज उपदेश देते फिर रहे हैं। आज नियुक्ति पाने वालों में बहुत से ऐसे होंगे जिन्होंने पहली बार प्रतियोगी परीक्षा दी होगी। कई ऐसे भी होंगे जिन्हें पहले अवसर नहीं मिला होगा। यदि किसी ने पहली बार प्रतियोगी परीक्षा दी है तो स्वाभाविक रूप से दस वर्ष पहले उसकी उम्र 13 से 16-17 वर्ष के बीच रही होगी। उस उम्र में बच्चा मां-बाप पर ज्यादा आश्रित रहता है और माता-पिता उसकी हर जरूरत पूरी करने में योगदान देते हैं। ऐसे बच्चों को यह बताने की आवश्यकता है कि 2017 के पहले क्या होता था। परीक्षा कोई देता था और नियुक्ति पत्र उसे दिया जाता था, जिसने फॉर्म तक नहीं भरा होता था। यह अराजकता, बेईमानी और भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि एक शिक्षक प्रतिवर्ष 100 छात्रों के साथ इंटरेक्शन करता है तो 3,567 शिक्षक एक वर्ष में 3.5 लाख से अधिक बच्चों के साथ संवाद और उनका मार्गदर्शन करेंगे। बच्चों को गाइड करना, उनका मार्गदर्शन करना ही नए भारत की आधारशिला है। भारत तब विश्वगुरु था, जब वह दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों का संचालन करता था। तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय भारत की धरोहर रहे हैं। यह धरोहर पहले से मौजूद है, केवल उसे पहचानने और जानने की आवश्यकता है। सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर दे सकती है, लेकिन उस इंफ्रास्ट्रक्चर पर गति कैसे होनी चाहिए, यह शिक्षक द्वारा प्रशिक्षित विद्यार्थी तय करेगा। सरकार उद्योग लगाने का माहौल दे सकती है और उद्योग लगाने में मदद कर सकती है, लेकिन वह उद्योग इनोवेशन और रोजगार का आधार बनेगा या नहीं, यह प्रशिक्षित छात्र तय करेंगे। सरकार लैब बना सकती है, लेकिन वह लैब बेहतरीन शोध का आधार बने और छात्र उसके योग्य बनें, यह शिक्षक द्वारा प्रशिक्षित विद्यार्थी तय करेंगे। जब यह प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, तभी आत्मनिर्भर और विकसित भारत की संकल्पना पूरी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नियुक्ति पाने वाले सभी लोग एक बड़े और पवित्र अभियान के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने श्रीराम के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि उनके जीवन में पग-पग पर ऐसी परिस्थितियां आईं, जहां गुरु की भूमिका महत्वपूर्ण रही। पहले गुरु वशिष्ठ का सानिध्य मिला। गुरुकुल में रहकर भगवान राम ने अपने अनुजों के साथ जीवन के बारे में जाना और गुरु विश्वामित्र के सानिध्य में आने पर जीवन का उद्देश्य समझा तथा दिव्य अस्त्र-शस्त्र का ज्ञान प्राप्त किया। राम मर्यादा के आदर्श हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा हैं। जब यही गुरुतर दायित्व महर्षि वाल्मीकि के हाथों में आया तो उन्होंने वाल्मीकि रामायण के माध्यम से इसे आगे बढ़ाया। उत्तर और दक्षिण को जोड़ने का दायित्व जब महर्षि अगस्त्य के सामने आया तो उन्होंने भी उस कार्य को पूरा किया। चाणक्य का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वह तक्षशिला विश्वविद्यालय के आचार्य थे, लेकिन भारत के सामने मौजूद संकटों और विभाजित राजनीतिक ताकतों को देखकर उन्हें लगा कि केवल इससे काम नहीं चलेगा। किसी चंद्रगुप्त को तैयार करना होगा और उन्होंने पाटलिपुत्र में वह साम्राज्य खड़ा कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति का समाज में योगदान है, लेकिन शिक्षक की भूमिका अन्य से भिन्न है। एक प्रशासनिक अधिकारी अपने प्रशासनिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर सकता है, लेकिन वह अच्छा शिक्षक नहीं हो सकता। पुलिस अधिकारी अपने कार्यों के माध्यम से लोगों के मन में सुरक्षा का भाव पैदा कर सकता है, लेकिन शिक्षक होने के लिए उसे भी सीखना पड़ता है। मैंने माध्यमिक शिक्षा मंत्री से कहा है कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) को पत्र लिखा जाए। प्रयागराज में कुछ युवा धरने पर बैठे हैं। एक बार के लिए उन बच्चों के लिए रिलैक्सेशन किया जाए अथवा ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि एक समय के बाद वे बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं में अपीयर हो सकें। कोई एक सिस्टम तैयार किया जाना चाहिए। जड़ता की शिकार व्यवस्था नौजवानों के हौसलों को रोकने का काम करती है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 के पहले बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा दोनों की स्थिति बहुत बदहाल थी। बेसिक शिक्षा में जर्जर भवन थे, टॉयलेट की व्यवस्था नहीं थी, पेयजल की व्यवस्था नहीं थी। स्मार्ट क्लास और डिजिटल लाइब्रेरी की बात तो दूर थी। बच्चों के लिए यूनिफॉर्म की भी व्यवस्था नहीं थी। ऑपरेशन कायाकल्प और निपुण भारत के तहत बेसिक शिक्षा परिषद में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। सैचुरेशन के टारगेट को 36 प्रतिशत से बढ़ाकर 96 प्रतिशत करने में सफलता मिली है। माध्यमिक शिक्षा में प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत अब तक 2,300 से अधिक विद्यालयों के नए भवन बने हैं और नया इंफ्रास्ट्रक्चर आया है। अच्छी लैब, लाइब्रेरी और क्लासरूम बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर, स्मार्ट क्लास, डिजिटल लाइब्रेरी और अच्छी लैबोरेटरी होगी तो बच्चे उससे प्रभावित होंगे। विद्यालयों में अटल टिंकरिंग लैब बन रही हैं। औद्योगिक घरानों के साथ मिलकर स्किल डेवलपमेंट के नए-नए कार्यक्रम भी आगे बढ़ाए जा रहे हैं। यह काम 2017 के पहले भी हो सकता था, लेकिन रुचि का अभाव था। सरकार का विजन नहीं था और करने की इच्छाशक्ति नहीं थी। अपना एक सीमित एजेंडा था और उस सीमित एजेंडे के साथ यूपी के युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ होता था। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों के सामने 2047 का लक्ष्य रखा है। आज जो नौजवान 13, 14 या 15 वर्ष का है, उसकी उम्र तब 33 से 38 वर्ष के बीच होगी। यही वर्ग उस समय भारत को नेतृत्व देने वाला होगा। कोई डॉक्टर बनेगा, कोई इंजीनियर, कोई सोशल वर्कर, कोई शिक्षक और कोई साइंटिस्ट। अलग-अलग क्षेत्रों में जाने वाले ये छात्र भारत को नेतृत्व देंगे और आगे बढ़ाने में योगदान करेंगे। कभी उन्हें स्मरण करना हो तो उनकी स्मृति में शिक्षक की तस्वीर होनी चाहिए। छात्र को यह भाव होना चाहिए कि आप उसके निर्माता हैं और आपके प्रति उसके मन में श्रद्धा हो। यह गुरुतर दायित्व शिक्षक को निभाना होगा। एक प्रिंसिपल का काम केवल विद्यालय का अनुशासन बनाए रखना नहीं है, बल्कि विद्यालय को छात्र की जिज्ञासा का केंद्र बनाना भी है। इसके लिए सकारात्मक वातावरण और परिस्थितियां पैदा करनी होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक शिक्षक को सदैव शिक्षक की भूमिका में रहना चाहिए। समाज को बांटने वाले बहुत लोग होंगे। ऐसे लोगों से छात्रों को सावधान कराना भी शिक्षा का दायित्व होना चाहिए। बच्चों को पाठ्यक्रम के अलावा महापुरुषों की जीवनी के बारे में भी बताया जाए। देश और दुनिया में प्रतिदिन घटित होने वाली घटनाओं की जानकारी से अपडेट किया जाए। यह उनके जनरल नॉलेज के लिए भी उपयोगी होगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षक केवल बच्चों को पढ़ाने का कार्य नहीं करते, बल्कि समाज को दिशा देने की भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं। भारत में गुरु-शिष्य परंपरा का गौरवशाली इतिहास रहा है और शिक्षकों ने हमेशा ज्ञान के साथ जीवन-मूल्यों की शिक्षा देने का काम किया है। नवनियुक्त शिक्षकों पर समाज और राष्ट्र के भविष्य के निर्माण की बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक प्रदेश की वर्तमान स्थिति और पूर्व की स्थिति का तुलनात्मक अध्ययन करते हुए समाज को सही दिशा देने का कार्य करें। 2017 से पहले प्रदेश में कानून-व्यवस्था, सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में अनेक चुनौतियां थीं, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में इन क्षेत्रों में व्यापक बदलाव हुए हैं। प्रदेश में सड़कों का विस्तार हुआ है, बिजली की उपलब्धता में सुधार हुआ है और मेडिकल कॉलेजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में गरीब कल्याण की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। वर्तमान सरकार में नियुक्तियां पारदर्शी और मेरिट के आधार पर हो रही हैं और आज का कार्यक्रम इसका उदाहरण है। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि आज योग्यता, परिश्रम और लगन के बल पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति मिल रही है। अब उनकी वास्तविक जिम्मेदारी शुरू हो रही है। शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध भावनात्मक होता है और अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षकों को इस विश्वास के साथ सौंपते हैं कि वे उन्हें ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन, चरित्र निर्माण, देशभक्ति और अच्छे व्यक्तित्व का विकास प्रदान करेंगे। शिक्षक स्वयं बच्चों के लिए आदर्श बनें, क्योंकि विद्यार्थी शिक्षक के व्यवहार, आचरण और कार्यशैली से सीखते हैं। नई शिक्षा नीति-2020 की भावना भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की है। सरकार शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता, पारदर्शिता और तकनीक के उपयोग पर विशेष ध्यान दे रही है तथा शिक्षकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए भी अनेक सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। उन्होंने चयनित शिक्षकों से निष्ठा, सजगता, उमंग और उत्साह के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

अनंत नाग को दादा...

संकल्प से की, जबकि फिल्म अंकुर से उन्होंने हिंदी सिनेमा में पदार्पण किया। उन्होंने छह भारतीय भाषाओं की 300 से अधिक फिल्मों में विभिन्न प्रकार के किरदारों को जीवंत किया है। उनके काम में बेहद लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक मालगुडी डेज भी शामिल है। उन्होंने पांच फिल्मफ़ेयर पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए पांच कर्नाटक राज्य पुरस्कार जीते हैं। भारत सरकार ने उन्हें साल 2025 में पद्म भूषण से सम्मानित किया था।

दूसरी छमाही में...

डीबीएस का अनुमान है कि पूरे वित्त वर्ष 2026-27 में आर्थिक वृद्धि औसतन 7.3 प्रतिशत रहेगी, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 के संशोधित आंकड़ों के मुताबिक यह 7.8 प्रतिशत थी। राव ने कहा कि जीएसटी संग्रह, ई-वे बिल, बिजली की मांग और डिजिटल भुगतान जैसे उच्च-आवृत्ति संकेतक मजबूत बने हुए हैं, जिससे संकेत मिलता है कि घरेलू आर्थिक गतिविधियां लगातार मजबूत बनी हुई हैं। हालांकि, सख्त वित्तीय स्थितियों, ऊर्जा की ऊंची लागत और आधार प्रभाव के चलते चालू वित्त वर्ष के उत्तरार्ध में वृद्धि की रफ्तार पर असर पड़ सकता है।

18 और...

एसएसएफ प्रयागराज, राजकुमार एएसपी सुरक्षा मथुरा से एसपी सर्तकता अधिष्ठान, प्रीतिबाला गुप्ता एएसपी एटीएस से एसपी एटीएस, कमल किशोर एएसपी पुलिस मुख्यालय से एसपी ईओडब्ल्यू लखनऊ, देवेश कुमार शर्मा एएसपी यूपीपीसीएल मुख्यालय से एसपी खाद्य प्रकोष्ठ लखनऊ, राहुल मिठास एसपी तकनीकी सेवाएं से एसपी तकनीकी सेवाएं, डॉ.कृष्ण गोपाल उपसेनानायक 5वीं वाहिनी एसएसएफ सहारनपुर से एसपी पीटीसी मुरादाबाद, शोएब इकबाल एएसपी एसीओ मुख्यालय से एसपी यातायात निदेशालय, पवित्र मोहन त्रिपाठी एएसपी ईओडब्ल्यू मुख्यालय से एसपी आरटीसी चुनार मिर्ज़ापुर, आलोक कुमार शर्मा एएसपी सतर्कता अधिष्ठान से एसपी सतर्कता अधिष्ठान तथा महेश सिंह अत्रि एएसपी पीटीएस मुरादाबाद से एसपी क्षेत्रीय अभिसूचना बरेली बनाए गए हैं।

देश से मादक...

एजेंसियों को नई तकनीक तथा नए तौर-तरीकों को अपनाना होगा। इस अवसर पर शाह ने मादक पदार्थ विरोधी जागरूकता से जुड़े टेलीविजन विज्ञापनों और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की वेबसाइट का शुभारंभ किया। उन्होंने लखनऊ और देहरादून में एनसीबी के क्षेत्रीय परिसरों की आधारशिला भी रखी तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले एएनटीएफ को सम्मानित किया। सम्मेलन में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 36 एएनटीएफ प्रमुख शामिल हुए। सम्मेलन में 'विजन डॉक्यूमेंट 2026-2029' पर भी चर्चा हुई, जिसमें मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लक्ष्य और समयसीमा तय की गई है। शाह ने कहा कि मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई को सरकार के सभी स्तरों और संबंधित एजेंसियों के समन्वित प्रयास से आगे बढ़ाना होगा।

अत्याचार प्रभावितों को समय पर न्याय और सहायता सुनिश्चित करें : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत लंबित मामलों की समयबद्ध विवेचना और विशेष न्यायालयों में विचाराधीन मामलों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अत्याचार से प्रभावित प्रत्येक व्यक्ति को समय पर न्याय, सुरक्षा, सम्मान और उसके अधिकार मिलना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सचिवालय में अधिनियम, 1989 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गठित राज्य स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि समिति की बैठक केवल औपचारिक समीक्षा तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। व्यवस्था को अधिक संवेदनशील,



जवाबदेह और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने वर्ष 2024 से अब तक लंबित विवेचनाओं के कारणों की समीक्षा कर प्राथमिकता के आधार पर उनका निस्तारण करने को कहा। गंभीर और लंबे समय से लंबित मामलों में पुलिस, प्रशासन और अभियोजन विभाग को समन्वय से कार्रवाई करने तथा विशेष न्यायालयों में लंबित मामलों की भी नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। प्रभावी पैरवी के लिए जरूरत के अनुसार विशेष लोक अभियोजकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

धामी ने पीड़ितों को अनुमन्य राहत राशि के भुगतान में देरी नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता के साथ चिकित्सा, शिक्षा, सुरक्षा, पुनर्वास और अन्य पात्र सरकारी योजनाओं से भी जोड़ा जाए। गंभीर मामलों में पीड़ित और उसके परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देने तथा बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिनियम से जुड़े मामलों की विवेचना, न्यायालयीन स्थिति, राहत राशि और अन्य सहायता की निगरानी के लिए डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम विकसित करने को कहा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अधिनियम के प्रावधानों तथा संवेदनशील मामलों की विवेचना और पीड़ितों के साथ व्यवहार को लेकर नियमित प्रशिक्षण देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में कानूनी अधिकारों तथा पीड़ितों को मिलने वाली सहायता के संबंध में जागरूकता अभियान चलाने और पुलिस, समाज कल्याण, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व समेत संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने को कहा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन में लिया हिस्सा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आठ दिवसीय 30वें विश्व आध्यात्मिक सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए सावन कृपाल रूहानी मिशन के प्रमुख संत राजिंदर सिंह जी महाराज से मुलाकात की। किरपाल बाग और संत दर्शन सिंह जी धाम बुराड़ी में आयोजित इस सम्मेलन में रूहानी मिशन के प्रमुख का 80वां जन्मदिवस भी मनाया गया। तेरह सितंबर से शुरू इस आठ दिवसीय आयोजन में दो लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम में भाजपा विधायक अशोक गोयल, विभिन्न धर्मों के आध्यात्मिक नेता और 650 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भी शामिल हुए। समापन कार्यक्रम में ध्यान और आध्यात्मिकता पर विचार-विमर्श के साथ 68वां रक्तदान शिविर, 43वां निशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद सर्जरी शिविर और 23वां वस्त्र वितरण शिविर आयोजित किया गया। सम्मेलन में अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, स्विटजरलैंड, कनाडा और कई अन्य देशों से 650 से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए। समापन अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने ध्यान को भीतर की ओर मोड़ने और ईश्वर से जुड़ने के लिए का मुख्य जरिया बताया। उन्होंने कहा कि भटकाने वाली चीजों से भरी इस दुनिया में हमें ईश्वर से जुड़ने और जीवन के सच्चे मकसद को जानने और ईश्वर को पाने को पूरा करने के लिए अपने भीतर झांकना होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने संत राजिन्दर सिंह जी महाराज को जन्मदिन पर बधाई दी। साथ ही ध्यान, शांति और मानवता की सेवा के प्रति उनके दशकों लंबे समर्पण की सराहना भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके बारे में जितना ज्यादा वह जानती हैं, वह यह है कि इंजीनियरिंग से आध्यात्मिकता तक की उनकी अद्भुत यात्रा प्रभावित करती है। आखिर में माता रीटा और अन्य ने गुरु नानक देव जी महाराज की वाणी से एक भावपूर्ण भजन हम घर साजन आए प्रस्तुत किया।

संक्षिप्त समाचार

बख्तियापुर पुलिस ने आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

सहरसा। बख्तियारपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करीब आठ किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान थाना क्षेत्र के बलुआपार गांव के वार्ड संख्या 12 निवासी उस्मान उद्दीन के 48 वर्षीय पुत्र मु. अफरोज उद्दीन के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके घर की तलाशी के दौरान एक झोले में रखा करीब आठ किलो गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया। पुलिस आरोपित से आवश्यक पूछताछ के बाद मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसडीपीओ निशिकांत भारती ने प्रेसवार्ता में बताया कि बख्तियारपुर थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के बलुआपार वार्ड संख्या 12 में एक व्यक्ति अपने घर में गांजा जैसा मादक पदार्थ छिपाकर रखा हुआ है। सूचना मिलने के बाद तत्काल कार्रवाई करने पर आरोपित को मादक पदार्थ के साथ पकड़े जाने की संभावना जताई गई थी। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में थानाध्यक्ष के अलावा पुअनि अमरजीत कुमार सिंह, राजा कुमार सहित अन्य पुलिस बल को शामिल किया गया। पुलिस टीम बताए गए स्थान पर पहुंची तो पुलिस को देखकर एक व्यक्ति छिपने का प्रयास करने लगा। इस पर पुलिस को संदेह हुआ और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम मु. अफरोज उद्दीन बताया। इसके बाद पुलिस टीम ने उसके घर की विधिवत तलाशी ली। तलाशी के दौरान घर में रखे एक झोले से करीब आठ किलो गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ को जब्त करने के बाद पुलिस ने आरोपित को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ निशिकांत भारती ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ के संबंध में आरोपित से आवश्यक पूछताछ की गई है। पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है। गिरफ्तार आरोपित को मंगलवार को सहरसा न्यायालय भेज दिया गया। प्रेस वार्ता के दौरान बख्तियारपुर थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

पंजाब के 19 जिलों में मेडिको-लीगल विशेषज्ञ नहीं: अविनाश राय खन्ना

चंडीगढ़। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष अविनाश राय खन्ना ने मंगलवार को राज्य के 23 में से 19 जिलों में मेडिको-लीगल विशेषज्ञ चिकित्सकों की कथित कमी को लेकर पंजाब सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल उठाये। श्री खन्ना ने कहा कि फोरेंसिक मेडिसिन विशेषज्ञ पोस्टमार्टम, मृत्यु के कारण का निर्धारण, चोटों की जांच, जहरखुरानी, यौन अपराधों और नशीली दवाओं की अधिक मात्रा से होने वाली मौतों की जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनकी रिपोर्ट पुलिस जांच और न्यायिक कार्यवाही में अहम चिकित्सकीय साक्ष्य होती है।

पितृ पक्ष 26 सितम्बर से, अमावस्या पर बन रहा गजच्छाया योग

हरिद्वार। सनातन धर्म में पितृ पक्ष (श्राद्ध) का विशेष महत्व है। 16 दिनों का यह समय पूरी तरह से हमारे पूर्वजों को समर्पित होता है। मान्यता है कि अगर हमारे पितर खुश हैं, तो जीवन में सुख-शांति और तरक्की बनी रहती है। इस वर्ष श्राद्ध पक्ष में एक तिथि का क्षय है, जिस कारण से पितृ पक्ष 15 दिनों का होगा। पंडित दीपक जोशी के मुताबिक अगर पितृ किसी भी वजह से नाराज हो जाएं तो कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए सनातन धर्मावलम्बियों को श्राद्ध पक्ष में पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण व पिण्डदान अवश्य करना चाहिए। श्री जोशी के मुताबिक पंचांग की गणना के अनुसार, पितृपक्ष का आरंभ 26 सितम्बर से होगा। इस दिन पूर्णिमा तिथि का श्राद्ध होगा। इस बार पितृपक्ष में गजच्छाया योग भी बन रहा है। दरअसल, इस बार 10 अक्टूबर को सूर्य और चंद्रमा दोनों हस्त नक्षत्र में गोचर करेंगे जिससे गजच्छाया योग का निर्माण होगा। इस बार चतुर्थी और पंचमी तिथि का श्राद्ध एक ही दिन होगा। बता दें कि पितृ अमावस के दिन सूर्य और चन्द्रमा हस्त नक्षत्र में संचार करने से गजच्छाया योग बना है। इस योग में श्राद्ध, पितृ-तर्पण व तीर्थस्नान का अत्यधिक माहात्म्य होता है। इस दिन 10 अक्तूबर, शनिवार को यह योग सूर्योदय से सूर्यास्त तक होगा।

भांगला गांव हैलीपेड के लिए 45.40 लाख की स्वीकृति

नई टिहरी। प्रदेश में आधारभूत सुविधाओं के विकास एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने की दिशा में कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल की पहल पर जनपद टिहरी के ग्राम भांगला में हेलीपैड निर्माण के लिए 75.68 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जारी शासनादेश में वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रथम किस्त की धनराशि 45.4 लाख निर्गत कर दिए है। मंत्री उनियाल ने कहा कि प्रदेश के पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। यहां हेलीपैड निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलना क्षेत्र में हेलीपैड संबंधी सुविधाओं के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कहा कि विकास कार्यों को गुणवत्ता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराया जाना आवश्यक है। इसके लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्माण कार्य को आगे बढ़ाना चाहिए। शासनादेश के अनुसार, स्वीकृत धनराशि का उपयोग केवल निर्धारित निर्माण कार्य के लिए किया जाएगा।

मतदाता सूची मे नाम जोड़ने व विलोपन के आवेदनों की जिलाधिकारी ने की सुपर चेकिंग

चमोली। जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव कुमार ने मंगलवार को जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा दर्ज किए गए फॉर्म-6 एवं फॉर्म-7 के आवेदनों की सुपर चेकिंग की। उन्होंने अधिकारियों के साथ आवेदनों की जांच करते हुए निर्देश दिए कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने अथवा नाम विलोपन से संबंधित प्रत्येक प्रकरण का नियमानुसार एवं दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान तक जनपद की तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में फॉर्म-6 के माध्यम से नाम जोड़ने तथा फॉर्म-7 के माध्यम से नाम विलोपन के कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र से 16, कर्णप्रयाग विधानसभा क्षेत्र से 15 तथा थराली विधानसभा क्षेत्र से 05 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी ने सभी प्राप्त आवेदनों की बारीकी से जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आवेदन का निस्तारण निर्धारित नियमों एवं प्रक्रिया के अनुरूप ही किया जाए।

अभाविप ने प्रशासनिक लचरता और छात्र समस्याओं के खिलाफ खोला मोर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भागलपुर। तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय में प्रशासनिक लचरता, ढुलमुल रवैये और छात्र-छात्राओं से जुड़ी मूलभूत समस्याओं के खिलाफ अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है।

मंगलवार को अभाविप के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ रामाशीष पुर्वे से मुलाकात की और छात्रों की गंभीर समस्याओं से संबंधित एक 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा। संगठन ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि अगले 5 दिनों के भीतर इन मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई, तो विश्वविद्यालय में एक बड़ा उग्र आंदोलन खड़ा किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। कुलसचिव को सौंपे गए 12 सूत्री ज्ञापन में विश्वविद्यालय की बदहाल व्यवस्था को सुधारने की मांग की गई है। अभाविप नेताओं ने मुख्य रूप से महिला छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, परिसर में असामाजिक तत्वों के प्रवेश पर रोक लगाने, कैंपस और हॉस्टलों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा नियमित रूप से वर्ग संचालन शुरू करने की मांग उठाई है। इसके अलावा, विभिन्न सत्रों के लंबित परीक्षा परिणामों को जल्द से जल्द घोषित करने और अंक पत्रों की त्रुटियों को दूर करने की प्रक्रिया को सरल बनाने पर भी जोर दिया गया है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे छात्र नेताओं ने कहा कि टीएमबीयू प्रशासन की लापरवाही के कारण आम छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। प्रशासनिक अधिकारी समस्याओं के समाधान के बजाय केवल आश्वासन देने का काम करते हैं। अभाविप ने साफ किया है कि इस बार छात्र आर-पार की लड़ाई के मूड में हैं। यदि 5 दिनों के भीतर 12 सूत्री मांगों पर अमल शुरू नहीं हुआ, तो परिषद के कार्यकर्ता विश्वविद्यालय का चक्का जाम करेंगे और तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने के बाद कुलसचिव ने अभाविप के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि उठाए गए मुद्दे अत्यंत संवेदनशील और छात्रहित से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन इन मांगों पर गंभीरता से विचार कर रहा है और निर्धारित समय सीमा के भीतर उचित कदम उठाए जाएंगे ताकि शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाया जा सके। इस दौरान प्रदेश सह मंत्री कुणाल पांडेय और जिला संयोजक पियूष भरती ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। इस दौरान जिला विस्तारक राजीव रंजन कुमार, विभाग संयोजक सूर्य प्रताप, किशन सोनी, अमन राय, राजा यादव, नीरज भगत और ऋषि महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सहौरा में बाढ़ पीड़ितों के बीच समाजसेवी ने बांटा राशन, सरकार से की स्थायी समाधान की मांग

भागलपुर। जिले के रंगरा प्रखंड क्षेत्र के कौशकीपुर सहौरा पंचायत में बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जन प्रतिनिधियों ने सक्रियता दिखाई है। मंगलवार को पंचायत समिति प्रतिनिधि विनोद सिंह के नेतृत्व में बाढ़ से घिरे करीब 800 से अधिक प्रभावित परिवारों के बीच सूखे राशन की राहत सामग्री का वितरण किया गया। राशन वितरण के दौरान प्रभावित ग्रामीणों को ढाढस बंधाते हुए पंचायत समिति प्रतिनिधि विनोद सिंह ने कहा कि वर्तमान में बाढ़ के कारण क्षेत्र की स्थिति अत्यंत दयनीय बनी हुई है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हर वर्ष इस क्षेत्र की एक बड़ी आबादी को बाढ़ और भीषण कटाव की विभीषिका झेलनी पड़ती है, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता है। विनोद सिंह ने प्रशासन और राज्य सरकार से अपील करते हुए मांग की है कि इस क्षेत्र को हर साल तबाही से बचाने के लिए बाढ़ और कटाव का कोई स्थायी व ठोस तकनीकी समाधान निकाला जाए, ताकि ग्रामीणों को इस सालाना संकट से हमेशा के लिए मुक्ति मिल सके।

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का एक आरोपित मुठभेड़ में घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के कालकाजी मंदिर के पास स्थित आस्था कुंज पार्क में किशोरी से तीन युवकों द्वारा कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि तीनों युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताकर किशोरी और उसके दोस्त को पार्क के गेट नंबर सात के पास रोका और दोनों को अलग कर दिया। इसके बाद किशोरी को पार्क के सुनसान हिस्से में ले जाया गया, जहां एक आरोपित आसिफ ने पिस्टल और चाकू दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसके दो साथियों ने भी किशोरी के साथ यौन अपराध किया। पुलिस ने मामले में आसिफ को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 8:45 बजे पीसीआर को कालकाजी मंदिर के पास दुष्कर्म की सूचना मिली। सूचना मिलते ही अमर कॉलोनी थाने के एसएचओ पुलिस टीम के साथ आस्था कुंज पार्क पहुंचे। वहां किशोरी अपने दोस्त के साथ मिली। किशोरी के बयान के अनुसार, दोनों शाम करीब सात बजे कालकाजी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। इसके बाद वे आस्था कुंज पार्क में गेट नंबर सात से दाखिल हुए। किशोरी ने पुलिस को बताया कि पार्क में तीन युवकों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और उसे उसके दोस्त से अलग कर दिया। आरोप है कि इसके बाद वे उसे पार्क के सुनसान हिस्से में ले गए। वहां आसिफ ने हथियार और चाकू दिखाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, जबकि उसके दो साथियों ने भी उसके साथ यौन अपराध किया। घटना के बाद आरोपितों ने किशोरी और उसके दोस्त को किसी को जानकारी देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। पुलिस ने किशोरी की एम्स में चिकित्सकीय जांच कराई। मौके पर अपराध टीम और एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। किशोरी के बयान के आधार पर अमर कॉलोनी थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गईं। इसी दौरान दक्षिण-पूर्वी जिले की स्पेशल स्टाफ टीम को सूचना मिली कि आसिफ अमर कॉलोनी में डीएम कार्यालय रोड के पास आने वाला है।

नकोदर में 'युद्ध नशे के विरुद्ध' के तहत पुलिस का बड़ा एक्शन, 17 केस दर्ज, 20 गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जालंधर। 'युद्ध नशे के विरुद्ध' मुहिम के तहत जालंधर ग्रामीण पुलिस ने सब-डिवीजन नकोदर में विशेष कासो (कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन) चलाकर नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। यह अभियान एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क के नेतृत्व में तथा डीएसपी नकोदर ओंकार सिंह बराड़ और डीएसपी ट्रैफिक मनजीत सिंह की निगरानी में चलाया गया। पुलिस टीमों ने नशा प्रभावित इलाकों, हॉटस्पॉट, खाली मकानों, सुनसान जगहों और अन्य संदिग्ध स्थानों की गहन तलाशी ली। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और वाहनों की चेकिंग भी की गई। विशेष अभियान के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 16 केस दर्ज कर 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं आबकारी एक्ट के तहत 1 केस दर्ज कर 1 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस तरह कुल 17 केस दर्ज कर 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना वार कार्रवाई में थाना सदर नकोदर में 6 एफआईआर में 7 गिरफ्तार, थाना सिटी नकोदर में 6 एफआईआर दर्ज कर में 8 गिरफ्तार और थाना नूरमहल में 4 एफआईआर दर्ज कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अभियान के दौरान 308.15 ग्राम हेरोइन, 443 नशीली गोलियां, 53 बिना लेबल वाले इंजेक्शन और 1 किलो चूरा-पोस्त बरामद किया गया। इसके अलावा 22 बोतल शराब, .32 बोर पिस्तौल, 2 मैगजीन, 1 जिंदा कारतूस, 41,000 रुपए की भारतीय मुद्रा और 1 आई-20 कार भी बरामद की गई। एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क ने कहा कि नशे की बिक्री, सप्लाई और तस्करी में

अवैध बालू लदे दो ओवरलोड ट्रैक्टर जब्त, दबंगों और जनप्रतिनिधियों की मिलीभगत का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र के हबीबपुर चौक पर लंबे समय से कथित रूप से चल रहे अवैध बालू कारोबार के खिलाफ खनन विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की है। खनन विभाग की विशेष टीम ने मंगलवार अहले सुबह गुप्त सूचना के आधार पर हबीबपुर चौक पर अचानक छापामारी की। इस कार्रवाई के दौरान टीम ने अवैध रूप से ओवरलोड बालू लदे दो ट्रैक्टरों को मौके से जब्त कर लिया। विभाग की इस औचक कार्रवाई से इलाके के बालू माफियाओं और अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। ट्रैक्टरों को जब्त करने के बाद विभाग ने आगे की कड़ी कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि हबीबपुर चौक पर यह अवैध बालू का कारोबार पिछले काफी समय से सरेआम फल-फूल रहा था। ग्रामीणों का यह भी गंभीर दावा है कि इस पूरे खेल के पीछे कुछ रसूखदार स्थानीय जनप्रतिनिधियों और दबंग लोगों की कथित मिलीभगत और संरक्षण है, जिसके कारण प्रशासन की नाक के नीचे यह धंधा बिना किसी डर के चल रहा था। इस कार्रवाई के बाद अब यह बड़ा सवाल उठ रहा है कि आखिर इतने लंबे समय से मुख्य चौक पर चल रहे इस अवैध बालू बाजार पर स्थानीय पुलिस की नजर क्यों नहीं पड़ी। मामले की पुष्टि करते हुए जिला खनन पदाधिकारी ने कहा कि हबीबपुर चौक पर अवैध बालू के परिवहन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। हमारी टीम ने अहले सुबह विशेष अभियान चलाकर दो ओवरलोड बालू लदे ट्रैक्टरों को जब्त किया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ भारी जुर्माना लगाने के साथ-साथ प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। इस अवैध कारोबार में स्थानीय दबंगों या किसी भी स्तर पर मिलीभगत की जो बातें सामने आ रही हैं, उसकी भी गहन जांच की जाएगी। क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन को पूरी तरह रोकने के लिए विभाग का यह सख्त अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

भागलपुर में गंगा से गाद हटाने की तैयारी, गांगेय डॉल्फिन के आशियाने पर मंडराया संकट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। इस वर्ष बाढ़ की विभीषिका झेलने के बाद भागलपुर के ध्वस्त तटबंधों के सामने गंगा नदी में जमा बालू और गाद (सिल्ट) को हटाने के लिए ड्रेजिंग की तैयारी शुरू हो गई है। दावा है कि नदी की तलहटी साफ होने से जलप्रवाह बेहतर होगा और बाढ़-कटाव से राहत मिलेगी लेकिन, गंगा जैसी जीवंत नदी में बड़े पैमाने पर ड्रेजिंग केवल एक तकनीकी कवायद नहीं है। पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस कदम से राष्ट्रीय जलीय जीव गांगेय डॉल्फिन और अन्य जलीय प्रजातियों के पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर संकट मंडरा सकता है। उल्लेखनीय है कि भागलपुर का सुल्तानगंज से कहलगांव तक का क्षेत्र 'विक्रमशिला गांगेय डॉल्फिन अभयारण्य' के रूप में संरक्षित है। ड्रेजिंग के कारण



नदी के शांत पर्यावरण में भारी मशीनों का शोर गूंजेगा। चूंकि डॉल्फिन देख नहीं सकतीं और दिशा व शिकार के लिए पूरी तरह 'इकोलोकेशन' (ध्वनि तरंगों) पर निर्भर करती हैं, इसलिए मशीनों की तेज आवाज उन्हें भ्रमित और तनावग्रस्त कर देगी। इसके अलावा, तलहटी से गाद निकालने के कारण पानी अत्यधिक मटमैला हो जाएगा, जिससे पानी में ऑक्सीजन का स्तर घटेगा और डॉल्फिन समेत कई मछलियों का दम घुटने लगेगा। नदी की तलहटी में जमा गाद और बालू कई जलीय जीवों और छोटी मछलियों का प्राकृतिक आवास होते हैं, जो डॉल्फिन का मुख्य भोजन हैं। ड्रेजिंग से यह पूरा खाद्य जाल नष्ट हो सकता है। जानकारों का कहना है कि पूर्व में कहलगांव-पीरपैंती के रानी दियारा में हुए ड्रेजिंग प्रयोग के बाद नदी की धारा बदलने से भारी कटाव हुआ था और ग्रामीणों के विरोध के बाद काम रोकना पड़ा था। नदी अपनी प्रकृति के अनुसार खाली जगह को फिर से भरने की कोशिश करती है, जिससे यह समस्या का स्थायी समाधान नहीं है। पर्यावरणविद् दीपक कुमार का सवाल है कि क्या इस ड्रेजिंग को शुरू करने से पहले डॉल्फिन के संरक्षण और नदी की बदलती धारा पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों का पर्याप्त वैज्ञानिक आकलन किया गया है? ड्रेजिंग से तात्कालिक रूप से किसी एक इलाके को बाढ़ से राहत मिल सकती है, लेकिन उचित प्रबंधन के बिना यह दूसरे तटों पर कटाव का नया खतरा पैदा कर सकती है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063